आज का तापमान
अधिकतम | न्यूनतम
लखनऊ 34°C 28°C

इनसाइड न्यूज
त्योहारों से पहले जल निगम के कार्यों की समीक्षा
उत्तर प्रदेश पेज : 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

बुधवार 10 सितंबर, 2025 / पेज : 12 / मूल्य : ₹ 3.00/- लखनऊ वर्ष : 16, अंक : 324 www.janexpresslive.com/epaper



कैबिनेट में सीएम नीतीश ने 25 प्रस्तावों... 12

## आगजनी, पथराव और तोड़फोड़, दूसरे दिन भी जारी

# हिंसा की आग में नेपाल

नेपाल में हिंसक प्रदर्शन के बीच पीएम ओली का इस्तीफा, वित मंत्री और पूर्व पीएम शेर बहादुर को प्रदर्शनकारियों ने पीटा, राष्ट्रपति, गृहमंत्री के घर जलाए

- नेपाल के पूर्व पीएम झलनाथ खनाल की पत्नी को जिंदा जलाया, कांतिपुर टीवी मुख्यालय में लगाई आग

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। काठमांडू

नेपाल में हिंसक प्रदर्शनों से हालात बिगड़ गए हैं। प्रदर्शनकारियों ने संसद, पीएम, राष्ट्रपति के निजी आवास में आग लगा दी और सुरक्षा बलों से उनके हथियार छीन लिए। उन्होंने 2 पूर्व पीएम के घर पर हमला भी बोला। पूर्व पीएम झालानाथ खनाल के घर में आग लगा दी। इसमें उनकी पत्नी राजलक्ष्मी चित्रकार गंभीर रूप से जल गईं। उन्हें तुरंत कीर्तिपुर बर्न अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। उधर, पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा को उनके घर में घुसकर पीटा, जबकि वित्त मंत्री विष्णु पौडेल को काठमांडू में उनके घर के पास दौड़ा-दौड़ाकर मारा गया। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में एक प्रदर्शनकारी उनके सीने पर लात मारते हुए दिख रहा है। देश में जारी हिंसक हिंसक घटनाओं के बीच प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने पद से इस्तीफा दे दिया। सेना का एक हेलिकॉप्टर उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले गया है। राजधानी काठमांडू और आसपास के इलाकों में झड़पों और आगजनी में अब तक 22 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि 400 से ज्यादा लोग घायल हैं।





### पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा को जनता ने पीटा

प्रदर्शनकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री और नेपाली कांग्रेस अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी आरजू राणा देउबा पर हमला किया। गुस्साए युवाओं ने सिंह दरबार परिसर, संसद भवन और कई बड़े नेताओं के घरों पर धावा बोला और आगजनी व तोड़फोड़ की। इसके अलावा पार्टी दफ्तरों और पुलिस थानों पर भी हमला किया गया। नेपाल की राजधानी काठमांडू में तीन प्रमुख इमारतें (संसद, सिंह दरबार और सर्वोच्च न्यायालय) अब पूरी तरह से प्रदर्शनकारियों के नियंत्रण में आ गई हैं। सिंह दरबार में मंत्रियों के दफ्तर हैं। सेना ने वहां से मंत्रियों को सुरक्षित निकालने के लिए ऑपरेशन चलाया।

### पीएम ओली ने इस्तीफे में क्या लिखा

प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने राष्ट्रपति को सौंपे अपने त्यागपत्र में लिखा है कि उन्होंने देश में पैदा हुए असामान्य परिस्थितियों के कारण इस्तीफा दिया है। उन्होंने जो त्यागपत्र दिया है, उसमें लिखा है- देश में व्याप्त वर्तमान असामान्य स्थिति को देखते हुए, मैंने संविधान के अनुच्छेद 77 (1) (ए) के अनुसार, आज से प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है, ताकि संविधान के अनुसार राजनीतिक समाधान और समस्या समाधान की दिशा में आगे कदम उठाया जा सके।

### रबि लामिछाने जेल से रिहा

राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रबी लामिछाने को मंगलवार दोपहर नक्खू जेल में प्रदर्शनकारियों से बात करने के लिए बाहर लाया गया है। यह भी बताया गया है कि उन्हें अन्य कैदियों की सुरक्षा के लिए रिहा किया गया है। सहकारी बचत घोटाले के आरोप में लामिछाने जेल में बंद थे। आरएसपी के केंद्रीय सदस्य क्रांतिशिखा धीतल द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो में भीड़ को संबोधित करते दिख रहे हैं।

### भीड़ ने पूर्व प्रधानमंत्री झलनाथ खनाल की पत्नी को जिंदा जलाया, मौत

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री झलनाथ खनाल की पत्नी राज्यलक्ष्मी चित्रकार की मौत हो गई है। उन्हें कथित तौर पर उनके घर में आग लगाकर जिंदा जला दिया गया था। यह घटना डल्लू स्थित उनके आवास पर हुई।

### एअर इंडिया ने दिल्ली से काठमांडू की फ्लाइट्स रद्द की

नेपाल में दूसरे दिन भी जारी विरोध प्रदर्शन के बीच एअर इंडिया ने मंगलवार को दिल्ली से काठमांडू और वापस दिल्ली आने वाली कई फ्लाइट्स रद्द कर दीं। रद्द फ्लाइट्स में एआई2231/2232, एआई2219/2220, एआई217/218 और एआई211/212 शामिल हैं। आज ये फ्लाइट्स नहीं चलेंगी। एअर इंडिया के एक अधिकारी ने कहा- काठमांडू के खराब हालात की वजह से हमने ये फ्लाइट्स रद्द की हैं। हम हालात पर नजर रख रहे हैं और जल्दी ही नई जानकारी देंगे। हमारे यात्रियों और स्टाफ की सुरक्षा सबसे जरूरी है।

### भारत सरकार ने नागरिकों को नेपाल न जाने की सलाह दी

नेपाल में जारी हिंसक प्रदर्शनों की वजह से भारतीय विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को नेपाल जाने से बचने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि जब तक हालात नॉर्मल न हो जाए, नेपाल जाने से बचें। जो भारतीय नागरिक अभी नेपाल में हैं, उन्हें अपने मौजूदा ठिकाने पर ही रहना चाहिए। सड़कों पर न निकलें और पूरी सावधानी बरतें। साथ ही, नेपाल की लोकल अथॉरिटीज और काठमांडू में भारतीय दूतावास की सलाह का पालन करें। अगर किसी मदद की जरूरत हो, तो काठमांडू में भारतीय दूतावास के हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें : +977 – 980 860 2881+977 – 981 032 6134।

### नेपाल में अब तक 22 लोगों की मौत

नेपाल की राजधानी काठमांडू में कलिमाटी इलाके में पुलिस की गोलीबारी से दो युवा प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई। इन विरोध प्रदर्शनों में अब तक 22 लोग मारे जा चुके हैं घटना तब हुई जब प्रदर्शनकारियों ने लोकल पुलिस सर्कल पर आग लगा दी और अफसरों पर हमला किया। इसके जवाब में सुरक्षाबल ने गोली चलाई। नेपाल में राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के अध्यक्ष रबि लामिछाने को ललितपुर की नक्खू जेल से रिहा कर दिया गया। उन्हें धोखाधड़ी के एक मामले में पुलिस ने 18 अक्टूबर 2024 को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। रिपोर्ट के मुताबिक जेल प्रशासन ने कहा कि वे उनकी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकते, जिसके बाद उनकी पत्नी निकिता पौडेल ने व्यक्तिगत तौर पर जिम्मेदारी लेते हुए उन्हें जेल से बाहर निकाला।

# सीपी राधाकृष्णन देश के 15वें उपराष्ट्रपति होंगे



- विपक्षी गठबंधन इंडिया के उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट मिले
- उपराष्ट्रपति चुनाव में कुल 98 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन देश के नए उपराष्ट्रपति निर्वाचित हुए हैं। आज हुए मतदान में सीपी राधाकृष्णन को कुल 452 वोट मिले। वहीं विपक्षी गठबंधन इंडिया के उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट मिले। राधाकृष्णन ने 152 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। उपराष्ट्रपति चुनाव में हार के बाद बी सुदर्शन रेड्डी ने कहा, मैं नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन को उनके कार्यकाल की शुरुआत के लिए शुभकामनाएं देता हूं। हालांकि परिणाम मेरे पक्ष में नहीं है, फिर भी वैचारिक लड़ाई और अधिक जोश के साथ जारी रहेगी। उपराष्ट्रपति चुनाव में कुल 98 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। शाम पांच बजे मतदान समाप्त होने के एक घंटे बाद छह बजे मतगणना प्रारंभ हुई। मतगणना समाप्त होने के बाद आज देर शाम नतीजे घोषित किए गए। जिसमें एनडीए उम्मीदवार को कुल 452 वोट मिले। जबकि विपक्ष के उम्मीदवार को 300 वोट मिले। उपराष्ट्रपति चुनाव में कुल 767 वोट डाले गए। जिनमें से 752 वैध और 15 अवैध थे। कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार के पक्ष में 315 सांसदों के मतदान का दावा किया था। वहीं बीआरएस और बीजेडी ने चुनाव में भाग नहीं लिया, जबकि राज्यसभा में बीआरएस के चार और बीजेडी के सात सांसद हैं। वहीं अकाली दल के सांसद ने बाढ़ के चलते मतदान में हिस्सा लेने से मना कर दिया था। पूर्व प्रधानमंत्री, 92 वर्षीय देवेगौड़ा व्हीलचेयर पर मतदान केंद्र पहुंचे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे हाथों में हाथ डाले मतदान केंद्र तक जाते देखे गए। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार, एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी और कई अन्य नेताओं ने भी मतदान किया। जेल में बंद सांसद इंजीनियर रशीद ने भी मतदान में हिस्सा लिया।

### पीएम मोदी ने किया सबसे पहले मतदान

प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले मतदान किया। मोदी ने केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू, अर्जुन राम मेघवाल, जितेंद्र सिंह और एल. मुरुगन के साथ संसद भवन के कमरा संख्या 101, वसुधा में स्थापित मतदान केंद्र में अपना वोट डाला। शुरुआत में मतदान करने वालों में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा, समाजवादी पार्टी के नेता राम गोपाल यादव, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश और सैयद नासिर हुसैन शामिल थे।

### 'उम्मीद है नए उपराष्ट्रपति दबाव में काम नहीं करेंगे'

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- यह एक चुनाव से कहीं बढ़कर था, यह विचारधारा की लड़ाई थी। हमें उम्मीद है कि नए निर्वाचित उपराष्ट्रपति संसदीय परंपराओं के मूल्यों को बनाए रखेंगे। विपक्ष के लिए समान स्थान और सम्मान सुनिश्चित करेंगे, और सत्ताधारी दल के दबाव में नहीं आएंगे।

### दक्षिण भारत से थे दोनों उम्मीदवार

संसद के हालिया मानसून सत्र के दौरान जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था, हालांकि उनका कार्यकाल दो साल बचा हुआ था। उनके इस्तीफे के कारण यह चुनाव हुआ। इस बार दोनों उम्मीदवार दक्षिण भारत से हैं। राधाकृष्णन तमिलनाडु से जबकि रेड्डी तेलंगाना से हैं।

### राधाकृष्णन को 2023 में झारखंड का राज्यपाल बनाया गया था

उप राष्ट्रपति पद के राजग उम्मीदवार राधाकृष्णन तमिलनाडु की एक प्रमुख ओबीसी जाति गौंडर से आते हैं और आरएसएस की पृष्ठभूमि वाले हैं। राधाकृष्णन को 2023 में झारखंड का राज्यपाल बनाया गया था और फिर जुलाई 2024 में उन्हें महाराष्ट्र स्थानांतरित कर दिया गया था। अपने पूर्ववर्ती धनखड़ के विपरीत, राधाकृष्णन ने राज्यपाल के रूप में विवादास्पद राजनीतिक मुद्दों पर सार्वजनिक रूप से टिप्पणी करने से काफी हद तक परहेज किया है। वह 1998 में कोयंबटूर से पहली बार लोकसभा के लिए चुने गए और 1999 में फिर से इस सीट से लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए थे।

## धराली आपदा के 35 दिन बाद फिर गूंजे जय गंगे के जयकारे

- गंगोत्री धाम यात्रा बहाल, शटल सेवा से 24 वाहनों में पहुंचे 170 श्रद्धालु

जन एक्सप्रेस। उत्तरकाशी/देहरादून

धराली क्षेत्र में आई आपदा के 35 दिन बाद गंगोत्री धाम एक बार फिर श्रद्धालुओं की आस्था से गुलजार हो उठा। मंगलवार को जनपद मुख्यालय उत्तरकाशी में रुके हुए यात्रियों को शटल सेवा के जरिए 24 वाहनों में गंगोत्री धाम भेजा गया, जहां सभी श्रद्धालुओं ने मां गंगा के दर्शन कर गंगाजल संग्रह किया। गंगोत्री हाईवे बार-बार अवरुद्ध होने की वजह से पिछले तीन दिन तक यात्रा शुरू नहीं हो पाई थी। लेकिन मंगलवार को मौसम अनुकूल होते ही प्रशासन ने शटल सेवा से यात्रा का संचालन शुरू कर दिया। गुजरात, पश्चिम बंगाल और दक्षिण भारत से पहुंचे 170 श्रद्धालुओं ने सुरक्षित यात्रा करते हुए दर्शन किए और जनपद मुख्यालय लौट आए। गंगोत्री धाम के व्यापारी सतपाल पंवार ने बताया कि यात्रा के दोबारा शुरुआत से व्यवसायिक गतिविधियों में उम्मीद की लौ जगी है। अभी धाम में तीन से चार दुकानें ही खुली हैं, लेकिन यात्रियों की संख्या बढ़ने पर जल्द ही ढाबे, लॉज और दुकानें फिर से खुलने लगेंगी।

### 11-12 सितंबर की बुकिंग से उत्साह

जिला होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेंद्र मट्ठा ने कहा कि यात्रा शुरू होने से चारधाम यात्रा से जुड़े कारोबारियों में नई ऊर्जा आई है। 11 और 12 सितंबर को यात्रियों की अच्छी बुकिंग है। प्रशासन के निर्देशानुसार फिलहाल यात्रा शटल सेवा के माध्यम से ही संचालित की जाएगी।

### यमुनोत्री मार्ग अब भी बंद

इस बीच यमुनोत्री हाईवे लगातार 17वें दिन भी बंद रहा। रास्ता बंद होने के कारण खरसाली गांव से एक गर्भवती महिला को एयर लिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश भेजा गया।

## नेपाल जल रहा है, कंचनपुर में कर्फ्यू, उत्तराखंड सीमा पर अलर्ट

- भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया बैन के खिलाफ भड़की आगजनी, संसद तक पहुंचा जन आक्रोश

जन एक्सप्रेस। बनबसा/पिथौरागढ़

भारत की सीमा से लगे नेपाल के कंचनपुर जिले में हालात बेकाबू हो गए हैं। भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के खिलाफ नेपाल में भड़के जनाक्रोश ने सोमवार को विकराल रूप ले लिया। राजधानी काठमांडू से लेकर सीमाई जिलों तक तोड़फोड़, आगजनी और हिंसा की घटनाएं हुईं। कंचनपुर जिले में बवाल के बाद कर्फ्यू लागू कर दिया गया है, वहीं नेपाल की संसद और सुप्रीम कोर्ट को भी उपद्रवियों ने आग के हवाले कर दिया। उत्तराखंड की सीमा से सटे इलाकों में सुरक्षा अलर्ट जारी कर दिया गया है। उग्र विरोध प्रदर्शन के चलते नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने मंगलवार को अपने पद से त्यागपत्र दे दिया। सोमवार को शुरू हुए विरोध में देखते ही देखते देशभर में हिंसा फैल गई। दर्जनों प्रदर्शनकारी पुलिस कार्रवाई में मारे गए और 350 से अधिक घायल हो गए हैं।

### भारत-नेपाल सीमा पर तैनाती सख्त, हालात पर कड़ी नजर

सूत्रों के मुताबिक, नेपाल से लगी उत्तराखंड सीमा पर अभी हालात शांतिपूर्ण हैं। सुरक्षा बलों ने बॉर्डर इलाकों में सतर्कता बढ़ा दी है और सभी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। कोई अप्रिय घटना न हो, इसके लिए संपूर्ण सीमा क्षेत्र को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

### बिगड़ते हालात में भारत भी सतर्क, सीमावर्ती जिलों में चौकसी

उत्तराखंड प्रशासन भी नेपाल के हालात को देखते हुए संवेदनशील सीमाई क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरत रहा है। हालांकि अभी भारतीय सीमा क्षेत्र में शांति है, लेकिन संभावित लहर को रोकने के लिए सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह मुस्तैद हैं।

### कंचनपुर में सड़कों पर उतरे युवा, फूंका आक्रोश

नेपाल के कंचनपुर जिले, जो कि उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जनपद की सीमा से सटा है, वहां भी हालात तेजी से बिगड़े। बनबसा के पास कंचनपुर बाजार में सैकड़ों युवा सड़कों पर उतर आए और नेपाल सरकार के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन किया। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए नेपाल पुलिस और आर्म्ड फोर्स की भारी तैनाती की गई है। इलाके में तनाव व्याप्त है, पर प्रशासन स्थिति संभालने में जुटा है।

### आंदोलन की चिंगारी से संसद तक धधकी आग

नेपाल में शुरू हुआ यह आंदोलन अब सरकार विरोधी जनक्रांति का रूप ले चुका है। सरकार की नीतियों, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और इंटरनेट व सोशल मीडिया पर लगाए गए नियंत्रण के खिलाफ आमजन खासकर युवा वर्ग आक्रोशित होकर सड़कों पर उतर आया है। नेपाल में जारी हिंसा का सीधा असर उत्तराखंड सीमा क्षेत्र पर पड़ सकता है, इसीलिए बनबसा, झूलाघाट, धारचूला, गौरीफंटा जैसे बॉर्डर प्वाइंट्स पर चौकसी और गश्त बढ़ा दी गई है।

# बस्ती की धरती पर शिक्षा का शंखनाद, मुख्यमंत्री योगी ने रखी नींव

- बस्ती में विकास का शंखनाद, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ऐतिहासिक दौरा

जन एक्सप्रेस। बस्ती

उत्तर प्रदेश की राजनीति और विकास यात्रा में मंगलवार का दिन बस्ती के लिए, इतिहास रचने जैसा रहा। जब प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले की धरती पर कदम रखा, तो माहौल केवल एक सरकारी कार्यक्रम का नहीं, बल्कि एक जनोत्सव का प्रतीक बन गया। सुबह से ही बसवा क्षेत्र और उसके आसपास का इलाका जनसैलाब से गूंजने लगा। लोग अपनी-अपनी जगह से निकलकर इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने के लिए पहुँचे। स्कूल के बच्चे रंग-बिरंगे परिधानों में हाथों में झंडियाँ लिए मुख्यमंत्री का इंतज़ार कर रहे थे, वहीं महिलाओं और बुज़ुर्गों की भीड़ भी यह देखने को उत्सुक थी कि प्रदेश का नेतृत्व करने वाला संत-मुख्यमंत्री अपने जिले में कौन-सा नया संदेश लेकर आता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बस्ती आगमन केवल औपचारिकता भर नहीं था। यह दौरा शिक्षा, विकास और आत्मनिर्भरता के संकल्प का प्रतीक था। कार्यक्रम का केंद्र बिंदु रहा विद्या भारती के नए विद्यालय का भूमि पूजन, लेकिन इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री के शब्दों और उपस्थिति ने बस्ती और आसपास के ज़िलों को यह भरोसा भी दिलाया कि प्रदेश सरकार उनके विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। उनका मंच से दिया गया संदेश–"बीमारू यूपी अब देश का विकास इंजन है"–न केवल भीड़ में बैठे लोगों के मन में उत्साह जगाने वाला था, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए आत्मगौरव का क्षण भी बन गया। मुख्यमंत्री के आगमन से पहले प्रशासन की हलचल देखने लायक थी। जिले में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए तीन स्तर की सुरक्षा कवच तैयार की गई थी। पुलिस, पीएसी और विशेष सुरक्षा बलों की तैनाती ने यह सुनिश्चित कर दिया था कि मुख्यमंत्री का दौरा पूरी तरह सुरक्षित और व्यवस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारी लगातार कार्यक्रम स्थल की समीक्षा करते रहे। एसपी ओमप्रकाश सिंह, एसपी अभिनंदन और सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी ने मिनट दर मिनट तैयारियों की जाँच की। वहीं, आयोजन स्थल पर हेलीपैड का निर्माण, पार्किंग व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन की रणनीति यह साबित कर रही थी कि यह दौरा केवल औपचारिक नहीं बल्कि अत्यधिक महत्व वाला है। जनता के उत्साह और सरकार की प्राथमिकताओं का संगम इस दौर को ऐतिहासिक बना गया। मुख्यमंत्री ने न केवल भूमि पूजन कर विद्यालय निर्माण की नींव रखी, बल्कि लोगों को यह भरोसा भी दिलाया कि शिक्षा के क्षेत्र में बस्ती अब पीछे नहीं रहेगा। उनके भाषण में अतीत की झलक, वर्तमान की ऊर्जा और भविष्य की आशा तीनों मौजूद थीं। जब उन्होंने कहा कि "चार सौ वर्ष पहले भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे मजबूत थी और उसकी जड़ें हमारी शिक्षा और संस्कृति में थीं, तो यह बात सुनकर हर किसी की आँखों में गर्व की चमक दिखाई दी। यह दौरा बस्ती के लिए केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि आने वाले समय की दिशा तय करने वाला मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री योगी का यह संदेश साफ था कि बस्ती अब सिर्फ पूर्वांचल का जिला नहीं रहेगा, बल्कि विकास की धुरी बनेगा।



### 'बीमारू यूपी अब विकास का इंजन'

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने भाषण में राज्य की बदलती तस्वीर पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि कभी जिसे 'बीमारू प्रदेश' कहा जाता था, आज वही उत्तर प्रदेश देश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाला इंजन बन चुका है। उन्होंने गिनाया कि निवेशकों का रुझान लगातार यूपी की ओर बढ़ रहा है। सड़क, बिजली और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में बड़े बदलाव हुए हैं। कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है और अपराधियों में कानून का भय पैदा हुआ है। योगी ने कहा कि बस्ती जैसे जिलों का विकास इस यात्रा की सबसे बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि असली बदलाव वहीं से शुरू होता है जहाँ पहले पिछड़ेपन की छवि हुआ करती थी।

### भूमि पूजन से शिक्षा की नई शुरुआत

मुख्यमंत्री का मुख्य कार्यक्रम था विद्या भारती विद्यालय का भूमि पूजन। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुए इस अनुष्ठान में मुख्यमंत्री ने नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि बस्ती की धरती अब शिक्षा और संस्कृति का केंद्र बनेगी। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश का असली विकास तभी संभव है जब शिक्षा मजबूत होगी। उन्होंने याद दिलाया कि चार सौ वर्ष पहले भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था और उसकी नींव शिक्षा और संस्कारों में ही थी। कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोगों ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताया। ग्रामीणों ने कहा कि यह विद्यालय बनने से उनके बच्चों को बड़े शहरों में पढ़ाई के लिए पलायन नहीं करना पड़ेगा।

### जनता का उत्साह और भविष्य की उम्मीदें

कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ ने बार-बार योगी-योगी के नारे लगाए। बच्चे हाथों में तिरंगा और भाजपा के झंडे लहराते दिखे। महिलाएँ भी बड़ी संख्या में उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री ने जनता का अभिवादन करते हुए कहा कि उनकी सरकार केवल बड़े शहरों के लिए नहीं, बल्कि गाँव और कस्बों के विकास के लिए संकल्पित है। उन्होंने संकेत दिया कि आने वाले समय में बस्ती और आसपास के इलाकों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और उद्योग से जुड़े नए प्रोजेक्ट शुरू किए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह दौरा महज़ एक सरकारी यात्रा नहीं था, बल्कि जनता के लिए नई उम्मीद और आत्मगौरव का संदेश था। विद्या भारती विद्यालय के भूमि पूजन ने शिक्षा की नींव रखी और उनके भाषण ने विकास का खाका खींचा। बस्ती की जनता के लिए यह दिन यादगार रहेगा, क्योंकि उन्होंने अपनी आँखों से उस क्षण को देखा जब उनके जिले को नई पहचान दिलाने का संकल्प लिया गया। मुख्यमंत्री का यह संदेश साफ था कि अब बस्ती पिछड़ेपन का प्रतीक नहीं, बल्कि पूर्वांचल की प्रगति का केंद्र बनेगा।

# सदस्यों को नहीं है घास, विपक्ष खा रहे चवनप्राश!

## जिला पंचायत की बोर्ड बैठक में सदस्य व भाजपा के सभी नेता गायब, विपक्ष के साथ बोर्ड बैठक संपन्न

- परत दर परत भ्रष्टाचार की पोल खुलने के बाद भी नहीं हो रही कार्यवाही
- भ्रष्टाचार और विपक्ष के चक्कर में भाजपा की जिला इकाई की करा रहे छीछा लेदर
- सोसल मीडिया में वायरल हुईं जिला पंचायत की बोर्ड बैठक
- जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल का नया कार्यनामा

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

जैसा कि आप लोगों को विदित हो कि **जन एक्सप्रेस** की टीम जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल के भ्रष्टाचार की खबरों को पहले ही प्रकाशित कर चुकी है। **लेकिन जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल का प्रतिदिन एक नया कारनामा सामने आ रहा है।**



अभी कुछ दिनों पूर्व ठेकेदारों ने जिला पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोल टेंडरों में भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाया था।

लेकिन ज्यादा दिन नहीं बीते की दिनांक 08 सितम्बर को सोशल मीडिया में जिला पंचायत अध्यक्ष की बोर्ड बैठक की आलोचनाओं व जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल द्वारा की गयी बोर्ड बैठक को अवैध ठहराया गया है। और सोशल मीडिया में यह भी बताया गया है कि ये बोर्ड बैठक सिर्फ जिला पंचायत में भ्रष्टाचार के फैलावे के लिए हो रही है।

ताकि जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल जिला पंचायत के वित्त कोष को ज्यादा से ज्यादा हड़प सकें।तभी तो जिले में भाजपा के मंत्री व दो-दो के विधायक,आठ ब्लाकों के सभी ब्लाक प्रमुख और आठों जिला पंचायत सदस्य कोई भी इस बोर्ड बैठक में नहीं गया।

बोर्ड बैठक में सिर्फ सपा के विधायक विशंभर यादव मौजूद रहे। जिला पंचायत सदस्यों ने जिला पंचायत अध्यक्ष के ऊपर सपा में शामिल हो भाजपा में भितरघात करने का आरोप लगाया है। जो सोसल मीडिया में वायरल है। लेकिन जिला पंचायत अध्यक्ष के भ्रष्टाचार की पोल दर पोल खुलने के बाद भी आज तक सरकार या पार्टी वित्तीय पावर नही जब्त कर पायी। जिससे **यहां की जनता में सरकार का गलत प्रभाव व संदेश फैल रहा है।**

# ग्राम पंचायत ऐला में भ्रष्टाचार और अवैध वसूली का आरोप

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



जिले के ग्राम पंचायत ऐला, ब्लॉक महुआ, तहसील नरैनी के निवासियों ने ग्राम प्रधान शांति देवी, पंचायत मित्र विष्णु, सचिव रोहित पटेल और एडीओ पंचायत केदार नाथ पर विकास कार्यों में भ्रष्टाचार और गरीबों को आवास आवंटन में अवैध वसूली का गंभीर आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन को एक आवेदन सौंपकर मामले की जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

आवेदन में ग्रामीणों राजू, बलदेव, अशोक कुमार, रामप्रसाद, राजाराम, अवधेश, प्रवेंद्र कुमार और लालबाबू ने बताया कि ग्राम प्रधान शांति देवी और पंचायत मित्र विष्णु ने विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं की हैं।

आरोप है कि शिवरतन के घर से बच्चा के खेत तक आरसीसी कार्य केवल कागजों पर दिखाकर फर्जी भुगतान लिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि इस घोटाले में सचिव रोहित पटेल और एडीओ पंचायत केदार नाथ भी शामिल हैं।

आवेदकों ने बताया कि इस मामले की शिकायत जिला प्रशासन से लेकर कृषि अधिकारी तक कई बार की जा चुकी है, लेकिन बार-बार आदेश जारी होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने मांग की है कि किसी सक्षम और निष्पक्ष अधिकारी से जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए और सरकारी धन की रिकवरी की जाए।

अन्य ग्रामीणों के साथ मिलकर इस मामले को उजागर किया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से त्वरित और पारदर्शी जांच की गुहार लगाई है,ताकि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके और गलत तरीके से हड़पे गए सरकारी धन की वसूली हो सके। जिलाधिकारी और संबंधित अधिकारियों से इस मामले में जल्द कार्यवाही की उम्मीद की जा रही है, ताकि ग्रामीणों को न्याय मिल सके।

# आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में दी गई कौशल विकास औद्योगिक संस्थान के बारे में जानकारी

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

आदर्श निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 10 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रमों के तहत आज महिला सशक्तिकरण केंद्र के द्वारा उच्च शिक्षा व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।



अनुदेशक राजा प्रजापति द्वारा बताया गया कि उद्योग द्वारा अपेक्षित व्यावसायिक इंजीनियरिंग अभ्यास को परिक्रष्ट करने में योगदान देता है औद्योगिक प्रशिक्षण छात्रों को वास्तविक कार्य जीवन से परिस्थितियों से परिचित कराने और उन्हें आवश्यक कौशल प्रदान करने के लिए आवश्यक प्रक्रिया है जो उनकी कार्य उत्साह को बढ़ाते है। भारत में उद्योग प्रशिक्षण संस्थान भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीन चलाई जाने वाले प्रशिक्षण संस्थान है जिम प्रशिक्षकों को तकनीकी कार्यों का प्रशिक्षण दिया जाता है। आईटीआई में कई ट्रेड होती है जिसको विद्यार्थी लेकर के अपना व्यवसायिक कौशल विकास उद्यमिता के बारे में सीख करके अपना व्यवसाय कर सकता है या रोजगार प्राप्त कर सकता है। औद्योगिक प्रशिक्षण कौशल विकास के अनुदेशकों द्वारा आईटीआई कौशल विकास आईआईटी की संपूर्ण जानकारी दी गई।महिला सशक्तिकरण के कार्मियों द्वारा महिला कल्याण विभाग की समस्त योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई साथ ही छात्र-छात्राओं के साथ लैब में सेल्फी अभियान का भी आयोजन किया गया छात्र-छात्राओं के साथ सेल्फी ली गई। कार्यक्रम में उपस्थित डीएमसी आकांक्षा सिंह जेंडर स्पेशलिस्ट कामिनी सिंह राक्षपाल आदर्श प्राइवेट आईटीआई के प्रबंधक प्रशांत सिंह चौहान प्रिंसिपल अजीत श्रीवास्तव एवं अनुदेशक राजा भैया प्रजापति अनुदेशक (कौशल विकास) निधि सिंह (फिटर) अनुदेशक मेघा सिंह (इलेक्ट्रीशियन) अनुदेशक समस्त आईटीआई टीचर स्टाफ छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# अफवाहों को हवा न दें, आप सुरक्षित हैं- मेविस टॉक (सहायक पुलिस अधीक्षक)



**जन एक्सप्रेस । बांदा**

दिनांक 8 सितम्बर की शाम को पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सहायक पुलिस अधीक्षक बांदा/क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक एवं थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा ग्राम महोखर एवं जमुनीपुर में चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में ग्रामवासियों को ड्रोन से संबंधित फैल रही भ्रामक सूचनाओं/अफवाहों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

मौके पर ड्रोन उड़ाकर ग्रामीणों को प्रत्यक्ष रूप से जागरूक किया गया।अधिक से अधिक लोगों तक संदेश पहुँचाने हेतु डुगडुगी पिटवाकर भी ग्रामीणों को सचेत किया गया।नागरिकों से अपील की गई कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, शांति और सौहार्द बनाए रखें।

किसी भी संदिग्ध गतिविधि/सूचना की तुरंत पुलिस को जानकारी दें। अफवाह फैलाने या भय फैलाने वालों के विरुद्ध कठोर दण्डात्मक एवं कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# किसानों की कंपनी बनी स्टार्टअप, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय से मिली पहचान

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

किसानों की मेहनत और सामूहिक प्रयासों को नई पहचान मिली है। चित्रकूट की सीपीडी एग्रो फार्मिंग प्रोडूसर कंपनी लिमिटेड को भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) से स्टार्ट अप इंडिया के तहत आधिकारिक मान्यता प्राप्त हुई है। कंपनी को यह मान्यता 8 सितम्बर 2025 को प्रदान की गई। जिससे अब यह क्षेत्र की एक पंजीकृत स्टार्टअप इकाई बन गई है।

सीपीडी एग्रो की स्थापना वर्ष 2025 में की गई थी। वर्तमान में इसके साथ 440 किसान जुड़े हैं और 2027 तक 1000 से अधिक किसानों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। कंपनी का उद्देश्य पारंपरिक कृषि को आधुनिक, लाभकारी और टिकाऊ व्यवसाय में बदलना है। इसके अंतर्गत पौष्टिक मिलेट आधारित उत्पाद जैसे दलिया, विभिन्न डेयरी उत्पाद, जैविक कृषि इनपुट्स का उत्पादन और किसानों के लिए डिजिटल मार्केट लिंक जैसे क्षेत्रों में काम किया जा रहा है। कंपनी के निदेशक चंद्र प्रकाश द्विवेदी ने बताया कि वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की यह मान्यता किसानों के आत्मविश्वास और सामूहिक ताकत की पहचान है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल सीपीडी एग्रो बल्कि हर उस किसान की जीत है जो इस संगठन से जुड़ा है। उन्होंने आगे कहा कि इससे चपजतांववज को कृषि नवाचार का केंद्र बनाने और आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूरा करने की दिशा में बड़ी मदद मिलेगी।

## नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले गुनाहगार को पांच महीने की सजा के साथ ही हुआ पांच हजार का जुर्माना

**जन एक्सप्रेस/हमीरपुर।** सुमेरपुर में 21 जून 2015 को कुडौरा निवासी अजय कुमार पुत्र कालका प्रसाद द्विवेदी के पास से पुलिस ने 484 गोली डायजाफाम करीब 100 ग्राम बरामद की थी। जिसके बाद मु0अ0सं0-1011/15 धारा-8/22 एन0डी0पी0एस0 एक्ट के तहत दर्ज किया गया था। वही आपरेशन कन्विक्शन के तहत हमीरपुर के स्पेशल जज गैंगस्टर ने अजय कुमार को गुनाहगार मानते हुये पांच महीने की सजा के साथ ही हुआ पांच हजार का जुर्माना। मामले की जांच एस आई राकेश सिंह ने पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल करदी थी। वही अभियोजन की तरफ से एडीजीसी प्रवीण कुमार भदौरिया ने पैरवी करते हूये मुल्जिम को सख्त सजा देने की मांग की थी।

## तमंचे से गोली मारने वाले आरोपी को ग्रामीणों ने दबोचा

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** थाना अंतर्गत खण्डेहा गांव में जान से मारने की नियत से युवक पर फायर करने वाले आरोपी को मऊ थाना टीम ने अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। मऊ थाना प्रभारी दुर्विजय ने बताया कि बीते सोमवार को थाना क्षेत्र के खण्डेहा गांव निवासी कमलेश सिंह पुत्र बृजभूषण सिंह ने सूचना दी कि उसका भाई शिवलखन सिंह (दिव्यांग) घर पर था। इस दौरान राजापुर थाना क्षेत्र के नांदिन कुर्मियान गांव का निवासी अभय पटेल घर आया और जान से मारने की नियत से तमंचे से उसके भाई के ऊपर फायर कर दिया। जिससे शिवलखन गंभीर रूप से घायल हो गया। फायर कर आरोपी के भागने के दौरान परिजनों ने उसे तमंचा सहित पकड़ लिया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे खण्डेहा चैकी प्रभारी अनिल कुमार व उनके हमराही आरक्षी नंदलाल द्वारा ने आरोपी अभय पटेल को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया।

# आकांक्षा समिति अध्यक्ष ने बाल कुपोषण दूर करने पर दिया जोर

**जन एक्सप्रेस । मानिकपुर, चित्रकूट**

संभव अभियान 5.0 एवं राष्ट्रीय पोषण माह सितम्बर 2025 के तहत रेडक्रास सोसायटी के तत्वाधान में आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ तनुषा टीआर ने क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के 80 सैम बच्चों को पोषण किट का वितरण किया।



साथ ही महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य व पोषण से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी दी।

कार्यक्रम में आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ तनुषा टीआर ने कहा कि गाँवो में कैंप लगाकर बच्चों का वजन व लम्वाई की जांच करते हुए सैम कैटेगरी के बच्चों को चिन्हित करें तथा उन्हें सैम से मैम एवं इसके बाद सामान्य श्रेणी में लाने का प्रयास करें। बताया कि इसी उद्देश्य से आंगनबाडी कार्यकत्रियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों के चुने गए सैम बच्चों को पोषण किट सहित स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा व आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवाएं उपलब्ध कराई गई है। इस दौरान उन्होंने बच्चों के पोषण, बीमारियों से बचाव, खान-पान, स्वच्छता आदि विषयों पर संवाद किया एवं आवश्यक जानकारी दी। इसके अलावा उन्होने कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृवन्दना योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ लेने के लिए प्रेरित किया तथा पोषण पुनर्वास केन्द्र में सैम बच्चों के भर्ती व डिस्चार्ज करने से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी देते हुए जागरूक किया। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं को अपना पंजीकरण एएनएम/ऑगनबाड़ी केन्द्र में प्रथम तिमाही में ही अनिवार्य रूप से करा लेना चाहिए तथा आयरन, कैल्शियम आदि का सेवन डाक्टर की परामर्श के अनुसार ही करना चाहिए। बताया कि बच्चे के जन्म के बाद एक घंटे के अन्दर कोलेस्ट्रम फीडिंग, छह माह तक केवल माँ का दूध, छह माह के बाद बच्चों को माँ के दूध के साथ घर का बना हुआ खाद्य पदार्थ देना चाहिए।

# किसानों ने समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम खंड विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

जनपद में किसानों को हो रही समस्याओं को देखते हुए भारतीय किसान संघ एवं किसानों ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम खंड विकास अधिकारी को पांच सूत्रीय मांगों को लेकर समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा है।



आपको बताते चलें कि पूरा मामला जनपद के विकासखंड तिंदवारी से सामने आया है।जहां पर विकासखंड तिंदवारी में भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में किसानों ने पहुंचकर खंड विकास अधिकारी तिंदवारी को मुख्यमंत्री के नाम पांच सूत्रीय संबंधित ज्ञापन दिया। और ज्ञापन देकर बताया है कि रवि की फसल का समय आने वाला है जिससे किसानों को खाद बिजली हुआ अन्ना का गौवंशो से सामना न करना पड़े और सभी किसानों को सभी सुविधाएं उपलब्ध हो सके अन्यथा की स्थिति में हम लोग धरना प्रदर्शन आदि के लिए बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# ग्रामीण विकास की रीढ़ सहकारिता समिति के सदस्य बनें किसान, कार्यशाला सम्पन्न



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला मुख्यालय स्थित जिला पंचायत सभागार में मंगलवार को बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (एमपीएसीएस) के लिए सदस्यता अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें अधिक से अधिक किसानों, मजदूरों और युवाओं को सहकारिता का सदस्य बनाने के लिए जोर दिया गया।

कार्यशाला में पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने सहकारिता को ग्रामीण विकास की रीढ़ बताते हुए अधिक से अधिक किसानों को समिति का सदस्य बनने के लिए प्रेरित किया। पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र ने सहकारिता की पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत किए जाने पर बल दिया।

भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने कहा कि सहकारी समितियाँ किसानों की आर्थिक प्रगति का सबसे सशक्त माध्यम हैं। जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने समितियों की वित्तीय मजबूती और डिजिटलाइजेशन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। ब्लाक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी ने स्थानीय स्तर पर सदस्यता बढ़ाने एवं आमजन को सहकारिता से जोड़ने की अपील की। कार्यशाला में 12 सितम्बर से 12 अक्टूबर तक सदस्यता अभियान संचालित किए जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही सर्वसम्मति से तय किया गया कि सहकारिता सदस्यता अभियान को गांव-गांव तक ले जाकर अधिक से अधिक किसानों, मजदूरों और युवाओं को सहकारिता से जोड़ा जाएगा।

इस मौके पर डीसीएफ अध्यक्ष कर्वी योगेश जैन, सहायक निबंधक सहकारिता राजेंद्र कुमार, महाप्रबंधक डीसीबी बांदा संदीप त्रिपाठी, प्रतिनिधि इफको राजवीर, अपर जिला सहकारी अधिकारी राजेश कुमार, वरिष्ठ सहकारी अधिकारी राम दयाल पांडेय, अपर जिला सहकारी अधिकारी बिजेंद्र कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे।

## अवैध असलहा रखने के गुनाहगार को पांच महीने की सजा के साथ ही हुआ पांच हजार का जुर्माना

**जन एक्सप्रेस/हमीरपुर।** सुमेरपुर में 21 जून 2015 को कुडौरा निवासी अजय कुमार पुत्र कालका प्रसाद द्विवेदी के कब्जे से पुलिस ने 315 बोर के एक अवैध असलहे के साथ ही एक जिन्दा कारतूस बरामद करने में कामयाबी हासिल की थी। जिसके बाद पुलिस ने मुल्जिम के खिलाफ मु0अ0सं0- 1012/15 धारा- 3/25 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया था। जबकि आपरेशन कन्विक्शन के तहत हमीरपुर के स्पेशल गैंगस्टर जज ने मुल्जिम अजय कुमार को गुनाहगार मानते हुये पांच महीने की सजा के साथ ही पांच हजार रुपये का किया जुर्माना। जबकि मामले की जांच एस आई अनिल कुमार यादव ने पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल करदी थी। वही अभियोजन की तरफ से पैरवी करते हुये एडीजीसी प्रवीण कुमार भदौरिया ने मुलज़िम को सख्त सजा देने की मांग की।

# खाद्य सामग्री और गैस सिलेण्डर के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में जिला कारागार पुलिस टीम ने चोरी के दो आरोपियों को चोरी का गेहूं, आटा व गैस सिलेण्डर के साथ गिरफ्तार किया है।

कर्वी कोतवाली प्रभारी उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि बीते रविवार को क्षेत्र के रगौली गांव की निवासी मंजू उर्फ सुनीता पत्नी राजकुमार उर्फ मुन्ना ने सूचना दी कि अज्ञात चोरों ने उनके घर के पीछे के रास्ते से दीवार तोड़कर घर में रखा गेहूँ, आटा, अरहर की दाल व एक गैस सिलेन्डर चोरी कर लिया है। इस सूचना पर कोतवाली कर्वी में सम्बन्धित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। साथ ही चोरी की घटना का खुलासा करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को लगाया गया।साथ ही चोरी की घटना का खुलासा करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को लगाया गया।

मामले के खुलासे के लिए की जा रही विवेचना के दौरान प्रकाश में आए आरोपी विद्यासागर उर्फ नत्थू व अनी कुमार उर्फ गरीबदास को जिला कारागार चैकी प्रभारी विवेक कुमार सिंह व उनकी टीम आरक्षी जयनारायण पटेरिया, संजय पाल व शुभम शर्मा द्वारा गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उन्होंने चोरी किए हुए समान को घर में छिपा रखा है, जिसके बाद चोरी किए गए सामान को बरामद किया गया।

# समस्याओं का निराकरण न होने से हताश और परेशान हैं क्षेत्रीय किसान: संतोष पाण्डेय

**जन एक्सप्रेस । रामनगर, चित्रकूट**

भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने मंगलवार को किसान समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। साथ ही समस्याओं के निस्तारण के लिए मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारियों को सौंपा।

भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने मंगलवार को जिलाध्यक्ष संतोष पाण्डेय के नेतृत्व में रबी फसलों की बुवाई के लिए खाद-बीज उपलब्ध कराने, विद्युत आपूर्ति, अन्ना पशुओं के संरक्षण, फसल बीमा का लाभ सहित अन्य किसान समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनपद का किसान इन दिनों हताश एवं परेशान हैं। समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्हें कहीं से कोई राहत नहीं मिल रही है। किसानों की समस्या का समय रहते निस्तारण नहीं होने से किसान कर्ज के तले दबे जा रहे है।

बताया कि बीते दिनों यमुना नदी में आई भीषण बाढ़ के चलते किसानों की हजारों बीघे की फसल डूबकर नष्ट हो गई, लेकिन अब तक पीड़ित किसानों को उनकी फसल के नुकसान की भरपाई नहीं की गई है, जिससे किसानों को आगामी रबी की फसल के लिए बीज-खाद जुटाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



कहा कि जिला प्रशासन को किसानों के प्रति स्पष्ट नजरिया बनाने की जरूरत है ताकि समय पर किसानों को पर्याप्त खाद, बीज एवं पर्याप्त विजली की उपलब्धता मिल सके एवं अन्ना जानवरों में शत-प्रतिशत रोक लगे। इस दौरा किसान समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी रामनगर हरी ओम गुप्ता को सौंपा गया।

इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र भारतीय, जिला उपाध्यक्ष करन सिंह, युवा प्रमुख अजीत पाण्डेय, रमेश शुक्ला, सुरेश पाण्डेय, रामप्रकाश आदि मौजूद रहे।

लखनऊ एक्सप्रेस
हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, बुधवार, 10 सितंबर, 2025




**तीन जवान बलिदान, सियाचिन बेस कैंप पर...**
लद्दाख के सियाचिन ग्लेशियर स्थित बेस कैंप पर मंगलवार को एक भीषण हिमस्खलन की चपेट में आने से सेना के तीन जवान बलिदान हो गए। रक्षा सूत्रों के मुताबिक हादसा अचानक हुआ और बचाव दल तुरंत राहत कार्य में जुट गया। सेना ने अन्य जवानों को सुरक्षित... पढ़ें पेज 12 पर...

# त्योहारों से पहले जल निगम के कार्यों की समीक्षा

- जनता को न हो कोई असुविधा,जन सुविधा हमारी जिम्मेदारी: शर्मा

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



आगामी त्यौहारों नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशहरा और दीपावली को देखते हुए नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने लखनऊ स्थित संगम सभागार में अधिकारियों के साथ जल निगम की चल रही परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता को निर्माणाधीन कार्यों से परेशानी नहीं होनी चाहिए। श्री शर्मा ने कहा कि जल निगम की विभिन्न परियोजनाओं में समयबद्धता और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि जिन परियोजनाओं में देरी हो रही है, उनकी जिम्मेदारी तय की जाएगी। त्योहारों पर साफ-सफाई और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिएं। जनता की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है।बैठक में नगर विकास मंत्री ने उन स्थानों पर विशेष ध्यान देने को कहा जहां परियोजनाओं के चलते सड़कें काट दी गई हैं या मिट्टी खोदकर छोड़ दी गई है। उन्होंने निर्देश दिया कि ऐसे स्थानों पर कार्य पूरा होने तक सड़कों की अस्थायी मरम्मत की जाए, ताकि आम लोगों को आने-जाने में परेशानी न हो। अधिकारियों को कहा कि आगामी नवरात्रि और अन्य पर्वों के दौरान मंदिरों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थलों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र होंगे। ऐसे में सभी प्रमुख मार्गों, सार्वजनिक स्थलों और पूजा स्थलों पर व्यापक सफाई अभियान और सुचारू पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पानी की अतिरिक्त आपूर्ति और टैंकरों की व्यवस्था पहले से कर ली जाए।बैठक में उपस्थित जल निगम और नगर विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि त्योहारों से पहले चल रहे कार्यों की फील्ड मॉनिटरिंग प्रतिदिन की जाए। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि संबंधित अधिकारी मौके पर जाकर यह सुनिश्चित करें कि काम की गति बनी रहे और जहां भी जनता को परेशानी की आशंका है, वहां तत्काल समाधान किया जाए। उन्होंने दोहराया कि निर्माणाधीन कार्यों की वजह से जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। सभी अधिकारी और कर्मचारी त्योहारों से पहले फील्ड पर सक्रिय रहकर कार्यों की समीक्षा करें। जनता की सुविधा हमारी पहली जिम्मेदारी है।बैठक में एमडी जल निगम रमाकांत पांडेय,निदेशक नगरीय निकाय अनुज झा, अपर निदेशक रितु सुहास सहित अन्य संबंधित अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने की उत्तर प्रदेश के स्वच्छता अभियान की सराहना

- स्वच्छता पखवाड़ा के लिए 156 घंटे निरंतर सफाई अभियान की घोषणा

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



स्वच्छता पखवाड़ा 2025 पर सभी राज्यों की बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पिछले वर्ष के 155 घंटे निरंतर सफाई अभियान में उत्तर प्रदेश के उल्लेखनीय प्रयासों की सराहना की। अभियान उत्तर प्रदेश सरकार के शहरी विकास मंत्री एके शर्मा के मार्गदर्शन में चलाया गया था।इस वर्ष राज्य ने एक और भी बड़ी पहल की घोषणा की है 156 घंटे निरंतर सफाई अभियान जो 25 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक राष्ट्रव्यापी स्वच्छता आंदोलन के साथ चलेगा। बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्रियों ने राज्य मिशन निदेशक के साथ अभियान की तैयारियों और रणनीतियों के बारे में जानकारी दी। श्री शर्मा ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा 2024 के दौरान, शहरी क्षेत्रों में 1.09 लाख से अधिक स्वच्छता लक्षित इकाइयों सीटीयू की सफलतापूर्वक सफाई की गई, पिछले वर्ष उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरी स्थानीय निकायों में कई कूड़ाघरों का भी सुधार किया गया।आगामी अभियान का उद्देश्य इस गति को और आगे बढ़ाना, स्वच्छ शहरों, स्वस्थ परिवेश और स्वच्छ भारत की दिशा में सक्रिय जन भागीदारी सुनिश्चित करना है।

# स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं प्रेरणा कैन्टीन के माध्यम से हो रही स्वावलंबी व आत्मनिर्भर

- स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार के जरिए आत्मनिर्भर बना रही सरकार

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों, संकुल स्तरीय संगठनों व ग्राम स्तरीय संगठनों से जुड़ी महिलाओं को स्वावलंबी व आत्मनिर्भर निर्भर बनाने लिये प्रभावी व ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।इसी कड़ी में प्रदेश के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व अन्य प्रमुख स्थानो पर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा प्रेरणा कैंटीन खोली गयी हैं।इससे स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं आत्मनिर्भर होने के साथ साथ , आमदनी बढ़ने से अपने घर -परिवार का आर्थिक, सामाजिक व शैक्षिक विकास और अधिक बेहतर ढंग से कर रही हैं ।मरीजों सहित तीमारदारो को भी इन दीदी कैफे से ताजा भोजन और नास्ता मिल रहा है । महिलाओं की आर्थिक स्थिति को संवारने वाला यह महत्वपूर्ण कदम है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मन्शा जाहिर की है कि इन प्रेरणा कैंटीनों में मोटे अनाज के व्यंजन भी बनाए जांय तो और अधिक बेहतर होगा। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा समूहों की महिलाओं की आमदनी बढ़ाने के लिये हर सम्भव कदम उठाए जा रहे हैं और समूहों की महिलाओं को विभिन्न गतिविधियों से जोड़ कर उन्हें स्वावलंबी बनाया जा रहा है। प्रेरणा कैन्टीन संचालन हेतु सामुदायिक निवेश निधि ग्राम संगठन आजीविका निधि अथवा सी सी एल का उपयोग करवाते हुए कैंटीन हेतु उपयुक्त स्थान का चयन किया गया हैस्वस्थ प्रदेश-खुशहाल प्रदेश की अवधारणा को साकार करते हुए सरकार महिलाओं के शैक्षिक, सामाजिक व आर्थिक उन्नयन के लिए पर विशेष रूप से फोकस कर रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर विभाग स्वावलंबन और रोजगार से महिलाओं को जोड़ रहा है। इसमें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना कारगर बन रही है। एक तरफ जहां प्रेरणा कैंटीन के जरिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के अवसर मुहैया कराए जा रहे हैं, वहीं इस योजना के तहत सामुदायिक/ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों के तीमारदारों को पौष्टिक व कम दरों पर भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

# यूपी दरोगा भर्ती: अब तक सात लाख युवाओं ने किए आवेदन

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

प्रदेश पुलिस में 4543 दरोगा (उपनिरीक्षक) और समकक्ष पदों पर भर्ती के लिए आवेदन करने में केवल दो दिन शेष रह गए हैं। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने आगामी 11 सितंबर तक आवेदन मांगे हैं। अब तक करीब सात लाख अभ्यर्थी इन पदों पर सीधी भर्ती के लिए आवेदन कर चुके हैं, जिनकी संख्या अगले दो दिन में तेजी से बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। बता दें कि भर्ती बोर्ड ने बीती 12 अगस्त को दरोगा और समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। इनमें उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस के 4242, पीएसी के प्लाटून कमांडर के 135, विशेष सुरक्षा बल के प्लाटून कमांडर के 60 और बदायूं, लखनऊ, गोरखपुर में पीएसी की महिला वाहिनियों के लिए महिला प्लाटून कमांडर के 106 पद शामिल हैं। बोर्ड द्वारा 11 सितंबर तक आवेदन लेने के बाद परीक्षण किया जाएगा, जिसके बाद लिखित परीक्षा की तैयारियों को अमली जामा पहनाने की कवायद शुरू होगी। माना जा रहा है कि दिसंबर माह में परीक्षा का आयोजन किया जा सकता है। दरअसल अक्तूबर में बोर्ड द्वारा कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए के 930 और उपनिरीक्षक (गोपनीय), सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) व सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) के 921 पदों पर सीधी भर्ती के लिए लिखित परीक्षा आयोजित करने जा रहा है।

# युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक साबित हो रहा कौशल विकास कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा को प्राथमिकता दे रही है। प्रदेश की सबसे बड़ी ताकत इसकी युवा आबादी है और योगी सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक युवा को उसकी रुचि और योग्यता के अनुसार प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा जाए। ÷हर हाथ को हुनर और हर युवा को रोजगार÷ इसी दृष्टिकोण के तहत प्रदेश में कई कौशल विकास योजनाएं संचालित हो रही हैं। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने 2015 में राष्ट्रीय कौशल विकास और उद्यमिता नीति लागू की थी। योगी सरकार ने इस नीति को जमीनी स्तर तक ले जाकर प्रदेश के युवाओं को अधिक से अधिक लाभ दिलाने का कार्य किया है। प्रदेश के सभी जिलों में आईटीआई, पॉलिटेक्निक, जन शिक्षण संस्थान और दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना जैसे कार्यक्रम युवाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार की राह पर अग्रसर कर रहे हैं।राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी 2020 के तहत कक्षा 6 से ही व्यावसायिक शिक्षा को शामिल करने की पहल को उत्तर प्रदेश में तेजी से लागू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि छात्रों को केवल डिग्री नहीं बल्कि रोजगार योग्य शिक्षा और हुनर मिलना चाहिए। इसी सोच के तहत स्कूलों और कॉलेजों में व्यावसायिक प्रशिक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि कौशल विकास न केवल नौकरी के अवसर बढ़ाता है बल्कि स्वरोजगार की राह भी खोलता है।

# ड्रिप सिंचाई से बढ़ेगा उत्पादन, समृद्ध होंगे किसान: दिनेश प्रताप

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

- किसानों की समृद्धि और जल संरक्षण के लिए ड्रिप सिंचाई को बढ़ावा दे रही डबल इंजन सरकार
- सिंचाई उपकरणों पर मिलेगा 90 फीसदी तक अनुदान



किसानों की मददगार डबल इंजन की सरकार निरंतर किसानों के हित में कार्य कर रही है। इसी क्रम में किसानों की समृद्धि एवं जल संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु ड्रिप सिंचाई प्रणाली को बढ़ावा दे रही है। बागवानी फसलों में ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति अपनाने से औसतन 50 प्रतिशत तक फसल उपज में वृद्धि दर्ज की जा रही है। इसी प्रकार गन्ना जैसी प्रमुख नकदी फसल में भी ड्रिप तकनीक के प्रयोग से समान परिणाम सामने आए हैं। ये बातें प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने कही।श्री सिंह ने बताया कि प्रदेश में माइक्रोइरीगेशन के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 1.02 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल आच्छादन के सापेक्ष 82 हजार से अधिक कृषकों को ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति से लाभान्वित किया गया है। यह उपलब्धि किसानों की मेहनत, तकनीक के समुचित उपयोग तथा सरकार द्वारा दिए जा रहे सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को अधिक से अधिक किसानों को पर ड्रॉप मोर क्रॉप-माइक्रो इरीगेशन योजना के अंतर्गत सूक्ष्म सिंचाई पद्धति के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु ड्रिप सिंचाई के उपयोग व लाभ समझाने तथा उन्हें आवेदन प्रक्रिया में हर संभव सहयोग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बी.एल. मीणा ने बताया कि पारंपरिक सिंचाई पद्धतियों की तुलना में ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति से जल की 40 से 50 प्रतिशत तक बचत संभव है। साथ ही, यह तकनीक मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने, पौधों को संतुलित पोषण उपलब्ध कराने और उत्पादन की गुणवत्ता बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ उठाने के लिए आधार कार्ड, भू-अभिलेख एवं बैंक खाता अनिवार्य है। लाभार्थी कृषक को अधिकतम 5 हेक्टेयर भूमि पर अनुदान अनुमन्य होगा, उसी भूमि पर 7 वर्ष पश्चात पुनः योजना के लाभ की व्यवस्था भी है। विशेषज्ञ अभियंता से सामग्री आगणन लेआउट व डिजाइन के तकनीकी परीक्षण की ऑनलाइन सुविधा है। ड्रिप, मिनी, माइक्रो स्प्रिंकलर के लाभार्थियों को बीमा की सुविधा भी मिलेगी। इस योजना में ड्रिप, मिनी, माइक्रो स्प्रिंकलर पर लघु एवं सीमांत कृषकों को लागत का 90 प्रतिशत एवं अन्य कृषकों को 80 प्रतिशत अनुदान तथा पोर्टेबल, सेमी परमानेंट, रेनगन स्प्रिंकलर पर लघु एवं सीमांत कृषकों को लागत का 75 प्रतिशत एवं अन्य कृषकों को 65 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। अनुमन्य अनुदान में प्रदेश सरकार 20 से 35 प्रतिशत अतिरिक्त राज्यांश टॉप अप की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। योजना का लाभ उठाने के लिए ऐसे किसान पात्र होंगे, जिनके पास सिंचाई के लिए पानी का स्रोत उपलब्ध हो तथा लाभार्थी अंश वहन करने में सक्षम हों।

# आईसीएआर–एनबीएफजीआर ने विकसित की डिजाइनर क्लाउनफिश

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

- क्लाउनफ़िश अधिक मांग वाली सजावटी प्रजाति

लखनऊ स्थित भाकृअनुप-राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो ने एम्फीप्रियन पर्कुला नर और एम्फीप्रियन ओसेलारिस मादा के चयनात्मक संकरण के माध्यम से डिजाइनर क्लाउनफिश को सफलतापूर्वक विकसित करके समुद्री सजावटी जलीय कृषि में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है। क्लाउनफ़िश समुद्री एनीमोन के साथ अपने सहजीवी संबंध के कारण सबसे अधिक मांग वाली सजावटी प्रजातियों में हैं, जो उन्हें जलकृषकों और शौकीनों के लिए अत्यधिक आकर्षक बनाती हैं। जबकि भारत में क्लाउनफिश की 30 ज्ञात वैश्विक प्रजातियों में से 15 को आश्रय दिया गया है, देश में संकरण परीक्षण अभी प्रारंभिक चरण में हैं। छह वर्षों से अधिक समय तक चले इस शोध ने अलग और आकर्षक रंग पैटर्न प्रदर्शित करते हुए हाइब्रिड संतानों की एफ4 पीढ़ी का सफलतापूर्वक उत्पादन किया। आणविक विश्लेषणों ने पुष्टि की कि स्न4 डिजाइनर क्लाउन ए. पर्कुला के साथ घनिष्ठ आनुवंशिक समानता साझा करते हैं, व सुंदर दिखने के साथ अनुकूलनशीलता के लक्षण प्रदर्शित करते हैं। ये डिज़ाइनर वेरिएंट, जिन्हें वैश्विक व्यापार में पिकासो, प्लेटिनम, स्नोफ्लेक, स्नोब्राइट और ग्लेडिएटर के नाम से जाना जाता है, अपने अनूठे और जीवंत पैटर्न के कारण प्रीमियम बाजार मूल्य प्राप्त करते हैं। इस शोध के निष्कर्ष संस्थान के प्रधान वैज्ञानिकों डॉ.पी.आर. दिव्या और डॉटीटी अजीत कुमार द्वारा लिखित करंट साइंस के हालिया अंक में प्रकाशित हुए हैं। आईसीएआर-एनबीएफजीआर के निदेशक डॉ. काजल चक्रवर्ती ने कहा कि इस तरह की उपलब्धि जलीय कृषि संरक्षण, आजीविका संवर्धन और प्रकृतिक रूप से पकड़ी गयी समुद्री सजावटी मछलियों पर निर्भरता को कम करने के लिए संभावित अनुप्रयोगों के साथ स्थायी समुद्री सजावटी मछली उत्पादन की दिशा में संस्थान के प्रयासों को दर्शाती है। एक सामुदायिक जलीय कृषि दृष्टिकोण के माध्यम से, इन डिजाइनर मछलियों को एक्वेरियम बाजारों में पाला जायेगा और इसकी आपूर्ति की जाएगी, जो सुनिश्चित आजीविका के अवसर प्रदान करेगा।

# बीएसए–डीआईओएस की तरह होंगे जिला उच्च शिक्षा अधिकारी

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

जिलों में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीएसए व जिला विद्यालय निरीक्षक डीआईओएस की तर्ज पर जिला उच्च शिक्षा अधिकारी भी बनाए जाने की तैयारी की जा रही है। जिला स्तर पर निजी विश्वविद्यालयों व डिग्री कॉलेजों की जांच की जा सके, इसके लिए तैयारी की जा रही है।यूपी में निजी विश्वविद्यालयों व कॉलेजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है। ऐसे में भविष्य में प्रभावी शिकंजा कसने पर मंथन किया जा रहा है। अभी प्रदेश में आठ मंडलों में ही क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी आरएचओ कार्यालय हैं। ऐसे में एक-एक क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारियों के पास अपने मंडल के अलावा कई जिलों की जिम्मेदारी है। अब 10 मंडल में आरएचओ कार्यालय खोलने और उसके लिए स्टॉफ की भर्ती प्रक्रिया चल रही है,जिसमें अलीगढ़, आजमगढ़, विंध्याचल, मुरादाबाद व सहारनपुर मंडल शामिल हैं।

# पत्रकारों की सुरक्षा पर उठे सवाल, उ.प्र. मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति ने डीजीपी को लिखा पत्र

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



अरुण कुमार त्रिपाठी
समिति के प्रदेश महासचिव

उत्तर प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर चिंता गहराती जा रही है। इसी को लेकर उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति ने एक अहम कदम उठाया है। समिति के प्रदेश महासचिव अरुण कुमार त्रिपाठी ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी), उत्तर प्रदेश को पत्र लिखकर प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट और प्रभावी निर्देश जारी करने की मांग की है। पत्र में साफ कहा गया है कि 2017 से अब तक कई निर्देश जारी होने के बावजूद पुलिस विभाग उनका पालन नहीं कर रहा है। विशेष रूप से हाल ही में जारी पत्र सं. डीजी-आठ-140 (25) 2017-2019/8985 दिनांक 27 अगस्त 2024 सहित अन्य महत्वपूर्ण पत्रों की अनुपालना में व्यापक अनदेखी की जा रही है। समिति ने डीजीपी से इन पत्रों की प्रमाणित प्रतियां ईमेल पर उपलब्ध कराने का भी अनुरोध किया है, ताकि सभी पक्षों के बीच पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। प्रदेश महासचिव अरुण कुमार त्रिपाठी ने पत्र में यह भी स्पष्ट किया है कि यदि पुलिस विभाग के अधिकारी निर्देशों का अनुपालन नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों, और पुलिस आयुक्तों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं ताकि पत्रकार अपने कर्तव्य का निर्वाह निर्भीकता के साथ कर सकें। पत्र में समिति के संरक्षक अशोक कुमार नवरत्न, उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, कार्यकारिणी सदस्य विजय यादव सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी इस मामले पर अपनी चिंता जाहिर की है। उनका मानना है कि पत्रकार समाज के हित में जनहित की खबरें जनता तक सुरक्षित तरीके से पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, अतः उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। विशेषज्ञ व वरिष्ठ पत्रकार इस कदम को प्रदेश के पत्रकार समुदाय के लिए एक सकारात्मक संकेत मान रहे हैं। यदि प्रशासन समय रहते प्रभावी कार्रवाई करता है, तो पत्रकार अब भयमुक्त होकर समाज की आवाज़ बनने का साहस जुटा सकेंगे।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं रोजगार सृजन हेतु फॉर्म–स्टे योजना में निवेश के लिए निवेशकों से मांगे जायेंगे प्रस्ताव

- पर्यटन और कृषि को जोड़कर ग्रामीण अंचलों को आत्मनिर्भर बनाने की पहल: जयवीर

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने राज्य में पहली बार फार्म-स्टे आवास विकसित व संचालित करने के लिए निवेशकों से प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। इस पहल को राज्य को कृषि-पर्यटन का अग्रणी केंद्र बनाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। मंत्री ने बताया कि योजना के तहत परिभाषित फार्म स्टे ऐसा पर्यटक आवास है, जो खेत या उसके निकट बनाया जाएगा। यह आवास मालिक के घर से अलग होगा। इसमें कम से कम दो किराए पर देने योग्य कमरे तथा एक रिसेप्शन क्षेत्र अनिवार्य रूप से होगा। हर फार्म स्टे में पर्यटकों को ग्रामीण जीवन का प्रत्यक्ष अनुभव देने के लिए कृषि कार्य, बागवानी, मत्स्य पालन, डेयरी फार्मिंग, पशुपालन, फार्म टूर या अन्य स्वीकृत ग्रामीण गतिविधियां उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। आगंतुक के लिए पूरा गांव ही आकर्षण का केंद्र बनेगा।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटकों को खेती-बाड़ी, ग्रामीण संस्कृति और गांवों में आतिथ्य सत्कार का विशेष अनुभव मिलेगा। फार्म-स्टे से न केवल पर्यटन को नई पहचान मिलेगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी सशक्त होगी। योजना के तहत प्रोत्साहन पैकेज का प्रावधान है। पूंजी निवेश पर सब्सिडी प्रदान की जाएगी, जो इस प्रकार है- 10 लाख रुपए से 10 करोड़ रुपए के बीच 25 प्रतिशत अधिकतम 02 करोड़ रुपए, 50 करोड़ तक 20 फीसदी अधिकतम 07.5 करोड़ रुपए 200 करोड़ रुपए तक 15 फीसदी अधिकतम 20 करोड़ रुपए, 500 करोड़ रुपए तक 10 प्रतिशत अधिकतम 25 करोड़ रुपए और 500 करोड़ रुपए से अधिक पर 10 फीसदी अधिकतम 40 करोड़ रुपए होगी। निवेशकों को सामान्य प्रोत्साहनों के अलावा अतिरिक्त सब्सिडी दी जाएगी। महिला उद्यमियों, अनुसूचित जाति जनजाति और पिछड़ा वर्ग के निवेशकों को विशेष रियायतें मिलेंगी। फोकस टूरिज्म डेस्टिनेशन में स्थापित किए जाने वाले प्रोजेक्ट्स को भी 5 प्रतिशत अतिरिक्त सब्सिडी प्रदान की जाएगी।यह सब्सिडी अधिकतम 30 प्रतिशत की सीमा तक ही सीमित रहेगी।पर्यटन क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए ब्याज सब्सिडी का प्रावधान किया गया है।5 करोड़ रुपए तक के बैंक ऋण पर 5 फीसदी ब्याज सब्सिडी दी जाएगी। निवेशक को प्रति वर्ष अधिकतम 25 लाख रुपए तक की सब्सिडी मिल सकेगी, जो अधिकतम 5 वर्षों तक लागू रहेगी। निवेशकों और उद्यमियों को प्रोत्साहन देने के लिए भी बड़े कदम भी उठाए गए हैं। नई घोषणा के तहत स्टाम्प ड्यूटी, भूमि रूपांतरण शुल्क और विकास शुल्क पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। इस निर्णय से निवेश प्रक्रिया को आसान बनाने के साथ-साथ राज्य में औद्योगिक और पर्यटन परियोजनाओं को गति मिलेगी।औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहित करने और युवाओं को अधिक रोजगार उपलब्ध कराने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। नई व्यवस्था के तहत ऐसी इकाइयों जो 50 या उससे अधिक स्थानीय कर्मचारियों की नियुक्ति करेंगी, उन्हें नियोक्ता द्वारा जमा किए जाने वाले ईपीएफ योगदान की प्रतिपूर्ति सरकार द्वारा की जाएगी। यह सुविधा अधिकतम 5 वर्षों तक उपलब्ध रहेगी। दिव्यांग जनोन्मुखी इकाइयों को प्रोत्साहित करने के लिए नई सुविधा लागू की है। इसके तहत यदि कोई इकाई दिव्यांग कर्मचारियों को रोजगार देती है, तो उसे प्रति कर्मचारी 1,500 रुपए प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। यह सुविधा अधिकतम 5 कर्मचारियों तक मान्य होगी। राज्य सरकार ग्रामीण पर्यटन को एक नए स्तर पर ले जाने की दिशा में काम कर रहा है। यह सिर्फ फार्म-स्टे बनाने की योजना नहीं है, बल्कि गांवों को संस्कृति, आजीविका और सीखने के जीवंत केंद्र बनाने का अभियान है। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा कि फार्म स्टे पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाना है।

# स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम: नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने की समीक्षा

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से गांधी जयंती तक मनाया जाएगा स्वच्छता पखवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक प्रदेशभर में ÷स्वच्छता ही सेवा 2025÷ पखवाड़ा मनाया जाएगा। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने लखनऊ स्थित संगम सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और स्वच्छता पखवाड़े को उत्सव की तरह मनाने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि जनभागीदारी से चलने वाला सामाजिक आंदोलन है। उन्होंने नगर निगमों और निकायों को वार्ड स्तर पर विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, स्कूल-कॉलेज, रामलीला स्थल और सार्वजनिक जगहों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। श्री शर्मा ने खास तौर पर ÷एक पेड़ मां के नाम÷ कार्यक्रम को बड़े पैमाने पर सफल बनाने के साथ वार्डवार पूरी क्षमता से स्वच्छता अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए। नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे अपने नगर निगम क्षेत्र के साथ ही अपने समीपवर्ती नगर पंचायतों में मशीनरी भेजकर विशेष स्वच्छता अभियान चलाएंगे। श्री शर्मा ने कहा कि पंद्रह दिन के इस विशेष अभियान में प्रारंभ के दस दिन सघन स्वच्छता पर और अंतिम के पांच दिन सुशोभन सुंदरीकरण पर बल दिया जाएगा।

# किसानों ने 13 ब्लॉकों में मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर जताई अपनी समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



मंगलवार को भारतीय किसान संघ ने जिले के सभी 13 ब्लॉकों में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन ब्लॉक विकास अधिकारियों के माध्यम से भेजा गया। किसान संघ के अनुसार फसलों की सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के लिए आवश्यक साधनों में लगातार कमियों के कारण किसान लगातार परेशान हैं। किसानों ने बताया कि खाद, बीज और कृषि रसायनों में मिलावट हो रही है, जिससे फसलें बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। इसके अलावा छुट्टा पशुओं का आतंक बढ़ता जा रहा है।और खेतों को नुकसान पहुंचा रहा है। सिंचाई की व्यवस्थाएं भी अधूरी हैं, कई नलकूप और नहरें खराब स्थिति में हैं। बिजली की बार-बार कटौती से रबी फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही है, जिससे किसान आर्थिक दबाव में हैं। किसान संघ ने ज्ञापन में अपनी प्रमुख मांगें रखीं। उन्होंने समय पर और गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज उपलब्ध कराने, खराब नलकूपों और नहरों की मरम्मत करने, मनरेगा के तहत सिंचाई नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने और रबी फसलों के लिए दिन में निर्बाध बिजली आपूर्ति करने की मांग की। संघ ने अधिकारियों कर्मचारियों के नियमित प्रशिक्षण की भीआवश्यकता जताई, ताकि वे किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लें और सेवा भाव से कार्य करें। कार्यक्रम में जिला मंत्री समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।उन्होंने किसानों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनके जल्द समाधान के लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया। किसान संघ ने चेतावनी दी कि यदि इन गंभीर समस्याओं का त्वरित समाधान नहीं किया गया, तो वे प्रदेशव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। संघ ने सभी किसानों से एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने का आह्वान किया। संघ के प्रतिनिधियों का कहना है, कि यह ज्ञापन केवल किसानों की समस्याओं को सरकार के समक्ष रखने का प्रयास है,लेकिन यदि गंभीरता दिखाई नहीं गई,तो किसानों की नाराजगी बड़े आंदोलन में बदल सकती है।इस अवसर पर उपस्थित किसानों ने जोर देकर कहा कि हम खेती से अपना और देश का पेट भरते हैं, लेकिन हमारी समस्याओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

### पत्रकारों के साथ गाली गलौज और अभद्र व्यवहार करने वाले वन विभाग के बीट इंचार्ज का छिना प्रभार

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** लकड़ी की अवैध कटान पर रिपोर्ट प्रकाशित करने के बाद पत्रकारों के साथ गाली गलौज और अभद्र व्यवहार करने वाले वन विभाग सिंहपुर, टिकरी और इन्हौना बीट के इंचार्ज रामेश्वर यादव को तत्काल प्रभाव से मोहनगंज भेज दिया गया। रामेश्वर यादव पर टिकरी और इन्हौंना बीट में प्रतिबंधित लकड़ी के अवैध कटान से जुड़ी शिकायतें और विवादास्पद गतिविधियां सामने आई थीं। सूत्रों के अनुसार पत्रकारों द्वारा लकड़ी की अवैधकटान पर रिपोर्ट प्रकाशित करने के बाद रामेश्वर यादव ने उनके साथ गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार किया था। इस मामले के बाद डीएम और डीएफओ ने उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए ।उच्च स्तरीय जांच के आदेश जांच के दौरान रामेश्वर यादव को मोहनगंज कार्यालय में अटैच कर दिया गया है,जिससे उनके हाथों से टीकरी और इन्हौंना बीट का प्रभार छिन गया।

# बोलेरो ने बाइक को मारी जोरदार टक्कर

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद के जायस कोतवाली क्षेत्र में देर रात एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। जगदीशपुर रोड स्थित सेठी तालाब के पास तेज रफ्तार बोलेरो ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद बोलेरो चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घायल भाइयों की पहचान अखिलेश मौर्य और चंद्रकेश मौर्य, पुत्रगण रामनरेश मौर्य निवासी घोसियाना के रूप में हुई है। दोनों भाई काम से लौटकर देर रात घर जा रहे थे कि अचानक सामने से आ रही बोलेरो ने अनियंत्रित होकर उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए एम्स रायबरेली रेफर कर दिया। हालांकि वहां भी हालत में सुधार न होने पर दोनों को लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया। खबर लिखे जाने तक उनका इलाज ट्रामा सेंटर में चल रहा है। घायलों के परिजन अर्जुन कुमार मौर्य ने बताया कि हादसे के बाद बोलेरो चालक अपना वाहन छोड़कर भाग निकला। हालांकि उसकी पहचान हो चुकी है। और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। इस हादसे से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि रात में तेज रफ्तार और लापरवाह वाहन चालकों के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से रात में सड़क पर गश्त बढ़ाने और ऐसे चालकों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। जायस कोतवाली पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है।तथा हादसे के लिए जिम्मेदार बोलेरो चालक को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस ने आश्वासन दिया है, कि लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# श्रमिक की मौत के बाद शव झाड़ियों में फेंकने का आरोप

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद के रामगंज थाना क्षेत्र में एक श्रमिक का शव सड़क किनारे झाड़ियों में पड़ा मिला। मृतक की पहचान राम बहाल 45 वर्ष के रूप में हुई है।परिजनों और ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ट्रैक्टर मालिक और उसके साथियों ने हादसे के बाद शव को झाड़ियों में फेंक दिया। और मामले की सूचना तक नहीं दी। जानकारी के अनुसार राम बहाल मजदूरी का काम करते थे। चार सितंबर को काम के दौरान वह ट्रैक्टर से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में उन्हें दुर्गापुर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया, या इलाज से मना कर दिया। इसके बाद परिजन उन्हें सुल्तानपुर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पुलिस जांच में सामने आया कि हादसे के बाद ट्रैक्टर मालिक त्रिलोकीनाथ और उनके साथी मृतक का शव ट्रैक्टर पर लादकर ले गए और सड़क किनारे झाड़ियों में फेंक दिया। मृतक की साइकिल और चप्पल भी मौके पर पड़ी मिली। इस घटना से पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। परिजनों ने आरोप लगाया कि ट्रैक्टर मालिक ने घटना की जानकारी छिपाने की कोशिश की और शव को अकेला छोड़ दिया। उन्होंने मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और मृतक परिवार को न्याय दिलाया जाए। रामगंज थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण मोहन सिंह ने बताया कि इस मामले में ट्रैक्टरमालिक त्रिलोकीनाथ समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस इंस्पेक्टर ने आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।घटना की जानकारी के बाद से मृतक के गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि श्रमिक की मौत के बाद शव को झाड़ियों में फेंकना अमानवीय कृत्य है।और दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

# जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ 11 सितंबर को डीएम के माध्यम से भेजेगा पीएम और शिक्षामंत्री को ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



सुप्रीम कोर्ट की तरफ से बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों को टीईटी की परीक्षा पास करने का अनिवार्य आदेश दिए जाने के बाद इसका अनवरत विरोध जारी है। शिक्षकों की तरफ से केंद्र सरकार ने कानून में संशोधन करने की मांग को लेकर लगातार अभियान सोशल मीडिया के माध्यम से चलाया जा रहा है। अब शिक्षकों की तरफ से 11 सितंबर को विशाल प्रदर्शन करके डीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री और शिक्षामंत्री को ज्ञापन भेजकर कानून में संशोधन की मांग की जाएगी।

जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की तरफ से 11 जून को किए जाने वाले विरोध प्रदर्शन को लेकर एक बैठक चक अहमदपुर में आयोजित की गई। चक अहमदपुर में आयोजित बैठक में शिक्षकों ने टीईटी परीक्षा के खिलाफ कड़ा विरोध जताते हुए सरकार से कानून में संशोधन की मांग की है।

जिलाध्यक्ष राघवेंद्र यादव ने कहा कि क्या किसी नौकरी की तैयारी करने वाला कोई अभ्यर्थी नौकरी पाने के दस, बीस, तीस बरस बाद उस परीक्षा को उतने ही सफलतापूर्ण ढंग से पास कर पाता है जितना कि नौकरी पाने के लिए? अदालत के इस फैसले ने कुछ शिक्षकों को झटका दे दिया है। इनमें अधिकतर पचास से पचपन वर्ष की आयु वाले वे शिक्षक हैं जो तमाम शारीरिक व्याधियों के बाद भी अपने काम को पूरी लगन और निष्ठा के साथ करने के लिए संघर्षरत हैं। उन्होंने कहा कि इस फैसले के मुताबिक आठवीं तक की कक्षा में पढ़ाने वाले शिक्षकों को टीईटी- यानी शिक्षक पात्रता परीक्षा पास करनी होगी। अगर वे ये परीक्षा नहीं देते तो उन्हें अवकाश ग्रहण करना होगा। अगर वे फेल हो गए तो शायद उनकी नौकरी ही चली जाए।

जिला संरक्षक समर बहादुर सिंह ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग में सेवा के कई दशक बीतने के बाद अब शिक्षकों को अध्यापक पात्रता परीक्षा (टीईटी) परीक्षा पास करने का आदेश सुप्रीम कोर्ट ने दिया है। इस आदेश के बाद हम शिक्षकों की तरफ से प्रधानमंत्री और शिक्षामंत्री को पत्र भेजकर नियमों में संशोधन की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि नौकरी में आने के बाद टीईटी की अनिवार्यता को थोपना उचित नहीं है। उन्होंने इसकी तुलना खेल से करते हुए कहा कि जैसे खेल शुरू होने के बाद नियम नहीं बदले जा सकते, वैसे ही यह निर्णय भी उचित नहीं है।

जिला महामंत्री सियाराम सोनकर ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम एवं एनसीटीई अधिनियम लागू होने के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा से छूट प्रदान करने हेतु अधिनियम में संशोधन हेतु एक मांग पत्र देश के प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री को सम्बोधित ज्ञापन 11 सितंबर को के जिलाधिकारी के माध्यम से दिया जाएगा।

जिला कोषाध्यक्ष शिवशरण सिंह ने कहा पीएम को ज्ञापन देने के बाद 13 से 26 सितंबर तक लोकसभा सांसदों एवं राज्य सभा सांसदों के माध्यम से भारत सरकार को संशोधन करने का मांग पत्र दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर भारत सरकार की तरफ से कोई ध्यान नहीं दिया जाता है और संशोधन हेतु कोई निर्णय नहीं लिया जाता है तो देश तथा प्रदेश का लाखों बेसिक शिक्षक दिल्ली में धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इस अवसर पर शांति अकेला, पन्नालाल, हरिकेश यादव, साधना शर्मा, सुनीता सिंह, राकेश पटेल, सुरेन्द्र वर्मा, सुनील यादव, शिवकुमार सिंह, लालबहादुर यादव, मेराज अहमद, रविप्रकाश श्रीवास्तव, चन्द्र प्रकाश, धर्मेंद्र वर्मा, सुनील मिश्र, शिवेंद्र सिंह, शिवप्रताप मौर्य सहित दर्जनों शिक्षक व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष तथा संगठन महामंत्री का किया गया जोरदार स्वागत

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह और क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा का बलरामपुर में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर एमएलके पीजी कॉलेज सभागार में मंडल अध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र संयोजकों की विशेष बैठक आयोजित की गई।

जानकारी के अनुसार 9 सितंबर को आयोजित भारतीय जनता पार्टी की बैठक में आगामी सेवा पखवाड़ा, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव तथा सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की शुरुआत भारत माता, पंडित दीन दयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण ल दीप प्रज्वलन के साथ हुई। वंदे मातरम् के साथ बैठक की औपचारिक शुरुआत की गई। संगठन महामंत्री धर्मपाल ने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है, और उसकी शक्ति का मूल स्रोत शक्ति केंद्र संयोजक हैं। उन्होंने कहा कि शक्ति केंद्र संयोजक हमारे संगठन का प्राण हैं और यह संगठन का पावर सेंटर होते हैं।

उन्होंने मंडल अध्यक्षों व संयोजकों से आवाहन किया कि वे बूथ स्तर पर सरकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। धर्मपाल जी ने आगामी सेवा पखवाड़ा (17 सितंबर - 2 अक्टूबर) को प्रभावशाली ढंग से मनाने, मतदाता पुनरीक्षण अभियान को गंभीरता से संचालित करने तथा पंचायत चुनावों की तैयारी में संगठनात्मक मजबूती को प्राथमिकता देने की बात कही। क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं। उन्होंने नए मतदाताओं को जोड़ने, फर्जी व मृत मतदाताओं को हटाने तथा पन्ना प्रमुखों के साथ संवाद मजबूत करने पर जोर दिया। बैठक का संचालन करते हुए जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत की।

जिलाध्यक्ष रवि मिश्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि बलरामपुर भाजपा संगठन पूरी ऊर्जा के साथ सेवा पखवाड़ा व चुनावों के लिए तैयार है। इस बैठक में सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, पूर्व विधायक शैलेष सिंह शैलू, चेयरमैन डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू, चेयरमैन रवि वर्मा, प्रिंस वर्मा, ब्लॉक प्रमुख शक्ति सिंह, पंकज सिंह, महिपाल चौधरी, पूर्व अध्यक्ष राकेश सिंह, प्रदीप सिंह, डॉ. जेपी पांडेय, डीपी सिंह बैस, विनय मिश्रा, ललिता तिवारी, मंजू तिवारी, आद्या सिंह पिंकी व बंदना पासवान समेत जिले भर के मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, मोर्चों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### महिलाओं के लिए 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** महिला कल्याण विभाग द्वारा संकल्प हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन योजना के तहत जनपद में 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला महिला थाना गौरीगंज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में विभागीय कर्मियों ने महिलाओं को विभिन्न योजनाओं और सेवाओं की जानकारी दी ।उपस्थित महिलाओं को पंपलेट वितरित कर सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। जेंडर स्पेशलिस्ट राकेश कुमार ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। वहीं डीएमसी ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों के महत्व पर प्रकाश डाला ।इस अवसर पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना और स्पॉन्सरशिप योजना की जानकारी साझा की गई।

# सात दिवस के अंदर न्यायालय में अपना पक्ष करें प्रस्तुत : एसडीएम महराजगंज

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



उप जिलाधिकारी महराजगंज गौतम सिंह ने बताया है कि न्यायालय के आदेशानुसार कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या टी0- 20231058010 1013 उ0प्र0 राज्य बनाम धीरेन्द्र सिह आदि अन्तर्गत धारा 38(5) उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 ग्राम बैती पर0 कुम्हरावां तहसील महराजगंज जिला रायबरेली में प्रतिवादीगण कमशः धीरेन्द्र सिंह पुत्र ध्यान पाल सिंह निवासी ग्राम बैती पर0 कुम्हरावां तहसील महराजगंज जिला रायबरेली, वर्तमान निवासी म0सं0 391/8 इन्दर एन्कलैब फेस-1 किरारी सुलेमान नगर निठारी उत्तर पश्चिम दिल्ली। योगेन्द्र सिंह पुत्र ध्यान पाल निवासी ग्राम बैती पर0 कुम्हरावां तहसील महराजगंज जिला रायबरेली, वर्तमान निवासी म0सं0 391/8 इन्दर एन्क्लेव फेस-1 किरारी सुलेमान नगर निठारी उत्तर पश्चिम दिल्ली। दिनेश सिंह पुत्र ध्यान पाल सिंह निवासी ग्राम वैती पर0 कुम्हरावां तहसील महराजगंज जिला रायबरेली, वर्तमान निवासी के0 60 कृष्ण बिहारी सुल्तानपुरी सी ब्लॉक उत्तर पश्चिम दिल्ली। उर्मिला पत्नी स्व0 वीरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम बैती पर0 कुम्हरावां तहसील महराजगंज जिला रायबरेली वर्तमान निवासी 555 का 0-015 शिव बिहार कालोनी मान नगर लखनऊ। रोहित कुमार चौरसिया पुत्र रमेश कुमार चौरसिया निवासी ग्राम कौशलपुरी खरगापुर लखनऊ। माया देवी पत्नी अम्बिका प्रसाद निवासी ग्राम केशर खेडा मजरे चितवनिया पर0 कुम्हरावां तहसील महराजगंज जिला रायबरेली। आशा देवी पत्नी चन्द्रिका प्रसाद निवासी ग्राम केशर खेड़ा मजरे चितवनिया पर0 कुम्हरावां तहसील महराजगंज जिला रायबरेली।

महराजदीन पुत्र छेदा लाल निवासी ग्राम वैती परगना कुम्हरावां तहसील महराजगंज जिला रायबरेली अपना पक्ष नोटिस के प्रकाशन से सात दिवस के अन्दर न्यायालय उपजिलाधिकारी महराजगंज में प्रस्तुत करे, यदि उपरोक्त अवधि में उनके द्वारा कोई उत्तर प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो यह माना जाएगा कि उन्हे इस विषय में कुछ नहीं कहना और तदनुसार वाद का निस्तारण गुणदोष के आधार पर कर दिया जायेगा।

# राज्य सूचना आयुक्त ने की जन सूचना के लंबित प्रकरणों व जन शिकायतों की समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




राज्य सूचना आयुक्त, उत्तर प्रदेश पदुम नारायण द्विवेदी का मंगलवार को जनपद रायबरेली आगमन हुआ। पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया।

इसके उपरांत उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों संग जन सूचना से संबंधित लंबित अपीलों एवं शिकायत प्रकरणों की समीक्षा बैठक की। समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि आरटीआई के माध्यम से प्राप्त सभी शिकायतों का निस्तारण समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाए। विलंब की स्थिति में अर्थदंड एवं विभागीय कार्यवाही की संस्तुति भी की जा सकती है।

सूचना आयुक्त ने कहा कि जन सूचना अधिनियम का मुख्य उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता लाना है। सरकार की भी यही मंशा है कि प्रशासन और आम जनमानस के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित हो। उन्होंने जन सूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपील अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का समय से निस्तारण करें। जिन बिंदुओं पर सूचना नहीं दी जा सकती उसके कारण का भी अवश्य उल्लेख करें। उन्होंने रायबरेली जिला प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि यहाँ जन सूचना के मामलों का निस्तारण बेहतर ढंग से किया जा रहा है तथा लंबित प्रकरणों की संख्या भी अपेक्षाकृत कम है।

बैठक में आरटीआई विशेषज्ञ शैलेंद्र सिंह चौहान ने जन सूचना अधिकार अधिनियम की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से माननीय राज्य सूचना आयुक्त को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा सहित जनपद के समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### एनएसपीएस त्रिपुला में गुरु वंदन, छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम में सम्मानित हुए शिक्षक और छात्र

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में भारत विकास परिषद द्वारा छात्र वंदन गुरु अभिनन्दन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव, कार्यक्रम के सह संयोजक देवेंद्र श्रीवास्तव, सदस्य विभा श्रीवास्तव और नागेंद्र श्रीवास्तव के साथ प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने माँ सरस्वती की पूजा अर्चना की और डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य प्रजापति और शिक्षक राम किशोर यादव, छात्रा कृतिका, श्रेया एवं उत्कर्ष को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य ने भारत विकास परिषद के अध्यक्ष सहित आये हुए अतिथियों को कार्यक्रम संयोजन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि गुरु और विद्यार्थी एक दूसरे के पूरक होते है, एक शिक्षक का सम्मान उसके छात्र की सफलता तय करती है।

परिषद के अध्यक्ष श्रीवास्तव ने बताया कि शिक्षक सदैव वंदनीय है और छात्र अभिनंदन के पात्र, इसी उद्देश्य से संस्था द्वारा प्रति वर्ष यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

# केंद्रीय दुर्गा पूजा समन्वय समिति की नई कार्यकारिणी का गठन

- डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह अध्यक्ष व अविनाश मिश्रा को बनाया गया कार्यकारी अध्यक्ष

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के झारखंडी महादेव मंदिर प्रांगण में सोमवार की शाम मां दुर्गा महोत्सव केंद्रीय समन्वय समिति की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता समिति के संस्थापक अध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव ने की। बैठक में समिति की वर्तमान अध्यक्ष कुसुम चौहान ने अस्वस्थता के कारण अपने पद का त्याग कर दिया। इसके उपरांत पूर्व समिति को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

जानकारी के अनुसार केंद्रीय दुर्गा पूजा समन्वय समिति के संस्थापक अध्यक्ष राज कुमार श्रीवास्तव द्वारा नामित किए जाने पर दुर्गा पूजा कमेटियों के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह **धीरू** को अध्यक्ष व अविनाश मिश्रा को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। समिति में घनश्याम चौहान, मनोज साहू और अंकुर चौहान **मालू** को महामंत्री, अजीत श्रीवास्तव, डॉ. तुलसीश दुबे और संजय श्रीवास्तव **मुन्ना** को उपाध्यक्ष तथा बाबूलाल गुप्ता को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यकारी अध्यक्ष अविनाश मिश्रा ने कहा कि नई कार्यकारिणी को जो दायित्व मिला है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से किया जाएगा। अन्य पदाधिकारियों का चयन अगली बैठक में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी दुर्गा पूजा कमेटी को किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

समिति उनके साथ हमेशा खड़ी रहेगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि आगामी कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी व भव्य बनाने का प्रयास किया जाएगा। नव निर्वाचित उपाध्यक्ष डॉ तुलसीश दुबे ने बताया कि मां दुर्गा पूजा केंद्रीय समन्वय समिति की कार्यकारिणी में समस्त दुर्गा पूजा आयोजन समितियों के अध्यक्ष व महामंत्री तथा बलरामपुर नगर पालिका परिषद के समस्त वार्डों के सभासद पदेन सदस्य रहेंगे। इस मौके पर उपस्थित सभी दुर्गा पूजा कमेटी के सदस्यों ने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं और समिति की गतिविधियों को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान राम नरेश त्रिपाठी, कमलेश त्रिपाठी, डी एन सिंह, पाटेश्वरी प्रसाद गुप्ता, मुकेश शुक्ला, राजकुमार पाण्डेय, सौरभ त्रिपाठी, राघवेंद्र कांत सिंह मंटू, नंद लाल तिवारी, संदीप मिश्रा, विनोद गिरि, बंटी साहू, मनीष तिवारी, सिद्धार्थ साहू, जय प्रकाश श्रीवास्तव, आनंद किशोर गुप्ता, कुन्नू कश्यप, अम्बरीष शुक्ला, लक्की गुप्ता, आलोक त्रिपाठी, सोनू गौतम, वैभव त्रिपाठी, मोनू दुबे, शुभम् मौर्य, शिवम् वाल्मीकि, गोविंद चौधरी, हीरालाल पासवान आशीष शुक्ला, निशांत चौहान सहित नगर और आसपास गांवों की दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सनातनी लोग उपस्थित रहे।



**बस्ती डायट में सजी भव्य एलुमनाई मीट...**

बस्ती का जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) मंगलवार को उस ऐतिहासिक क्षण का गवाह बना, जब शिक्षा का अतीत और वर्तमान एक ही मंच पर सजीव हो उठा... ▸ शेष पेज 10 पर...

# बाढ़ का कहर- गंगा के जलस्तर में बीते दो दिनों में 12 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी

## बाढ़ प्रभावित गांवों के ग्रामीणों ने गंगा बैराज हाईवे पर ली शरण







जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिठूर। पहाड़ी क्षेत्रों पर लगातार हो रही बारिश के चलते गंगा के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। बीते दो दिनों में गंगा के जलस्तर 12 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। गंगा के लगातार बढ़ते जल स्तर को देखते हुए बाढ़ प्रभावित गांव के ग्रामीण दहशत में है। बाढ़ का कहर लगातार जारी है। अगले दो दिनों में गंगा के जलस्तर में और बढ़ोतरी होने की संभावना है। जिसकी वजह से जिला प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र को अलर्ट मोड पर रखा है। ग्रामीणों को घरों से निकलकर गंगा बैराज हाईवे पर अस्थाई टेंटो में रहने के लिए कहा गया है। जिला प्रशासन के मुताबिक अभी तक गंगा बैराज हाईवे पर लगभग 1500 लोगों ने अस्थाई टेंट बनकर रहना भी शुरू कर दिया है।

कई गांवों में बाढ़ का पानी घरों तक घुस चुका है जिससे ग्रामीणों को अपना आशियाना छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन करने के अलावा और कोई दूसरा रास्ता नजर नहीं आ रहा है। हालात इतने बिगड़ गए कि लोग अपने मवेशियों को भी साथ लेकर बैराज हाईवे पर शरण लेने को मजबूर हो गए हैं। कानपुर में गंगा का जलस्तर लगातार छठे दिन भी बढ़ा। मंगलवार को गंगा बैराज पर तैनात गेज रीडर उत्तम कुमार पाल ने बताया कि गंगा बैराज का जल स्तर 114.93 मीटर तक पहुंच गया। कानपुर गंगा बैराज से 4,42793 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जब कि हरिद्वार से 81,742 क्यूसेक और नरौरा से 1,15,180 क्यूसेक पानी गंगा में छोड़ गया है। दुर्गा पुरवा गांव के रहने वाले रवि कुमार निषाद उर्फ गुड्डू का कहना है कि गंगा के लगातार बढ़ते जल स्तर की वजह से हजारों बीघा फसल सब्जी की फसल पूरी तरीके से नष्ट हो चुकी है। कई गांवों में पानी भर गया है। घरों और रास्तों में जल भराव की वजह से लोग नावों के जरिए बाहर निकल रहे हैं। कही-कही तो ग्रामीणों को गांव से बाहर निकालने के लिए ट्रैक्टर तक का सहारा लेना पड़ रहा है।

मवेशियों के लिए चारे की भारी किल्लत हो रही है। इसके लिए गांव की महिलाएं काफी दूर से हरा चारा काट कर सर पर ले जाते हुए भी नजर आई। खेत पूरी तरह डूब चुके हैं और चारा काटने तक की व्यवस्था नहीं बची है। ग्रामीण प्रशासन से राहत सामग्री के साथ-साथ पशुओं के लिए चारा उपलब्ध कराने की मांग कर रहे हैं। प्रशासन ने हालात को गंभीर को देखते हुए बैराज हाईवे पर जगह-जगह शेल्टर होम और मेडिकल कैंप की व्यवस्था की है। मंगलवार को गंगा बैराज हाईवे पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर के दो टीमों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले लोगों का निशुल्क इलाज करने के लिए लगाया गया।

साथ ही साथ पशु चिकित्सकों की टीम भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगाई गई है।

प्रभावित लोगों को खाना दवा और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। भारी संख्या में मवेशियों संग पहुंचे ग्रामीणों को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। यश कोठारी से गंगा बैराज मार्ग पर वन वे व्यवस्था लागू की गई है। यश कोठारी चौराहा से गंगा बैराज तक जाने वाली लेन को एक ओर से बंद कर दिया गया है। वाहनों की आवाजाही गंगा बैराज से यश कोठारी वाले लेने पर डायवर्ट कर दिया गया है। वहीं भारी संख्या में हाईवे पर पहुंचे ग्रामीणों की मदद के लिए राजनेता और समाजसेवी भी आगे आए हैं। लगातार राहत सामग्री बांटकर वे लोगों की परेशानियों को कम करने की कोशिश कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि गंगा का जलस्तर इसी तरह बढ़ता रहा तो आने वाले दिनों में और भी गांव बाढ़ की चपेट में आ सकते हैं।

### ख़्योरा कटरी के ये गांव गंगा की बाढ़ से हुए जलमग्न

ग्राम पंचायत ख्योरा कटरी के पूर्व ग्राम प्रधान अशोक कुमार निषाद ने बताया कि बनिया पुरवा, भगवानदीन पुरवा, भोपाल पुरवा, दुर्गा पुरवा, गिल्ली पुरवा, लक्ष्मण पुरवा, मक्का पुरवा के अलावा ग्राम पंचायत हिंदूपुर का शिवदीन पुरवा, पुराना डल्लापुरवा, नया डल्लापुरवा, गांव पूरी तरीके से जल मग्न हो गये है। इसके अलावा ग्राम पंचायत प्रतापपुर के प्रतापपुर हरि, पपरियां, छोटी पपरिया, डल्ला पुरवा, गांव में रहने वाले ग्रामीणों को भी बाढ़ की मार झेलनी पड़ रही है।

### जिला प्रशासन विधि का अलर्ट मोड पर बांटे 800 लंच पैकेट

गंगा के लगातार बढ़ते जल स्तर को ध्यान में देते हुए जिला प्रशासन भी इस वक्त अलर्ट मोड पर नजर आ रहा है। दो दिनों में गंगा के जलस्तर में 12 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी दर्ज होने के बाद जिला प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में फंसे सभी ग्रामीण को शेल्टर कैंप में रुकने के लिए कहां है। इसके अलावा निर्माण किया जा रहा है जिसमें ग्रामीणों के रहने की व्यवस्था की जाएगी। बिजली विभाग को भी बाल प्रभावित क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुचार रखने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। मंगलवार को जिला प्रशासन की ओर से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में 800 लंच पैकेट का वितरण किया गया यह जानकारी विनय कुमार द्विवेदी ने दी। उन्होंने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लेखपालों की टीमें लगाई गई है। जो हर 1 घंटे की अपडेट उच्च अधिकारियों को देते हैं।

### सपा ने भी लगाया बाढ़ राहत शिविर

बीते दिन मंगलवार को बनियापुरवा चौकी के पास समाजवादी पार्टी ने भी बाढ़ राहत शिविर की शुरुआत की है। बिठूर विधानसभा के पूर्व सपा विधायक मुनीद्र शुक्ला ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। साथ ही साथ बाढ़ से प्रभावित ग्रामीणों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि जब तक बाढ़ प्रभावित गांव से गंगा का जलस्तर घटना प्रारंभ नहीं होता तब तक लगातार बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को प्रतिदिन राहत सामग्री का वितरण किया जाएगा।

# गंगा नदी में अचानक आया बांध का पानी खेरेश्वर गंगापुल का आवागमन पुलिस ने किया बंद

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के थाना शिवराजपुर से उन्नाव सीमा क्षेत्र को जोड़ने वाले खेरेश्वर घाट गंगा पुल के करीब बह रही गंगा की धार और क्षेत्र में जल स्तर बढ़ने से साथ ही पुल के ऊपर हिस्से के करीब पहुंचने को देखते हुए प्रशासन ने मंगलवार को शिवराजपुर से उन्नाव जनपद की सीमा को जोड़ने वाले खेरेश्वर गंगा पुल पर आवाजाही को रोक दिया गया। इसके चलते राहगीरों को लंबी दौड का सामना करना पड़ेगा। देश के कई हिस्सों में बाढ की तबाही का असर अब बिल्हौर तहसील क्षेत्र में भी दिखने लगा है। गंगा के उफान का दायरा लगातार बढ़ता ही जा रहा है।इससे हालात बेकाबू हो रहे हैं। मंगलवार को स्थानीय जनपद की सीमा सेशुरू होकर उन्नाव जनपद को जाने वाले गंगा पुल को सुरक्षा कारणों से बंद कर दिया गया। पुल के दोनों किनारों पर पुलिस बल तैनात है। फिलहाल यहां से गुजरने की इजाजत नहीं है। यह पुल बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर अंतर्गत खेरेश्वर घाट के नजदीक है। जो रास्ता तय करने पर उन्नाव जनपद की सीमा समाप्त होता है। लगातार तेज बहाव के चलते पुल का दूसरा छोर क्षतिग्रस्त हो गया है, स्थानीय लोगों ने बताया पुल पर आवाजाही बंद होने के कारण अब उन्हें काफी लंबा चक्कर काटना पड़ेगा। इसका इसका सीधा असर रोजमर्रा का व्यवसाय करने के लिए पुल से गुजरने वाले सैकड़ों लोगों की जेब पर होगा। परगना अधिकारी डॉक्टर संजीव कुमार दीक्षित ने बताया हर क्षेत्र के लेखपाल और कानून को स्थिति पर नजर रखने के लिए तैनात कर दिया गया है।

# परियर मुख्य मार्ग से एक दर्जन गांव का संपर्क टूटा



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

परियर। सदर तहसील के परियर क्षेत्र में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। उन्नाव कानपुर को जोड़ने वाली परियर बिठूर सड़क पर पानी कई जगह दो से तीन फिट तक भर गया है। अगर ऐसे ही गंगा का जलस्तर बढ़ता रहा तो जल्द ही उन्नाव कानपुर को जोड़ने वाला परियर बिठूर मार्ग पूरी तरह से प्रभावित होगा। गंगा नदी ने विकराल रूप धारण कर लिया है। जिससे क्षेत्र के एक दर्जन गांवों का संपर्क मुख्य मार्ग से टूट गया है। जिससे आवागमन का एक मात्र साधन नाव है। प्रभावित गांवों में मानाबांग्ला, ललतूपुरवा, महानंदा पुरवा, टपरा, अतरी, बहरौला, पनपथा, जुड़ापुरवा, बाबूबंगला और वंदनपुरवा शामिल हैं। मंगलवार जिला बेसिक शिक्षा अधकारी संगीता सेंगर, एवं खंड विकाश अधिकारी ने बाढ़ गस्त विद्यलयों का निरक्षण किया,और बाढ़ राहत सामग्री वितरित की, बढ़ने वाले बच्चों को किताबें पेन, बिस्कुट, व चॉकलेट वितरित किया, न्याय पंचायत प्रभारी गिरीश पाण्डेय, आनंद यादव प्रदीप द्विवेदी, करुनेश तिवारी और भी बहुत सारे शिक्षक उपस्थित रहे।

# ऑटोमैटिक वाहनों को साइबर हमलों से बचाने का टूल करेंगे विकसित

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

आईआईटी कानपुर के अपग्रेडेड सी3आई हब ने ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई) के साथ समझौता किया है। इसका उद्देश्य ऑटोमोटिव साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार और सहयोग को बढ़ावा देना है। सी3आई हब में आयोजित कार्यक्रम में एआरएआई के निदेशक डॉ. रेजी मथाई, आईआईटी के डीन आरएंडडी प्रो. तरुण गुप्ता और सी3आई हब की सीईओ डॉ. तनीमा हाजरा ने निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल की उपस्थिति में हस्ताक्षर किया।

प्रो.मणींद्र ने कहा कि इस समझौते के बाद डिजिटल और ऑटोमैटिक हो रहे वाहनों पर बढ़ रहे साइबर हमलों से सुरक्षित रखने के लिए वैज्ञानिक रिसर्च कर नए-नए टूल व तकनीक विकसित करेंगे। दोनों संस्थान के वैज्ञानिक संयुक्त रूप से समाधान विकसित करने और ऑटोमोटिव सुरक्षा अनुसंधान में क्षमता निर्माण का प्रयास करेंगे।

# जमीन अधिग्रहण निरस्त करने को लेकर ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिठूर। मंधना क्षेत्र में आवास विकास परिषद द्वारा अधिग्रहीत जमीन का अधिग्रहण निरस्त करने को लेकर मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने बीजेपी महिला मोर्चा कि जिला मंत्री श्वेता सिंह के नेतृत्व में जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी जमीन का अधिग्रहण कई वर्ष पूर्व किया गया था लेकिन आज तक न तो उन्हें उचित मुआवजा दिया गया और न ही जमीन का अधिग्रहण किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि जमीन अधिग्रहण के समय जो दरें तय की गई थीं वे आज की बाजार दर की तुलना में बेहद कम हैं। समय बीतने के बावजूद उन्हें कोई संतोषजनक भुगतान नहीं मिला जिसके चलते ग्रामीण परिवार आर्थिक तंगी झेल रहे हैं। किसानों ने कहा कि हमारी जमीन 2009 में अधिग्रहण की घोषणा की गई थी और जगह-जगह पर आवास विकास परिषद के बोर्ड लगा दिए गए। 15 साल हो गए लेकिन किसानों को सही मूल्य नहीं मिला और न ही आवास विकास परिषद ने जमीन पर कोई कब्जा लिया। किसान अब किसी कीमत पर जमीन आवास विकास परिषद को नहीं देना चाहते इसलिए आवास विकास परिषद द्वारा अधिग्रहण की घोषणा निरस्त की जाए। बीजेपी महिला मोर्चा की जिला मंत्री श्वेता सिंह ने बताया कि 15 साल पहले उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद द्वारा मंधना भूमि विकास एवं गृह स्थान योजना संख्या 4 के लिए परगही बांगर विरतियांन बिठूर बागदौधी बांगर बागदौधी कछार तथा पेम गांव की जमीनों के लिए अधिसूचना जारी की गई थी। उपरोक्त गांवों के किसान परिषद द्वारा आवास विकास योजना संख्या 4 के बोर्ड जगह जगह लगा देने के कारण किसी प्रकार का क्रय विक्रय नहीं हो पा रहा जिससे कृषकों की पारिवारिक हालत बहुत ज्यादा दयनीय हो गई है जिसकी सूचना समय-समय पर भूमि आपत्ति अधिकारी एवं जिला अधिकारी को दी जाती रही है कृषकों की अपनी निजी समस्याएं एवं आवश्यकताएं हैं जैसे बच्चों की उच्च शिक्षा बीमारी शादी विवाह आदि महत्वपूर्ण कार्य करने होते हैं जिससे सभी किसान पिछले 15 सालों से खुद को प्रताड़ित और ऐसा है महसूस कर रहे हैं। जिला मंत्री श्वेता सिंह ने कहा की परिषद द्वारा अधिग्रहित की गई जमीन पर लगभग हजारों संख्या में मकान बन चुके हैं उनके भी बेघर होने का डर है। जिला मंत्री श्वेता सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि आवास विकास के अधिकारी अपने मनमानी रवैये से सरकार की छवि धूमिल करने का काम कर रहे हैं जहां एक और सरकार द्वारा आज की डेट में चार गुना मुआवजा दिया जा रहा है वह चाहे रिंग रोड का अधिग्रहण हो रेलवे का हो राष्ट्रीय राजमार्ग का हो वही आवास विकास के अधिकारियों द्वारा की जा रही जबरदस्ती सरकार की साख पर बट्टा लगाने का काम कर रही है इसी बात को लेकर किसानों में रोष है। किसान अपनी जान देने को तैयार है परंतु किसी कीमत पर जमीन देने को तैयार नहीं है।ग्रामीणों ने जिला अधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में स्पष्ट किया कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो वे धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि आंदोलन के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की जिम्मेदारी प्रशासन और आवास विकास परिषद की होगी। जिला अधिकारी ने ज्ञापन प्राप्त कर ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा ग्रामीणों की मांगों पर संबंधित विभाग से रिपोर्ट मांगी जाएगी और नियमों के तहत आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।ग्रामीणों की बढ़ती नाराजगी से यह साफ है कि मंधना क्षेत्र में जमीन मुआवजे का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो यह मामला बड़े आंदोलन का रूप भी ले सकता है।

# ऑटो चालकों ने शोरूम घेरा

## कीमत से ज्यादा वसूलने व टैक्स इनवॉइस न देने का लगाया आरोप



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कानपुर नगर। कल्याणपुर स्थित आवास विकास एक के ईवी ऑटो शोरूम शंटी बंटी मोटर्स पर दो दर्जन से अधिक ईवी ऑटो चालक एकत्रित होकर जमकर हंगामा किया। ऑटो चालकों ने आरोप लगाया कि शोरूम से वाहन खरीदते समय उनसे निर्धारित मूल्य से ज्यादा कीमत वसूली गई और कई साल बीत जाने के बावजूद उन्हें टैक्स इनवॉइस नहीं दी गई। ऑटो चालक इरफान ने बताया कि जिले के विभिन्न हिस्सों से आए लोग ईवी ऑटो खरीदने के दौरान शोरूम द्वारा मनमाने तरीके से अधिक रकम वसूली गई। साथ ही, खरीदी के समय वैध टैक्स इनवॉइस नहीं दी गई, जिससे उन्हें वित्तीय समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। हंगामे की सूचना पाकर कल्याणपुर पुलिस मौके पर पहुंची। वही पूरे मामले को लेकर इंस्पेक्टर अजय प्रकाश ने कहा कि सभी पक्षों से तफतीश कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# मेट्रो की मनमानी ने नाराज महापौर ने अफसर को कीचड़ में धकेला, शहर में मेट्रो का निर्माण कार्य रुकवाया

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

शहर में हुए जलभराव को देखने मंगलवार को निकलीं महापौर प्रमिला पांडेय मेट्रो की खोदाई पर भड़क गईं। अपने सामने ही देवकी टाकीज के पास मेट्रो के कार्य में लगे मजदूरों को भगा दिया। चावला मार्केट में बहस कर रहे मेट्रो अधिकारी को जलभराव में धकेलने की कोशिश की। उन्होंने सख्त तेवर दिखाते हुए शहर में मेट्रो के निर्माण कार्यों पर रोक लगाने की बात कही। कहा कि जहां भी मेट्रो का काम होगा, नगर निगम उसे रुकवा देगा।

सोमवार को दो घंटे की बारिश से पूरे शहर में जलभराव हुआ था। इस पर मंगलवार सुबह महापौर प्रमिला पांडेय और नगर आयुक्त सुधीर कुमार जलभराव की स्थिति का जायजा लेने निकले। वह सबसे पहले चावला मार्केट चौराहा पहुंचीं। उन्होंने मौके पर मेट्रो के अफसर तरुण कुमार और ठेकेदार समीर को बुलाया। महापौर ने कहा कि मेट्रो की लापरवाही से कई महीनों से जूही स्वदेशी मिल के पास करीब 300 मीटर लंबी सीवर लाइन टूटी पड़ी है। इससे आठ वार्डों में बारिश होते ही जलभराव हो जाता है। कई बार कहने के बावजूद समस्या का निस्तारण नहीं हुआ।

पार्षद नवीन पंडित से मेट्रो अधिकारियों की बहस और धक्का-मुक्की भी हुई। पार्षद ने चेतावनी दी तो मेट्रो अधिकारी विरोध जताने लगे। मौके पर मौजूद अन्य अधिकारियों ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया। इसी बीच मेट्रो अफसरों की महापौर से भी बहस होने लगी। गुस्से में महापौर ने तरुण कुमार को खींचकर कीचड़ से भरे गड्ढे में धक्का दे दिया। पास खड़े मुख्य अभियंता एसएफए जैदी और पूर्व पार्षद ने हाथ पकड़कर मेट्रो अफसर को गिरने से बचाया। महापौर के सख्त तेवर देख मेट्रो अफसर और ठेकेदार भाग निकले।

इसके बाद महापौर काकादेव पहुंचीं। यहां भी लोगों ने जलभराव और मेट्रो की खोदाई से सड़कें खस्ताहाल होने की शिकायत की। इस पर महापौर ने ठेकेदार और मौके पर मौजूद मेट्रो अधिकारियों से पूछा-ऐसा कब तक चलेगा। मेट्रो अधिकारी जवाब नहीं दे सके तो महापौर ने तुरंत काम बंद करने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान मुख्य अधियंता सिविल सैय्यद फरीद अख्तार जैदी, जलकर महाप्रबंधक आनंद कुमार त्रिपाठी, जोन-5 के अधिशासी अभियंता रामेंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

# शहर जाम, पानी ने घेरीं सड़कें और 100 से ज्यादा मोहल्लों में जलभराव

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कानपुर में तेज बारिश से सोमवार को लगभग आधा शहर जलमग्न हो गया। गंगा और पांडु नदी के उफनाने से इनमें गिरने वाले सीसामऊ, सीओडी, रफाका नाले बैकफ्लो हो गए। बारिश के बाद शहरवासी जाम से भी परेशान हुए। जूही खलवा पुल बंद होने से झकरकटी पुल, नयापुल और गोविंदपुरी पुल पर जाम लगा। हैलट रोड सहित कई मार्गों पर एंबुलेंस फंसी रहीं। बर्रा रोड में गड्ढे नजर नहीं आने से लोडर पटल गया। केशवपुरम में मंदिर की दीवार गिरने से कार, बाइक क्षतिग्रस्त हो गई।

उधर, नगर निगम ने जलभराव से निजात के लिए क्विक रिस्पॉन्स टीमें सक्रिय करने का दावा किया पर कई जगह रात तक पानी नहीं निकला। सोमवार को हुई बारिश से नगर निगम मुख्यालय में पानी टपकने के साथ ही परिसर से केडीए रोड तक जलभराव हुआ। अशोकनगर, सर्वोदयनगर, कौशलपुरी, शास्त्रीनगर, विजयनगर से लेकर गोविंदनगर, साकेतनगर, निरालानगर, किदवईनगर, कल्याणपुर, आवास विकास अंबेडकरपुरम, मंगला विहार सहित 100 से ज्यादा मोहल्लों में पानी भर गया।

सीओडी नाला बैकफ्लो होने से ग्वालटोली, खलासी लाइन के घरों में गंदा पानी और सिल्ट पहुंची। दक्षिणी क्षेत्र में सीओडी नाला बैकफ्लो होने आरबीआई नाला भी उफना गया।

# पीएसआईटी की नैंसी को मिला कुलाधिपति स्वर्ण पदक, एकेटीयू के दीक्षांत में राज्यपाल ने किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में पीएसआईटी कानपुर के छात्रों ने परचम लहराया। पीएसआईटी की बीटेक-सीएसएआईएमएल की छात्रा नैंसी को कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल, मुख्य अतिथि कैप्टन शुभांशु शुक्ला एवं प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने कुलाधिपति स्वर्ण पदक से नवाजा।

नैंसी के अलावा एमबीए की आयुषी गोयल को गोल्ड मेडल और दीपांजलि सचान को कांस्य पदक, एमसीए शक्ति गुप्ता को रजत पदक और शुभ शुक्ला को कांस्य पदक दिए गए। बीटेक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस इन मशीन लर्निंग (एआईएमएल) करने वाली नैंसी इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना चाहती हैं। कानपुर देहात के पुखरायां निवासी नैंसी के पिता चंद्रकांत पुरवार सरकारी स्कूल में शिक्षक हैं और मां रीता गृहिणी हैं। नैंसी ने कहा कि जब कुलाधिपति ने मेडल पहनाया तो लगा कि बेटियां अगर ठान लें तो कुछ भी मुश्किल नहीं। नैंसी को गेट 2025 में ऑल इंडिया 609वीं रैंक मिली है। उनको नेट जेआरएफ 99.91 पर्सेंटाइल मिले हैं।

नैंसी ने बताया कि फैकल्टी के मार्गदर्शन और सहयोग ने उन्हें न केवल विषयों की गहराई से पढ़ाई में मदद की बल्कि इंटरव्यू और ग्रुप डिस्कशन के दौरान आत्मविश्वास भी बढ़ाया। एमबीए की आयुषी ने बताया कि मेहनत, अनुशासन और फैकल्टी का समर्थन उनकी सफलता की कुंजी रही। पीएसआईटी के चेयरमैन प्रणवीर सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि संस्थान की शिक्षा गुणवत्ता और विद्यार्थियों की मेहनत का प्रमाण है जो पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। ग्रुप डायरेक्टर डॉ. मनमोहन शुक्ला नकिहा कि उत्कृष्ट अकादमिक परिणाम और प्लेसमेंट रिकॉर्ड कॉलेज के समर्पित प्रयासों का परिणाम है।

# दिल्ली से सौतेली मां के मायके आए युवक ने फंदा लगाकर दी जान

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



सेनपश्चिम पारा गांव में मंगलवार दोपहर सौतेली मां के मायके आए युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। मूलरूप से दिल्ली के डबरी शीतलपुर दक्षिण निवासी आजाद पासवान (25) पांच दिन पहले सेनपश्चिम पारा गांव स्थित अपनी सौतेली मां कांती के घर आया था। मंगलवार की दोपहर कांती छोटी बेटी खुशी के साथ रिश्तेदार की तेरहवीं में शामिल होने मंझावन गई थीं। बड़ी बेटी खुशबू गांव में सिलाई सीखने गई थी। घर में अकेले आजाद ने पंखे के कुंडे में दुपट्टे के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। पड़ोस में रहने वाली सौम्या खुशबू को बुलाने पहुंची तो शव फंदे से लटका देख शोर शुरू मचा दिया। शोर सुन पड़ोसियों ने कांती और पुलिस को जानकारी दी।

युवक के छोटे भाई दीपक ने बताया कि करीब 20 साल पहले मां शारदा की मौत के बाद पिता बांकेराम ने कांती से दूसरी शादी की थी। पिता कांती के साथ दिल्ली के डबरी शीतलपुरी दक्षिण में रहने लगे थे। तीन साल पहले पिता की बीमारी से मौत के बाद सौतेली मां दोनों बहनों को लेकर सेनपश्चिम पारा मायके आ गई थी। वहीं आजाद दिल्ली में एक फैक्टरी में नौकरी करने लगा था। थाना प्रभारी कुशलपाल सिंह ने बताया कि आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।







 पढ़ें पेज 12 पर...



# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

## आखिर कितने उपमुख्यमंत्री बनाने का वादा करेंगे तेजस्वी?

**गठबंधन में शामिल तीसरे सबसे बड़े दल सीपीआई ( माले) को बिहार में सीपीआई और सीपीएम भी बड़ा भाई मान चुके हैं। लेफ्ट फ्रंट के सभी दलों के नेता होने का दावा करते हुए सीपीआई ( माले) ने भी इस बार उपमुख्यमंत्री पद पर अपनी दावेदारी जता दी है। वैसे यह अपने आप में अजीब सा लगता है कि चुनाव की घोषणा होने से पहले ही सहयोगी दल मंत्रिमंडल भी तय कर लेना चाहते हैं। लेकिन सहयोगी दलों की इन मांगों ने तेजस्वी यादव की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। उनके सामने सबसे पहली और बड़ी चुनौती तो सीट बंटवारे की है ही लेकिन इससे भी बड़ी चुनौती इस बात की है कि वो कितने नेताओं को उपमुख्यमंत्री बनाने का वादा करे।**

*चुनाव आयोग अगले महीने यानी अक्टूबर में बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर सकता है। यह माना जा रहा है कि चुनाव आयोग 2020 की तरह ही इस बार भी राज्य की सभी 243 सीटों पर 3 चरणों में चुनाव करवा सकता है। बिहार में इस बार मुख्य मुकाबला एनडीए गठबंधन और इंडिया गठबंधन के बीच ही होना तय माना जा रहा है। हालांकि इस चुनावी घमासान में अपना-अपना हिस्सा हासिल करने के लिए जन सुराज से प्रशांत किशोर और एआईएमआईएम से असदुद्दीन ओवैसी सहित कई अन्य नेता भी जोर-शोर से जुटे हुए हैं। एनडीए और इंडिया , दोनों गठबंधनों में सीट बंटवारे को लेकर बातचीत लगातार जारी है। हालांकि एनडीए में चिराग पासवान की जिद और इंडिया में मुकेश सहनी की जिद ने दोनों ही गठबंधनों को फंसा कर रखा हुआ है। सबसे बड़ी समस्या तो तेजस्वी यादव के सामने है। एक जमाने में नीतीश कुमार की सरकार में उपमुख्यमंत्री रह चुके तेजस्वी यादव के सामने समस्या यह है कि वह कितने नेताओं से उपमुख्यमंत्री बनाने का वादा करें। वर्ष 2020 के पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस, सीपीआई (माले), सीपीआई और सीपीएम के साथ मिलकर चुनाव लड़ने वाले आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के साथ इस बार वीआईपी के मुकेश सहनी भी जुड़ गए हैं। बताया जा रहा है कि लालू यादव, तेजस्वी यादव और कांग्रेस ने मिलकर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा और चिराग पासवान के चाचा पशुपति पारस की पार्टी को भी साथ लेने का फैसला कर लिया है। ऐसे में गठबंधन में शामिल दलों के बीच सीट बंटवारा करना लालू और तेजस्वी यादव के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। हालांकि सीट बंटवारे से भी बड़ी चुनौती उपमुख्यमंत्री का पद भी बन गया है। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान साए की तरह साथ रहने वाले मुकेश सहनी अपनी पार्टी के लिए सिर्फ सीट ही नहीं मांग रहे हैं बल्कि उपमुख्यमंत्री का पद भी मांग रहे हैं। मुकेश सहनी ने तेजस्वी यादव के सामने विधानसभा की 50 सीट और उपमुख्यमंत्री के पद की मांग रख दी है। आपको याद दिला दें कि, मुकेश सहनी वही नेता हैं जिन्होंने 2020 के पिछले विधानसभा चुनाव के समय विपक्षी महागठबंधन की प्रेस कांफ्रेंस के दौरान ही तेजस्वी यादव पर धोखा देने का आरोप लगाते हुए गठबंधन को छोड़ने का ऐलान कर दिया था। उसके बाद वह एनडीए गठबंधन में शामिल हो गए थे। एनडीए गठबंधन में उनकी पार्टी 11 सीटों पर चुनाव लड़ी थी और 1.52 प्रतिशत वोट हासिल कर 4 सीटें जीती थी। इस बार भी बीजेपी के कई नेता उनके फिर से एनडीए गठबंधन में शामिल होने की बात कह चुके हैं। लेकिन फिलहाल मुकेश सहनी विपक्षी इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं और उनकी उपमुख्यमंत्री पद की मांग ने तेजस्वी की टेंशन को बढ़ा दिया है। वर्ष 2020 के पिछले विधानसभा चुनाव में आरजेडी 144 सीटों पर चुनाव लड़ी थी जबकि कांग्रेस को 70, सीपीआई (माले) को 19, सीपीआई को 6 और सीपीएम को 4 सीटें लड़ने के लिए मिली थी। गठबंधन में दूसरे नंबर की पार्टी कांग्रेस है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस ने अभी तक तेजस्वी यादव की मुख्यमंत्री पद की दावेदारी पर सार्वजनिक मुहर इसलिए नहीं लगाई है क्योंकि वह भी इस बार उपमुख्यमंत्री का पद चाहती है। राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा ने कांग्रेस की मांग को और ज्यादा मजबूती दे दी है। पिछले विधानसभा चुनाव में 70 सीटों पर लड़ने वाली कांग्रेस कुछ सीटों पर तो दावा छोड़ सकती है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**यह घटना इस तथ्य को रेखांकित करती है कि संघ भारतीय संस्कृति को किसी जाति या धर्म की सीमाओं में नहीं बाँधता। उसके लिए संगीत, कला और संस्कृति पूरे राष्ट्र की साझा धरोहर हैं। अत- समग्र रूप से देखा जाए तो लालसागर की यह बैठक केवल संघ का आंतरिक आयोजन नहीं थी, बल्कि यह भविष्य का भारत गढ़ने का खाका भी रही। इसमें शिक्षा से लेकर समाज, संस्कृति से लेकर परिवार, महिला शक्ति से लेकर पर्यावरण और संवेदनशील मुद्दों से लेकर राष्ट्रीय एकता तक हर पहलू पर विचार हुआ। कुल मिलाकर संघ का लक्ष्य केवल संगठन को मजबूत करना नहीं, बल्कि भारत को शक्तिसंपन्न, आत्मनिर्भर और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध राष्ट्र बनाना है।**

## समन्वय बैठक : शक्तिसंपन्न भारत की राह और संघ का संकल्प



मयंक चतुर्वेदी

**'ऑपरेशन सिंदूर' के अंतर्गत 887 कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनके माध्यम से समाज में सकारात्मक मूल्य और संस्कारों का प्रसार किया गया। यह दर्शाता है कि महिला शक्ति अब केवल सहभागी नहीं, बल्कि नेतृत्वकारी भूमिका में भी सामने आ रही है। विद्या भारती में तो सतत ज्ञान के क्षेत्र में मातृशक्ति का योगदान देखने को मिलता ही है।**

राष्ट्र जीवन की संघत्व धारा अपने शताब्दी मोड़ की ओर बढ़ रही है। आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ठीक उस पथ पर खड़ा है, जहां से अब कुछ ही दिनों बाद उसकी शताब्दी वर्ष की एक नई यात्रा आरंभ हो रही है। वस्तुत यह संगठन केवल शाखाओं में खेलते बच्चों या गणवेशधारी स्वयंसेवकों तक सीमित नहीं है, आज यह इससे कहीं आगे भारतीय समाज की आत्मा, संस्कृति और चेतना को जागृत करने वाली जीवंत धारा के रूप में दिखाई देता है। जब जोधपुर में 5 से 7 सितंबर तक संघ की अखिल भारतीय समन्वय बैठक संपन्न हुई, तो वहां का वातावरण केवल संगठनात्मक विमर्श तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उसमें भविष्य का भारत गढ़ने का उत्साह और ऊर्जा भी साफ महसूस की जा सकती थी। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए इस बैठक का आरंभ किया था, जिसके बाद विविन्न सत्रों में देश भर से आए हुए प्रमुख संघ प्रेरित 32 संगठनों के 320 पदाधिकारी तथा महिला कार्यों का समन्वय देखने वाली कार्यकर्ताओं को अन्य संघ पदाधिकारियों का पाथेय एवं विमर्श के सूत्र मिले। सतत तीन दिवस चली इस बैठक के पश्चात जब पत्रकारों के बीच संगठन के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर द्वारा विचार साझा किए गए तो उन तमाम विचारों से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की योजनाएँ इस तथ्य की पुष्टि करती हैं कि संघ का दृष्टिकोण आज कितना व्यापक, सकारात्मक और राष्ट्रनिर्माणकारी है। शिक्षा, समाज, संस्कृति, परिवार, पर्यावरण, महिला शक्ति, जनजातीय समाज और राष्ट्रीय एकता इन सभी पहलुओं पर संघ ने इस बैठक में गहन विचार किया है। निष्कर्ष रूप में उसका लक्ष्य केवल अपने संगठन को बड़ा बनाना नहीं, बल्कि भारत को हर क्षेत्र में शक्तिशाली बनाना है। बैठक में सबसे प्रमुख विषय शिक्षा रहा। यह सर्वविदित है कि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसकी शिक्षा व्यवस्था में होती है। यदि शिक्षा सही दिशा में प्रवाहित हो तो वह समाज में आत्मविश्वास, राष्ट्रनिष्ठा और संस्कारों का संचार करती है। संघ ने शिक्षा क्षेत्र को अपने एजेंडे का केंद्र बनाकर यह स्पष्ट किया कि आने वाले भारत की नींव मजबूत करने का उसका पहला प्रयास शिक्षा सुधार ही है। विद्या भारती, भारतीय शिक्षण मंडल, अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जैसे संगठनों ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन से जुड़े अनुभव प्रस्तुत किए। मातृभाषा में शिक्षा को प्राथमिक से उच्च स्तर तक प्रोत्साहित करने की पहल को विशेष महत्व दिया गया, क्योंकि मातृभाषा ही वह माध्यम है जो बच्चे के मन और मस्तिष्क को सहजता से जोड़ता है। भारतीय ज्ञान परंपरा को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास युवाओं में आत्मगौरव जगाने का साधन बनेगा। योग, आयुर्वेद, गणित, खगोल और दर्शन जैसे विषय केवल इतिहास की थाती नहीं, बल्कि आधुनिक जीवन की आवश्यकता हैं। इसी तरह पाठ्यपुस्तकों का पुनर्लेखन और शिक्षक प्रशिक्षण जैसे कदमों से शिक्षा व्यवस्था और अधिक जीवंत, प्रासंगिक और राष्ट्रीय मूल्यों के अनुरूप बनेगी। यह स्पष्ट है कि शिक्षा पर यह फोकस केवल आज की नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की तैयारी है। यहां समाज की चुनौतियों पर भी गंभीर विमर्श हुआ है। पंजाब में बढ़ते मतांतरण और युवाओं में नशाखोरी पर चिंता जताई गई। यह समस्या केवल धार्मिक या सामाजिक नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और भविष्य की स्थिरता से जुड़ी हुई है। सेवा भारती और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जैसे संगठनों द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्ति अभियानों का उल्लेख इस संदर्भ में महत्वपूर्ण है। पश्चिम बंगाल में बांग्लादेशी, रोहिंग्या घुसपैठ के कारण उत्पन्न सुरक्षा संकट और सामाजिक असंतुलन पर भी विचार हुआ। यह मुद्दा केवल सीमावर्ती इलाकों तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे देश की शांति और स्थिरता से जुड़ा है। वहीं, पूर्वोत्तर राज्यों में घटती हिंसा और बढ़ते विकास को सकारात्मक संकेत माना गया। मणिपुर में संवाद-आधारित शांति प्रयासों की सराहना की गई। इससे स्पष्ट है कि रास्वसंघ समस्याओं के समाधान में संवाद और जनसहयोग को सबसे महत्वपूर्ण मानता है। जनजातीय समाज और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों पर भी विस्तृत चर्चा यहां हुई है। जिसमें यही तथ्य प्रमुखता से उभरे कि भारत की शक्ति तभी पूर्ण मानी जाएगी जब सबसे वंचित और दूरस्थ समाज भी राष्ट्रीय धारा से जुड़ा हो। नक्सली हिंसा में कमी आई है, किंतु गुमराह करने की कोशिशें अभी भी जारी हैं। संघ का मानना है कि शिक्षा, सेवा और संस्कार ही इस समस्या का स्थायी समाधान हैं। वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा छात्रावासों और शैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से जनजातीय समाज तक राष्ट्रीय विचार और शिक्षा पहुँचाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। यह केवल हिंसा को रोकने की दिशा नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता से भरे समाज के निर्माण का मार्ग पशस्त करना है। इस बैठक में संघ के शताब्दी वर्ष की योजनाओं का भी उल्लेख हुआ। यह वर्ष 2025 संघ का शताब्दी वर्ष है, जिसकी औपचारिक शुरुआत नागपुर में 2 अक्टूबर 2025 को विजयादशमी उत्सव के साथ होगी। यह अवसर केवल स्मरण का नहीं, बल्कि नवसंकल्प का होगा। संघ ने तीन प्रमुख विषयों; पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता को अपनी योजनाओं का केंद्र बनाया है। जल, जंगल और जमीन की रक्षा किए बिना विकास अधूरा है, इसलिए पर्यावरण संरक्षण एक महत?वपूर्ण लक्ष्य लिया गया है। कुटुंब प्रबोधन पर बल देना इसलिए आवश्यक है कि परिवार भारतीय समाज की आत्मा है। यदि परिवार संस्था टूटेगी तो समाज और राष्ट्र दोनों कमजोर होंगे। इसी प्रकार नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना समय की आवश्यकता है। अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का पालन ही भारतीय लोकतंत्र को सशक्त बना सकता है। यहां ध्यान में आया कि संघ विचार से प्रेरित कार्यों में महिला सहभागिता भी लगातार बढ़ रही है। महिला कार्यकर्ताओं की भूमिका अब और प्रभावशाली होती जा रही है। क्रीड़ा भारती द्वारा महिला खिलाड़ियों में योग और अध्ययन को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के अंतर्गत 887 कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनके माध्यम से समाज में सकारात्मक मूल्य और संस्कारों का प्रसार किया गया। यह दर्शाता है कि महिला शक्ति अब केवल सहभागी नहीं, बल्कि नेतृत्वकारी भूमिका में भी सामने आ रही है।विद्या भारती में तो सतत ज्ञान के क्षेत्र में मातृशक्ति का योगदान देखने को मिलता ही है। इसी प्रकार एकल विद्यालय के माध्यम से देश के सुदूर कोने में भी महिलाएं ज्ञान का दीप जला रही हैं। संघ की इस बैठक में काशी-मथुरा, मतांतरण, घुसपैठ अन्य संवेदनशील मुद्दों पर भी गहन मंथन हुआ और संयुक्त रूप से इस निष्कर्ष पर पहुंचा गया कि समस्याओं समाधान संघर्ष नहीं, बल्कि कानूनी प्रक्रिया और आपसी संवाद से निकाला जाना चाहिए। वस्तुत यह दृष्टिकोण संघ के लोकतांत्रिक और समरसता-आधारित विचार दृष्टि को दर्शाता है। भाषा के प्रश्न पर भी संघ ने व्यावहारिक नजरिया रखा है, प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में होनी चाहिए और सभी भारतीय भाषाओं का सम्मान होना चाहिए। अंग्रेज़ी का विरोध नहीं है, लेकिन भारतीय भाषाओं को शिक्षा और प्रशासन में प्राथमिकता मिलनी चाहिए।



**इसी प्रकार एकल विद्यालय के माध्यम से देश के सुदूर कोने में भी महिलाएं ज्ञान का दीप जला रही हैं। संघ की इस बैठक में काशी-मथुरा, मतांतरण, घुसपैठ अन्य संवेदनशील मुद्दों पर भी गहन मंथन हुआ और संयुक्त रूप से इस निष्कर्ष पर पहुंचा गया।**

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | तृतीया 15:37 तक |
| नक्षत्रः | रेवती 05:39 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | बुधवार |
| योगः | वृद्धि, 20:27 तक |
| सूर्योदयः | 06:04 |
| सूर्यास्तः | 18:24 |
| चंद्रमाः | मीन राशि में |
| राहुकालः | 12:14-13:46 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्तः | 11:50 -12:39 |

## जन एक्सप्रेस

### चर्चा में नेपाल !

*जल रहा पड़ोस ।*
*बेकाबू हालात ।।*
*बीत रहा है समय ।*
*बनी नहीं पर बात ।।*
*धरना और प्रदर्शन ।*
*पकड़ा उग्र रूप ।।*
*पकड़ रही मांग ।*
*हो अपने अनुरुप ।?।*
*चर्चा में नेपाल ।*
*जंग अभी है जारी ।।*
*देखते हैं आगे क्या कुछ ।*
*करने की तैयारी ।।*
*मीडिया जो सोशल ।*
*है लगा प्रतिबंध ।।*
*यही अब विरोध ।*
*खाकर के सौगंध ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## क्या सौंफ के पानी से दस्त हो सकते हैं?



**भारतीय** मसालों में से एक सौंफ का इस्तेमाल खाना पकाने के लिए किया जाता है। इसमें विटामिन-ए, सी और फाइबर जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, साथ ही, इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल के गुण पाए जाते हैं। इसके पानी का सेवन करना स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हैं। लेकिन कई बार लोगों के मन में सवाल उठता है कि क्या सौंफ के पानी को पीने से पेट खराब होने या इससे जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। डाइटिशियन एवं न्यूट्रिशनिस्ट अर्चना जैन के अनुसार, सौंफ में अच्छी मात्रा में फाइबर होता है। इसके पानी का सेवन करने से पाचन को दुरुस्त रखने में मदद मिलती है। लेकिन इसका अधिक सेवन करने के कारण लोगों को दस्त होने या पेट खराब होने, पेट दर्द होने मतली होने, उल्टी होने और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल से जुड़ी समस्याएं भी हो सकती है।

**अधिक सेवन से बचें:** सौंफ के पानी का अधिक सेवन करने से लोगों को पाचन तंत्र में परेशानी होने, मल के नरम होने, हल्की ऐंठन होने और दस्त की समस्या के बढ़ने की समस्या हो सकती है। ऐसे में इसके अधिक सेवन से बचना चाहिए।

**एलर्जी के कारण:** कई बार लोगों को सौंफ या इसके पानी से एलर्जी हो सकती है। इसके कारण लोगों को उल्टी, मतली, दस्त होने, पेट में दर्द होने, त्वचा में रेशैज होने की समस्या हो सकती है। ऐसे में एलर्जी की समस्या महसूस होने पर इसके सेवन से बचें।

**सावधानियां:** सौंफ के पानी का अधिक सेवन करने से बचें धीरे-धीरे शुरु करें, एकदम से सौंफ के पानी का सेवन करने से बचें एलर्जी होने पर सौंफ के पानी का सेवन करने से बचें

**निष्कर्ष:** सौंफ के पानी का अधिक सेवन करने से लोगों को पाचन तंत्र से जुड़ी समस्याएं बढ़ सकती हैं। इसके कारण लोगों को हल्की ऐंठन होने, दस्त होने, मल के नरम होने, उल्टी, मतली, पेट में दर्द और त्वचा में एलर्जी होने की समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में इसका सेवन सीमित मात्रा में करें। कोई भी परेशानी होने पर डॉक्टर से सलाह जरूर लें और एलर्जी होने पर इसका सेवन करने से बचें।

## एक्सप्रेस विशेष

## कांग्रेस के कुए में है भंग, ऐसा बोले उमंग



डॉ. प्रवीण गुगनानी

**जो राम की शिवभक्ति व लोकभक्ति से प्रभावित होकर राम के पक्ष मे आ खड़े हुये थे। कथित नगरीय समाज में इन दिनों व्याप रहे अर्बन नक्सलाईट और विघ्नसंतोषी लोग है जो बड़ादेव व शिव मे भेद करके सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के मार्ग मे बाधा बनना चाहता है।**

**समाज दोनों के ही प्राचीन इतिहास को देखें तो पता चलता है कि शिवलिंग का पूजन दोनों धाराओं मे समान रूप से होता रहा है भगवान श्रीराम के वनवास मे चौदह मे से दस वर्ष दंडकारण्य मे ही व्यतीत हुये हैं। जनजातीय समाज के मध्य श्रीराम का रम जाना, जनजातीय समाज अर्थात शैव समाज द्वारा श्रीराम के पक्ष मे युद्ध हेतु सहजता से उद्धत होना आदि आदि घटनाक्रम श्रीराम के शिवभक्त होने से ही फलित हुये हैं।**

**कांग्रेस** की सबसे बड़ी समस्या यही है! कांग्रेस पर सदैव ही कोई न कोई वेताल सवार रहता है!! कभी कम्युनिस्ट, कभी टेररिस्ट, कभी नक्सलाइट, कभी अर्बन नक्सलाइट !!! कांग्रेस पर सवार ये वेताल कभी-कभी दिखते भी हैं किंतु अधिकांशतः ये अदृश्य ही रहते हैं। ये वेताल बहुधा ही कांग्रेस के प्रवक्ताओं की भाषा में झलकते भी रहते हैं। अब मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का उदाहरण ही ले लो। उमंग बोले हम आदिवासी हैं, हम हिंदू नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मैं ये बात कई सालों से कहता आ रहा हूं। सिंगार ने यह घोर असत्य कहा किंतु उन्होंने एक अपने व्यक्तव्य में एक सत्य भी कहा, जब भी आदिवासी थीं जिन्होंने श्रीराम को बेर खिलाए थे। अब जब, सकल हिंदू समाज के आराध्य श्रीराम आदिवासी शबरी के झूठे प्रेम उनके संग धरा पर बैठकर सम्मान और प्रेमपूर्वक खा रहे हैं तो भला किसी भी हिंदू के लिए ये जनजातीय बंधु बेगाने, पराये या विधर्मी कैसे हो सकते हैं?! शबरी और शबरी के सभी वंशज सकल हिंदू समाज हेतु वर्णीय, स्वीकरणीय, आदरणीय ही हैं। जनजातीय समाज जिस प्रकार से प्रकृति की, सूर्य की, गाय की, फसल की पूजा करता है वह शैली सकल हिंदू समाज की पूजा पद्धति में नाना प्रकार से परिलक्षित होती है। जनजातीय समाज को नगरीय समाज से तोड़ने का प्रयास एक कथित नगरीय वर्ग (अर्बन नक्सलाइट्स) का षड्यंत्र ही है। सिंगार का यह कथन उस कथित अर्बन नक्सलाइट्स के षड्यंत्र का भाग ही है जो रावण दहन, महिषासुर, माँ दुर्गा के असुर वध, के नाम पर किया जा रहा है। कांग्रेस के मप्र नेता प्रतिपक्ष का यह षड़यंत्र वैसा ही है, जैसा जनगणना मे जनजातीय बंधु स्वयं को हिंदू न लिखाएँ, ऐसा कहकर किया जा रहा है। वस्तुतः ये सभी षड्यंत्र नगरों मे रहने वाला एक अर्बन नक्सलाईट, विघ्नसंतोषी, देशतोड़क, समाजविभाजक प्रकार का वर्ग कर रहा है। हमारे लगभग सभी कस्बों, ग्रामों, नगरों के प्रारम्भ मे मिलने वाले खेड़ापति मंदिर जनजातीय देव परंपरा का ही एक अंग है। जनजातीय देव जैसे बड़ादेव, बुढ़ादेव, घुटालदेव, भैरमदेव, डोकरादेव, चिकटदेव, लोधादेव, पाटदेव, सियानदेव, ठाकुरदेव आदि देवता आज वनवासी समाज के अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों मे अन्य सभी जाति, समुदाय, वर्गों में भी पूजनीय देव माने जाते हैं। जनजातीय समाज और शेष हिंदू समाज की देवी पूजा तो और भी अधिक परस्पर समान है। घाटमुंडीन देवी, दंतेश्वरी देवी, मावलीदेवी, गोदनामाता, आमादेवी, तैलंगदेवी, कंकाली माता, लोहराजमाता, सातवाहीन माता, लोहड़ीगुड़िन माता, दुलारीमाता, शीतलादई माता, घाटमुंडिन माता, परदेशी माता, हिंगलाजिन माता, बुढ़िमाता, करमकोटिन माता, महिषासुन मर्दिनी, कोट गढ़िन, लालबाई, फूलबाई, सतीमाता, काजली माता, महामाया देवी, परीमाता, अंबामाई, महालया देवी, जलदेवी, समलाया माता, बीजासनी माई, वामका माता, रोझड़ी माता, पीपला माता, बड़माता, आदि देवियां वनवासी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामों, क़स्बों, उपनगरीय व नगरीय क्षेत्रों मे भी सभी हिंदू समाजों द्वारा प्रमुखता से पूजी जाती है। जनजातीय देव परंपरा का एक भाग ये भी है की ये हनुमानजी, गणेश जी, भेरुबाबा, गोगादेव, सिंगाजी, रामदेवजी आदि के भी पूजक होते गए व इन्हे पूजने के साथ साथ इन्हे अपने प्राकृतिक प्रतीकों मे मिलाते, घोलते चले गए। जनजातीय समाज की विभिन्न जातियों व अंतर्वर्गों ने इन देवताओं को परस्पर बाँट लिया व इन्हें विभिन्न प्रकार के अलग अलग वनीय वृक्षों पर स्थापित करते गए। जिस वनवासी वर्ग के देवता जिस प्रकार के वृक्ष पर निवास करते हैं उस जनजातीय वर्ग के लोग उस वृक्ष को न काटते हैं न काटने देते हैं। सदा से प्रकृतिपूजक जनजातीय समाज सूर्य, चंद्रमा, पेड़ पौधों, नदी, पहाड़, गाय, बैल, नंदी, सांड, नाग, सांप, बाज, मयूर, उल्लू, नीलकंठ आदि को भी पूजनीय मानता है और इनकी रक्षा करता है। अवसर चाहे कोई भी हो, बच्चे का जन्म हो, मृत्यु हो, विवाह हो, फसल बोनी हो, कटनी हो, नए यंत्र की पूजा हो जनजातीय समाज बड़ादेव अर्थात् शिवशंकर की पूजा अवश्य ही करता है। नगरीय समाज के उमापति महादेव जनजातीय समाज के बड़ादेव के ही परिष्कृत व संशोधित रूप हैं। अरण्यक समाज की चाकना परंपरा भी शेष हिंदू ग्रामीण परंपराओं से मेल खाती है।

# हिंदी दिवस पर गोस्वामी माम्स प्राइड स्कूल में भव्य प्रदर्शनी, बच्चों की रचनात्मकता ने जीता दिल






जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

देशभर में 14 सितंबर को मनाए जाने वाले हिंदी दिवस के अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित आईसीएसई विद्यालय गोस्वामी माम्स प्राइड स्कूल में एक अनूठी हिंदी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्रों के भीतर हिंदी भाषा के प्रति लगाव, सम्मान और गर्व की भावना विकसित करना था।

### साहित्यकारों और कवियों की झलक

प्रदर्शनी में छात्रों ने हिंदी साहित्य के महान रचनाकारों मुंशी प्रेमचंद, सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', जयशंकर प्रसाद और हरिवंश राय बच्चन के जीवन और योगदान को आकर्षक मॉडल्स और चाट्र्स के माध्यम से प्रस्तुत किया। उनकी रचनाओं ने हिंदी साहित्य को नई दिशा कैसे दी, इसे सरल भाषा में समझाकर बच्चों ने आगंतुकों का मन मोह लिया।

### भाषा की उत्पत्ति और विकास पर प्रोजेक्ट

एक विशेष स्टॉल पर हिंदी भाषा की उत्पत्ति और विकास की कहानी टाइमलाइन के रूप में प्रदर्शित की गई। छात्रों ने दिखाया कि किस तरह हिंदी समय के साथ समृद्ध हुई और अन्य भाषाओं को भी प्रभावित करती गई। वहीं, रंग-बिरंगे चित्रों के जरिए वर्णमाला को सजाया गया और मुहावरों-लोकोक्तियों को कार्टून व कहानियों के रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसने प्रदर्शनी को और रोचक बना दिया।

### बच्चों ने दी हिंदी को नई उड़ान

इस प्रदर्शनी में कुमारी युमन ज़हरा, कुमारी उजैफा नूर, कुमारी गायत्री देवी, कुमारी झलक, मास्टर विनीत कुमार, कुमारी नूर फ़ातिमा, कुमारी जहरा फ़ातिमा, दीक्षा, जयंन, फाजलि, दक्ष, जयस, अर्जुन, अक्ष, चंद्रिका, अभय, अनमोल, श्रेष्ठ और आदित्य अनुराग सहित अनेक छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने प्रत्येक प्रोजेक्ट का विवरण पूरी तरह हिंदी भाषा में प्रस्तुत किया, जिसकी अभिभावकों और शिक्षकों ने सराहना की।

### विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकगण की मौजूदगी

इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक निशांत गोस्वामी, चेयरपर्सन सोनिया गोस्वामी,
प्रधानाचार्या जया घोष सहित शिक्षिकाएं मीनू मैम, पातिराम सर, कुसुम मैम, मेहफ़िशा मैम, राधिका मैम, प्रिंसि मैम, अक्षांशि मैम, स्वप्निल मैम, सुधान्शि मैम और प्रियंका मैम मौजूद रहे।

### अभिभावकों ने की सराहना

अभिभावकों ने बच्चों की मेहनत और विद्यालय की इस पहल की प्रशंसा की। एक अभिभावक ने कहा कि यह देखकर खुशी हुई कि बच्चे इतनी लगन और उत्साह से हिंदी से जुड़े हैं। ऐसे आयोजन उन्हें अपनी भाषा और संस्कृति से जुड़ने की प्रेरणा देते हैं।

### राष्ट्र निर्माण की ओर कदम

कार्यक्रम का समापन इस संदेश के साथ हुआ कि किसी भी राष्ट्र की भाषा और संस्कृति ही उसकी आत्मा होती है। हिंदी दिवस पर आयोजित यह प्रदर्शनी छात्रों को न केवल अपनी जड़ों से जोड़ेगी, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी उनकी भूमिका को और मजबूत करेगी।

### हिंदी हमारी राष्ट्रीय पहचान प्रधानाचार्या

प्रधानाचार्या जया घोष ने कहा, हिंदी दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय पहचान और संस्कृति का प्रतीक है। हमारा उद्देश्य है कि छात्र हिंदी को केवल विषय न समझें, बल्कि इसे अपने विचारों और भावनाओं को व्यक्त करने का सशक्त माध्यम मानें।

# बाढ़ पीड़ितों का कर्ज माफ करे केंद्र सरकार राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर



मंगलवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने बैठक की। इसमें बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में मुआवजे, कर्ज माफी, एमएसपी पर खरीद की गारंटी कानून व ब्याज सहित बकाया गन्ना भुगतान कराने को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि किसान हित में सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित करने के लिए गारंटी कानून बनाने के लिए भी विशेष सत्र बुलाकर किसान हित में कानून बनाए। इससे किसानों को उनकी फसल का वाजिब दाम मिल सकेगा। उत्तर भारत में बाढ़ प्रभावित प्रदेशों को विशेष पैकेज देकर जनता को राहत दिलाने की मांग की गई। इस दौरान पंजाब में आई बाढ़ की जांच कराकर संबंधित जल प्रबंधन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही पर अधिकारियों को बर्खास्त करने को कहा गया। कहा कि पंजाब के आधा दर्जन से ज्यादा जिले बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। उन जिलों के किसानों का कर्ज माफ किया जाए। देश के अन्न भंडारण में सबसे अधिक हिस्सा देने वाले राज्य पंजाब के किसान और मजदूर अपनी जीविका फिर से शुरू कर सकें। इसके साथ ही उत्तर भारत के बाढ़ प्रभावित राज्यों के किसानों मजदूरों की पीड़ा को आने वाली फसलों की बुवाई के लिए खाद बीज व डीजल वितरण करने की भी मांग की गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के युवा तहसील उपाध्यक्ष चरनजीत सिंह, युवा तहसील प्रभारी गुरप्रीत सिंह गुरदासपुरीया, ब्लॉक अध्यक्ष हाजी रियाजत नूर खां, जुगराज सिंह, अमरजीत सिंह, मोहम्मद मियां, सतनाम सिंह, सरबजीत सिंह, सोनू मान, वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# पंचायत सहायकों ने मांगे मोबाइल और रिचार्ज

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर



ऑनलाइन काम के लिए अच्छे मोबाइल और डाटा की आवश्यकता होती है। इन संसाधनों के बिना पंचायत सहायक सर्वे कार्य नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर बेहतर गुणवत्ता का मोबाइल और रिचार्ज दिलाने की मांग की।
पूरनपुर में एसडीएम अजीत प्रताप सिंह के पास खंड विकास अधिकारी का भी अतिरिक्त चार्ज है। मंगलवार को दर्जनों पंचायत सहायक तहसील में एसडीएम से मिलने पहुंचे। उन्होंने एसडीएम अजीत प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा गया कि पूरे प्रदेश में एग्री स्टेक का सर्वे कार्य चल रहा है। इस सर्वे कार्य के साथ ही पंचायत सहायक को सभी काम ऑनलाइन ही करने होते हैं। पंचायत सहायकों ने बताया कि अच्छे मोबाइल में ही सही ढंग से सर्वे कार्य हो पाता है। इसके अलावा बेहतर नेटवर्क भी सर्वे में सहायक होता है। पंचायत सहायकों ने कहा की पूरनपुर विकासखंड का क्षेत्रफल काफी बड़ा है। अधिकांश ग्राम पंचायत है जंगल किनारे हैं जिसमें नेटवर्क की समस्या होती है। उन्होंने कहा कम मानदेय में वह अच्छे मोबाइल नहीं खरीद सकते हैं। पंचायत सहायकों ने सर्वे कार्य के लिए अच्छी गुणवत्ता का मोबाइल फोन और उसे चलाने के लिए रिचार्ज दिलाने की मांग रखी। इसके साथ ही जनपद सीतापुर के विकासखंड हरगांव के पंचायत सहायकों को मोबाइल और 6 माह का रिचार्ज देने के मामले का का अवलोकन करने को कहा।
इस दौरान पंचायत सहायकों ने एक स्वर में अच्छी गुणवत्ता का मोबाइल फोन और रिचार्ज दिलाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में आदित्य शर्मा, नीरज, शिवानी सिंह, नीता, नजमा बी, अजीत सक्सेना, प्रकाश और वीरेंद्र आदि पंचायत सहायक मौजूद रहे।

# भीख माँगने के बहाने दुकानों पर नज़र रखने वाले दो युवक पकड़े गए

- हिंदू महासभा कार्यकर्ताओं ने पकड़वाया, पुलिस ने भेजा जेल अन्य की जाँच जारी

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



बीसलपुर नगर में सोमवार को संदिग्ध गतिविधियों के चलते बड़ी कार्रवाई हुई। हिंदू महासभा संगठन के कार्यकर्ताओं ने नगर में घूम रहे दो संदिग्ध युवकों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि ये युवक भीख माँगने का बहाना बनाकर दुकानों और गलियों की टोह ले रहे थे।
स्थानीय दुकानदारों के अनुसार दोनों युवक दिनभर बाजार में घूमते रहे और दुकानों के बाहर खड़े होकर लगातार निगाहें दौड़ाते रहे। उनके अजीबोगरीब व्यवहार से शक होने पर दुकानदारों ने हिंदू महासभा संगठन के पदाधिकारियों को सूचना दी। सूचना मिलते ही संगठन के नगर अध्यक्ष सुनील अवस्थी, महामंत्री महन्त अवनीश रतन, नगर मंत्री महन्त मुकेश गोस्वामी समेत कई कार्यकर्ता मौके पर पहुँचे और दोनों को पकड़ लिया।
पकड़े गए युवकों की पहचान अंजुनाथ और चेरानाथ के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान जब उनके हाथ पर लिखे नाम शाहिद देखे गए और उनसे हिंदू धर्म से जुड़े सवाल पूछे गए, तो वे संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। तलाशी में उनके पास से मुस्लिम समाज के कई कार्ड और समुदाय से जुड़ी वस्तुएँ भी बरामद हुईं। हिंदू महासभा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि युवक भीख माँगने का बहाना बनाकर दुकानों की रेकी कर रहे थे और आशंका है कि वे किसी लूट या अन्य वारदात की योजना बना रहे थे।सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की और मामला दर्ज कर जेल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि इस मामले में और कौन लोग शामिल हो सकते हैं, इसकी जाँच की जा रही है।इस दौरान नगरभर में घटना की चर्चा रही। दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली कि समय रहते दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया गया। वहीं, पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि संदिग्ध व्यक्तियों या गतिविधियों की जानकारी तुरंत दें, ताकि नगर की शांति और सुरक्षा बनी रहे।

# जिला गन्ना अधिकारी ने चीनी मिल में मरम्मत कार्यों का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर



मंगलवार को जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने किसान सहकारी चीनी मिल, पूरनपुर का निरीक्षण कर मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मरम्मत कार्यों में तेजी लाई जाए ताकि आगामी पेराई सत्र समय से शुरू हो सके और किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो।निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि चीनी मिल का सुचारू संचालन गन्ना किसानों और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत आवश्यक है। मरम्मत कार्य समय से पूर्ण कराना प्राथमिकता है। इस मौके पर प्रधान प्रबंधक, मुख्य अभियंता, मुख्य गन्ना अधिकारी पूरनपुर चीनी मिल, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पूरनपुर सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# सदर ब्लॉक सभागार में 17 सितम्बर को भगवान विश्वकर्मा जयंती /पूजा समारोह का होगा आयोजन

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

दिनांक 17 सितंबर 2025 को भगवान विश्वकर्मा जयंती/पूजा समारोह स्थान सदर ब्लॉक सभागार लखीमपुर खीरी में सुबह 8 बजे से सांयकाल 5 बजे तक धूम धाम से मनाया जायेगा। सुबह 8 बजे से भगवान विश्वकर्मा का पूजन हवन, प्रसाद वितरण दिन के 12 बजे जिला लखीमपुर के सभी पत्रकार बंधुओं को सम्मानित किया जाएगा। दिन के 2 बजे भारत की गरीबी बेरोजगारी ठेकेदारी प्रथा जड़ से खत्म करने के लिए 25 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिला अधिकारी खीरी के माध्यम से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, श्रम एवं रोजगार मंत्री भारत सरकार एवं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपा जायेगा। समारोह के मुख्य अतिथि सुनील सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष, शरद बाजपाई पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष,पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा, सदर विधायक योगेश वर्मा, निघासन विधायक शशांक वर्मा, कस्ता विधायक सोरभा सिंह सोनू, विनोद शंकर अवस्थी विधायक धौरहरा, रोमी सहनी विधायक पलिया, अमन गिरी विधायक गोला, सुरजन लाल वर्मा पूर्व राज्यमंत्री, प्रहलाद पटेल जिला अध्यक्ष कांग्रेस, रामपाल सिंह जिला अध्यक्ष सपा, ईश्वरदीन वर्मा पूर्व चेयरमैन, राम कुमार चौधरी पूर्व जिला अध्यक्ष बीएसपी, विजय शुक्ला रिंकू चेयरमैन गोला एवं कई अधिकारी व कई दलों के नेताओं को आमंत्रित किया गया है। भारत के 40 करोड़ मजदूर मिस्त्रियों, 16 करोड़ वैज्ञानिक विश्वकर्मा, अति पिछड़े अति दलित ऐसी पचास जातियों के लोग अधिवक्ता, पत्रकार बंधुओं, 14 करोड़ किसान, 35 लाख ग्राम पंचायत सदस्यों के उत्थान के लिए विचार विमर्श किया जाएगा। जिला खीरी के मनरेगा मजदूर मिस्त्रियों, विश्वकर्मा समाज के लोगों से अनुरोध है कि बड़ी संख्या में समय से आने का कष्ट करें। जिससे विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी स्थान सदर ब्लॉक सभागार लखीमपुर खीरी में भगवान विश्वकर्मा जयंती धूम धाम से मनाई जा सकें।

### गौरीफंटा बॉर्डर पर भी सर्तकता बढ़ी

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। नेपाल में कई सोशल मीडिया एप बैन किए जाने के विरोध में प्रदर्शन हो रहा है। इसको देखते हुए भारत-नेपाल सीमा पर भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। पीलीभीत और लखीमपुर खीरी जिले में भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी के जवान लगातार गश्त कर रहे हैं।नेपाल आने-जाने वाले लोगों की चेकिंग भी हो रही है। पलियाकला में भारत-नेपाल के गौरीफंटा बॉर्डर पर भी सुरक्षा एजेंसियों ने सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। यहां पर पुलिस व एसएसबी के जवान चेकिंग कर रहे हैं। नेपाल के धनगढ़ी शहर में चल रहे प्रदर्शन के बीच मंगलवार को बॉर्डर पर भी काफी चौकसी दिखाई दी।

## एक्सप्रेस खबरें...

### नाबालिग को फुसलाकर ले गया गैर समुदाय का युवक

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। सिलाई की दुकान में काम करने वाला युवक किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया। शिकायत पर पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिए। पिता की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना सेहरामऊ क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी को गांव का ही अरमान पुत्र मोहम्मद रफी 8 सितम्बर को घर से बहला फुसलाकर लेकर चला गया। किशोरी के घर से गायब होने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दी। अरमान के किशोरी को ले जाने की जानकारी लगते ही खलबली मच गई। किशोरी के पिता ने मामले की शिकायत पुलिस से की। आरोप है किशोरी को ले जाने में अरमान का सहयोग युनुस, रियासत और आशीन ने किया। जानकारी के मुताबिक आरोपी अरमान किशोरी के घर में बनी दुकान में सिलाई का काम करता है। इंस्पेक्टर संजय सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। किशोरी को बरामद कर लिया गया है। उसके बयान कराए जाएंगे। बयान के आधार पर ही आगे की कारवाई की जाएगी।

### ट्रैक्टर साइड में करने को कहने पर दिव्यांग और पिता को पीटा

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव हीरपुर के रहने वाले जसवंत पुत्र ईश्वरी प्रसाद बीते 28 जुलाई को अपनी 15 वर्षी दिव्यांग बेटी सरिता के साथ गोला से घर वापस आ रहे थे। गांव के रास्ते पर जसवंत ने नरेंद्र से ट्रैक्टर ट्राली साइड में करने के लिए कहा। आरोप है इस बात को लेकर पर नरेंद्र पुत्र राम भजन, अजय पाल, प्रवेंद्र और रोहित गाली गलौज करने लगे। जसवंत ने उनका विरोध किया। इस पर चारों ने जसवंत और उनकी दिव्यांग बेटी की लाठी डंडों से पिटाई की। पिटाई से जसवंत और उनकी दिव्यांग बेटी घायल हो गई। आरोपियों ने शिकायत करने और राजीनामा न लेने पर फिर मारपीट करने की धमकी दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### मगरमच्छ के हमले से युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। मझगई थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। मुर्गाहा गांव के 21 वर्षीय श्रीवास्तव पुत्र बद्री की मगरमच्छ के हमले में मौत हो गई। घटना शाम 6:30 बजे की है। श्रीवास्तव दोपहर 3 बजे अपने खेत गया था। वह सुतिया नाले के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान वहां बैठे मगरमच्छ ने उस पर हमला कर दिया। श्रीवास्तव के साथ एक अन्य ग्रामीण भी था, जो उससे करीब 10 मीटर आगे चल रहा था।हमले के दौरान श्रीवास्तव की चीख सुनकर साथी ग्रामीण ने उसे बचाने का प्रयास किया। वह मदद के लिए चिल्लाने लगा। आस-पास खेतों से लौट रहे लोग मौके पर पहुंचे। लेकिन तब तक श्रीवास्तव की मौत हो चुकी थी। मगरमच्छ उसे छोड़कर वापस नाले में चला गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पूरे गांव में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस और वन विभाग की टीम पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

### मस्जिदों से एलान कर पंजाब बाढ़ पीड़ितो को भेजी राहत सामग्री

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। मितौली पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आये मुस्लिम समाज के लोग। कस्बे की मस्जिदों से एलान कर पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए चंदा इकट्ठा किया गया। इसके अलावा लोगों ने राशन कपड़ा व अन्य राहत सामग्री भी पंजाब के बाढ़ पीड़ितों को भेजी है। मंगलवार को कस्बे की नूरी जामा व कादरी जामा मस्जिद के इमामों के एलान के बाद कस्बे से राहत सामग्री इकट्ठा कर पंजाब को भेजी गई।मंगलवार को नूरी जामा मस्जिद के ईमाम मौलाना इरफान कादरी व कादरी जमा मस्जिद के ईमाम मौलाना शान मोहम्मद ने मस्जिदों से एलान किया। पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए हर संभव मदद के लिए एलान किया। कहा घरों से जो भी हो सके मदद कीजिये। पंजाब में आई त्रासदी को लेकर चंदा लेने आई टीम को लोगो ने अपने घरों से राशन कपड़ा सहित आर्थिक सहायता इकट्ठा कर पंजाब के लिए रवाना कर दी है। वहीँ इसके अलावा क्षेत्र की बीरमपुर, खंजननगर कस्ता आदि की मस्जिदों से राहत सामग्री भेजी गई। इस मौके पर समाजसेवी महबूब हसन ,समाज सेवी अखिलेश मिश्र, बब्बू रस्तोगी,फारूक किराना,कल्लू टेलर,जीशान, आमिर, इमरान खान सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।



# विकसित उत्तर प्रदेश की राह में....प्रबुद्धजनों, छात्रों और किसानों ने रखे विचार



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

विकसित उत्तर प्रदेश' के शताब्दी संकल्प @2047 को लेकर सोमवार को जिले में प्रबुद्धजन विशेषज्ञ टीम का संवाद जारी रहा। टीम ने युवराज दत्त महाविद्यालय में छात्रों, शिक्षकों व शिक्षाविदों से सीधी बातचीत की। इसके बाद वि.खं. कुंभी गोला स्थित कृषि विज्ञान केंद्र जमुनाबाद में कृषि शिक्षाविदों, शोधार्थियों, कृषि वैज्ञानिकों और किसानों से सुझाव सुने।कार्यक्रम की शुरुआत सीडीओ अभिषेक कुमार, सेवानिवृत्त आईएएस कुमदलता श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त आईएफएस अजय कुमार श्रीवास्तव, सेवानिवृत संयुक्त निदेशक यूपीसी कॉरपोरेशन डॉ. रामशब्द जैसवारा और सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी सलिल यादव और प्राचार्य, वाईडी कॉलेज डॉ हेमंत पाल ने दीप प्रज्वलित कर की। इस दौरान पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, डीडी कृषि गिरीश चंद्र सहित बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद रहे।

### शिक्षा से लेकर खेती तक... विकास की राह पर नई सोच

इकोनॉमिक्स विभाग के छात्र राज मिश्रा और छात्रा साक्षी श्रीवास्तव ने कहा कि पारंपरिक कोर्स के साथ-साथ टेक्निकल स्किल भी सिखाई जाए। उनका मानना है कि यह कदम युवाओं को रोजगार पाने में बड़ी मदद देगा। किसान त्रिलोचन सिंह ने कहा कि किसानों को छोटी मशीनों और प्लांट से उन्नत किस्म के बीज तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जाए। इससे न केवल लागत घटेगी बल्कि उत्पादकता भी कई गुना बढ़ेगी। शताब्दी संकल्प @2047 कार्यशाला में सेवानिवृत्त आईएएस कुमदलता श्रीवास्तव ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश का सपना तभी पूरा होगा, जब शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और बुनियादी ढांचे पर सबके विचार सामने आएँ। शासन नागरिकों से सीधे सुझाव मांग रहा है और हर सुझाव विकास में मील का पत्थर साबित होगा। वहीं, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी सलिल यादव ने कहा कि विकसित भारत-विकसित उप्र का सपना केवल सरकार का नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश का साझा लक्ष्य है। 'विकसित उत्तर प्रदेश' की परिकल्पना हर प्रदेशवासी के सहयोग से ही साकार होगी। सीडीओ ने छात्रों-नागरिकों से क्यूआर कोड स्कैन कर सुझाव देने की अपील की

### सीडीओ संग गोला पहुँची प्रबुद्धजन विशेषज्ञ टीम,

शताब्दी संकल्प @2047 संवाद यात्रा के तहत सोमवार को सीडीओ अभिषेक कुमार प्रबुद्धजन विशेषज्ञ टीम को लेकर गोला गोकर्णनाथ पहुँचे। यहाँ टीम ने बाबा गोकर्णनाथ धाम से जुड़े कॉरिडोर की निर्माणाधीन परियोजना देखी। टीम ने परियोजना के नक्शे का अवलोकन कर कॉरिडोर की संरचना और भविष्य की रूपरेखा समझी। प्रबुद्धजनों ने माना कि यह कॉरिडोर धार्मिक आस्था को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ते हुए पर्यटन और स्थानीय विकास के नए रास्ते खोलेगा। इससे पहले सीडीओ अभिषेक कुमार व विशेषज्ञ टीम ने बाबा गोकर्णनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन कर प्रदेश की उन्नति और समृद्धि की प्रार्थना की।

### शिक्षा व कृषि जगत से जुड़े प्रबुद्धजनों ने खुले मंच पर रखे विचार

शताब्दी संकल्प @2047 कार्यशाला में वाईडी कॉलेज के छात्रों, शिक्षकों, शिक्षाविदों, कृषि शिक्षाविदों और शोधार्थियों ने खुले मंच पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर शासन से नामित प्रबुद्ध जन विशेषज्ञ टीम के सभी सदस्यों ने क्रमवार सभा को संबोधित किया। इसी क्रम में कृषि विज्ञान केंद्र जमुनाबाद में आयोजित कार्यशाला में चंद्रशेखर आजाद कृषि महाविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों, कृषि वैज्ञानिकों और किसानों ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

### सीडीओ ने को क्यूआरकोड स्कैन कर सुझाव देने की अपील

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कार्यशाला की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस पहल का मकसद जनता और सरकार के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। उन्होंने छात्रों और नागरिकों से क्यूआरकोड स्कैन कर अपने बहुमूल्य सुझाव साझा करने की अपील की।

# पहले बाइक खड़ी की फिर शारदा नदी में छलांग लगा दी युवक ने



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

धौरहरा क्षेत्र में शारदानगर बैराज के किनारे बाइक खड़ी कर खीरी टाउन निवासी युवक प्रिंस जोशी नदी में कूद गया। जानकारी मिलने पर शारदानगर पुलिस मौके पर पहुंची। वहां उसकी बाइक खड़ी मिली, जिसकी डिग्गी खुली थी। उसमें सुसाइड नोट रखा मिला। पुलिस ने युवक के परिजनों को सूचना दी। उसकी तलाश में गोताखोरों को लगाया गया है। पुलिस के मुताबिक खीरी टाउन के मोहल्ला जोशी टोला निवासी प्रिंस जोशी 25 वर्ष पुत्र कमलेश कुमार जोशी मंगलवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे शारदानगर बैराज पर पहुंचा। उसने अपनी बाइक बैराज के किनारे खड़ी कर दी और नदी में छलांग लगा दी। यह देख बैराज पर मौजूद पुलिसकर्मी दौड़कर पहुंचे, लेकिन तब तक युवक गहरे पानी में लापता हो गया। पुलिस ने बाइक की डिग्गी से सुसाइड नोट बरामद किया है। सुसाइड नोट में एक युवती और उसके परिवार से परेशान होकर जान देने की बात लिखी है। युवक ने लिखा है कि जब तक मैं जिंदा रहूंगा तब तक ये लोग मेरे परिवार को परेशान करते रहेंगे। मैं अपना मानसिक संतुलन खो चुका है। सूचना पर एसडीएम धौरहरा शशिकांत मणि, शारदानगर प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और युवक की तलाश के लिए स्थानीय गोताखोरों को लगाया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि युवक की तलाश कराई जा रही है। एनडीआरएफ टीम को बुलाया गया है।



### पीलीभीत में डग्गामार वाहनों के खिलाफ यातायात पुलिस का विशेष अभियान

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा डग्गामार वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में सड़क पर अवैध रूप से संचालित, अधिक सवारी बैठाकर चलने वाले तथा नियमों की अनदेखी करने वाले वाहनों को चेकिंग कर पकड़ा गया और उन पर विधिक कार्यवाही की गई। यातायात पुलिस टीम ने जनपद के प्रमुख मार्गों, बस अड्डों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाते हुए अतिक्रमण भी हटवाया। इस दौरान 22 डग्गामार वाहनों सहित 117 वाहनों के चालान किए गए और कुल 1,28,000 रुपये का शमन शुल्क अधिरोपित किया गया। यातायात पुलिस ने कार्रवाई के साथ-साथ लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक भी किया। अधिकारियों ने कहा कि सड़क पर सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# जैतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर के द्वारा लिखी जा रही बाहर की दवाइयां

## डॉक्टर बाहर की दवाइयों का कमीशन खाकर हो रहे मालामाल, मरीज झेले उनकी बला से

जन एक्सप्रेस । महोबा




महोबा कस्बा जैतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉक्टर मरीज को ज्यादातर दवाइयां बाहर मेडिकल की लिख रहे हैं जिससे मोटा कमीशन कमाया जा सके भले ही मरीज इन महंगी दवाइयां से ठीक हो या ना हो डॉक्टरों की बला से ऐसा ही मामला पिछले दिनों देखने को प्रकाश में आया कि एक डॉक्टर की दवा से एक नौजवान लड़का मौत के गाल में समा गया फिर भी इतना हो जाने की बावजूद भी जैतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगातार बाहर की दवाइयां डॉक्टर के द्वारा लिखी जा रही है और तो और डॉक्टर के पास दो-तीन गुर्गे बैठकर बाकायदा दवाएं चेक कर रहे हैं काली पानी में आखिर जैतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कई बार सीएमएस का दौरा भी हो चुका है पर डॉक्टरों की मनमानी फिर भी काम नहीं हुई है और लगातार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉक्टर बाहर की दवाइयां लिखने में मशगूल है वही बाहर की दवाइयां खरीदने वालों लोगों की माने तो डॉक्टर बाहर की दवाइयां लिखते हैं तो लाना उनकी मजबूरी हो जा रहा है। क्योंकि बीमारियां तो ठीक करना है अगर उनसे कहा जाए की साहब बाहर की दवाइयां हमें ना लिखें तो डॉक्टर मरीज को कहते हैं की सरकारी दवा आपको फायदा ना करेगी क्योंकि यह तो खड़िया है इससे कहीं ना कहीं यह प्रतीत होता है कि डॉक्टर भी अच्छा कमीशन पाने के उद्देश्य से सरकार की तमाम दवाइयां को खड़िया बताते बताने में नहीं है चैक रहे हैं और तो और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉक्टर बाहर की दवाइयां एक ही मेडिकल स्टोर से लिखते हैं जिससे उनका अच्छा खासा कमिशन बंधा रहता है क्योंकि डॉक्टर को यह मालूम है कि सीएमओ यदा-कदा ही ही निरीक्षण करते हैं और निरीक्षण करने से पहले सीएमओ कार्यालय में बैठे दलाल फोन के द्वारा निरीक्षण करने से पहले ही बता देते हैं कि आज आपके अस्पताल में सहब का दौरा है। इससे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सारी व्यवस्था है दुरस्त हो जाती है और डॉक्टर चिपरी बातें करके अधिकारियों को भ्रमित कर देते हैं अब देखने वाली बात यह होगी कि आने वाले समय में डॉक्टरों की चालबाजी या सीएमओ का आदेश अंकुश बाहर की दवाइयां में लगा पता है या नहीं या यूं ही डॉक्टर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर की दवाइयां लिखकर मालामाल होते रहेंगे।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस/माधौगढ़। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिहोनी में अज्ञात कारणों के चलते मजदूर ने कमरे में साड़ी बांधकर आत्महत्या कर ली। माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिहोनी निवासी देवेंद्र कुशवाहा 22 वर्ष गरीब मजदूर था और वह गांव-गांव पानी पूड़ी बेचने का काम करता था। बताया जा रहा कि सोमवार शाम को किसी बात को लेकर उसका पत्नी डोली से विवाद हो गया। जिससे क्षुब्द होकर देर शाम वह कमरे के अंदर गया और कमरे में लगे हुक से साड़ी का बांधकर फांसी पर लटक गया। फांसी के फंदे पर लटक रहे शव को देखकर परिजनों में चीख-पुकार शुरू हो गई। घर में मचा शोरगुल सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए और उन्होंने सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही सीओ अम्बुज यादव, कोतवाल विकेश बाबू पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। घटना को लेकर परिजन कुछ भी नहीं बता सके। मामले में सीओ का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण पता चल सकेगा।

## भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रभारी खंड विकास अधिकारी को सौंप कर समस्याओं के बारे में कराया अवगत

जन एक्सप्रेस । महोबा




महोबा जिले के किसानों की दिनों दिन कमर टूटती चली जा रही है क्योंकि प्रकृति की मार से किसान बुरी तरह आहत हो चुका है कभी अत्यधिक वर्षा ओलावृष्टि फसल में कीट पतंगे माहूं लग जाना अन्य दैवीय आपदाओं से किसान लगभग कई दशकों से परेशान हैं। किसान अपनी खेतों में फसल पैदावार करने के लिए रात दिन बारिश सर्दी गर्मी के मौसम में खेतों पर हाड़ तोड़ मेहनत करता है फिर भी किसान को उसकी लागत का मूल्य नहीं निकल पाता है जबकि किसान खाद बीज खेतों में पानी लगाने के लिए पंपिंग सेट का डीजल खर्च एवं जुताई बुवाई कटाई के अलावा अन्य खर्च फसल की पैदावार पर ही आधारित है और आने वाले समय में अपनी कन्याओं के हाथ पीले करने की चिंता सता रही है जहां गरीब किसान के चेहरों में मायूसी छाई हुई है। बताते चलें कि विकासखंड कबरई स्थित कैंप कार्यालय के बहार मैदान पर बने हुए चबूतरे पर भारतीय किसान संघ द्वारा धरना प्रदर्शन कर किसान पदाधिकारियों तथा किसानों ने विकासखंड कार्यालय पहुंच कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एस डी एम सल्तनत परवीन तथा प्रभारी बी डी ओ को लिखित ज्ञापन सौंप कर समस्याओं के बारे में जानकारी देते हुए उल्लेख किया है कि रबी फसल की बुवाई के लिए खाद, गुणवत्तापूर्ण बीज, विद्युत की भरपूर आपूर्ति, अन्ना पशु, फसल बीमा का तुरंत लाभ दिलवाने का जिक्र किया है। किसानों का कहना है कि अति वृष्टि के कारण किसानों ने बुवाई नहीं कर पाई और यदि की है तो बीज नष्ट हो गया जिससे हुए नुकसान का मुआवजा दिलवाया जाए और अग्रिम फसल के लिए आवश्यक सुविधाएं भी सरकार उपलब्ध कराएं भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने हुंकार भरते हुए कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का निदान शीघ्र अति शीघ्र नहीं हुआ तथा किसानों को फिर से रबी फसल में समस्याओं का सामना करना पड़ा तो निश्चित ही वे बड़े स्तर पर आंदोलन व धरना करने के लिए विवश होंगे। इस मौके पर भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष शिवरतन सिंह, राधेश्याम तिवारी प्रांतीय सदस्य कृष्णबिहारी दीक्षित, ब्लॉक अध्यक्ष भारत सिंह, सहमंत्री अरुण कुमार श्रीमाली, रामेश्वर यादव गजराज उत्तम हिमांशु सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## प्रधान पर निर्माण कार्यों में मनमाने तरीके से रुपये निकालने का आरोप

जन एक्सप्रेस । उरई

विकास खंड कदौरा की ग्राम पंचायत मवई अहीर में ग्राम प्रधान पर निर्माण कार्यों में मनमाने तरीके से रुपये निकालने का आरोप लगा है। इस प्रकरण में जांच कराने की ग्रामीणों ने मांग की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सभापत के घर से संतोष के घर तक सीसी निर्माण कार्य वर्ष बीते वर्ष में कराया गया था लेकिन दुबारा 03 अगस्त 2024 में धनराशि एक लाख 14 हजार 423 रुपये का निर्माण दिखाकर पैसा निकाला गया है। प्रधान ने इसी प्रकार से एक और सीसी है जिसकी लगात लगभग ढाई लाख रुपए से अधिक था, उसका भी फर्जी तरीके से काम दिखाकर पैसा निकाला गया है। साथ ही ग्राम पंचायत में हैंडपंप रिबोर हुए हैं। लेकिन हैंडपंप के रिबोर करने को पैसा फर्जी तरीके से निकाल लिया गया और हैंडपंपों की मरम्मत का भुगतान ले लिया गया है। कई ग्रामीणों ने बताया कि शौचालय अभी तक नहीं बन पाया है। ग्राम प्रधान ने शौचालयों का निर्माण पीली ईंटों से कराया है। कुछ ऐसे शौचालयों का भी भुगतान ले लिया गया, जो पूर्व प्रधान के कार्यकाल में बनवाए गए थे। आरोप है ग्राम स्थित प्राइमरी स्कूल की बाउंड्री वॉल शिक्षा विभाग ने कराई, लेकिन ग्राम निधि से इसका भी भुगतान ले लिया गया। कई और सड़कों का शिकायत में जिक्र करते हुए ग्रामीणों ने डीएम से ग्राम प्रधान की जांच कराने की गुहार लगाई है।

# एडीजी कानपुर आलोक सिंह ने किया कोतवाली उरई का आकस्मिक निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

जन एक्सप्रेस । उरई



अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, आलोक सिंह ने मंगलवार को कोतवाली उरई का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर, थाना कार्यालय, CCTNS कार्यालय, महिला हेल्प-डेस्क, साइबर हेल्प-डेस्क एवं हवालात का गहन निरीक्षण किया। एडीजी ने थाना अभिलेखों की प्रविष्टियों का अवलोकन कर व्यवस्था की बारीकियों को परखा और पुलिस कर्मियों को कार्यप्रणाली को और अधिक पारदर्शी तथा प्रभावी बनाने के आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के समय पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ. दुर्गेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर उरई अर्चना सिंह, क्षेत्राधिकारी कालपी अवधेश कुमार सिंह, कोतवाली उरई प्रभारी अंजन कुमार सिंह सहित कोतवाली के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। एडीजी ने महिला हेल्प-डेस्क और साइबर हेल्प-डेस्क की कार्यशैली पर विशेष ध्यान देते हुए यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि प्रत्येक पीड़ित को त्वरित व निष्पक्ष न्याय मिल सके। उन्होंने पुलिस कर्मियों से कहा कि महिला सम्बन्धी अपराधों एवं साइबर अपराधों की जांच में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही हवालात का निरीक्षण करते हुए कैदियों की सुरक्षा एवं सुविधाओं पर भी जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट किया कि कैदियों के साथ मानवीय व्यवहार किया जाए और किसी भी प्रकार की दुर्व्यवहार की शिकायत सामने नहीं आनी चाहिए। थाना परिसर की साफ-सफाई और व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस थाने जनता की पहली चौखट होते हैं इसलिए उनकी छवि साफ-सुथरी और अनुशासित होनी चाहिए। एडीजी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभिलेखों का सही रख-रखाव,एफ आई आर की प्रविष्टि में पारदर्शिता और विवेचना की गति को और बेहतर बनाया जाए। निरीक्षण के अंत में उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी जनता की सेवा और कानून-व्यवस्था की मजबूती है।

## खाद-बीज आपूर्ति और अन्य समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । महोबा



जैतपुर ब्लॉक के अंतर्गत भारतीय किसान संघ द्वारा सोमवार को किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन विकासखंड अधिकारी जैतपुर को सौंपा गया। इस दौरान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष सुबोध बाबू पटेरिया की अध्यक्षता में बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसान संघ ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि खरीफ 2025 की फसलों के दौरान खाद-बीज की आपूर्ति संबंधी अव्यवस्थाओं के कारण किसानों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि रबी 2025 की बुवाई के समय भी यही स्थिति रही तो किसान संघ धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होगा। ज्ञापन में किसानों की प्रमुख समस्याओं को विस्तार से रखा गया। इनमें रबी की फसलों हेतु गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज की उपलब्धता, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, अन्ना पशुओं से फसलों की सुरक्षा तथा फसल बीमा योजनाओं का त्वरित लाभ उपलब्ध कराना शामिल है। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष सुबोध बाबू पटेरिया के साथ मंत्री रमेश बाजपेई, सदस्य जमुना प्रसाद, शिव सिंह, महेश चंद्र, कालीचरण, महेश मंगल, कालका प्रसाद, उमेश चंद्र सहित एक दर्जन से अधिक किसान मौजूद रहे।

## शतरंज में उच्च प्राथमिक विद्यालय उरवारा के छात्र अभिमन्यु सिंह हुए विजयी

जन एक्सप्रेस । महोबा



पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिलरही में श्रीनगर भंडरा एवं पिपरामाफ न्याय पंचायत की मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। जिसमें तीनों न्याय पंचायत के समस्त परिषदीय विद्यालयों के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्तर के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की शुरुआत नोडल शिक्षक संकुल अनिल शुक्ला, अनिल रावत तथा उमाकांत नामदेव के द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। इस दौरान दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, कबड्डी, खो खो, योगा, शतरंज, डिसकस, जेवलिन व गोला फेंक आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें समस्त छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रदर्शन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्राथमिक स्तर 50 मी. बालक व बालिका वर्ग दौड़ में श्रीनगर न्याय पंचायत के इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय कुल्हाई पहाड़िया व हर्षेन्द्र तथा अनुष्का ने बाजी मारी। उच्च प्राथमिक स्तर पर 100 मी बालक व बालिका वर्ग दौड़ में उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपरा माफ के रोहित तथा भंडरा न्याय पंचायत के क.पू.मा.वि. भंडरा की मनीषा ने जीत दर्ज की। प्राथमिक स्तर बालक व बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय कुल्हाई पहाड़िया ने बाजी मारी वहीं जूनियर स्तर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय भैरोगंज श्रीनगर विजयी हुए। खो-खो में प्राथमिक स्तर बालक में कुल्हाई पहाड़िया व बालिका वर्ग में कम्पोजिट कन्या प्रा. वि. सिजवाहा व जूनियर स्तर बालक वर्ग में क.उच्च प्रा. विद्यालय भंडरा व बालिका वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय भैरोगंज ने जीत दर्ज की। शतरंज में उच्च प्राथमिक विद्यालय उरवारा के छात्र अभिमन्यु सिंह विजयी हुए। नोडल शिक्षक अनिल शुक्ला ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इस शानदार आयोजन की सराहना की। नोडल शिक्षक अनिल रावत ने नंदिनी तिवारी व सत्यप्रकाश आदि खेल अनुदेशकों के योगदान की सराहना की। नोडल शिक्षक उमाकान्त नामदेव ने आये हुए समस्त लोगों का आभार व्यक्त कर इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया। इस दौरान समस्त न्याय पंचायतों के संकुल शिक्षक तथा समस्त खेल अनुदेशक व विभिन्न विद्यालयों के अध्यापक उपस्थित रहे।

## एड्स और नशे पर युवाओं को किया जागरूक

जन एक्सप्रेस । झांसी

दिशा टीम की अगुवाई में एचआईवी एड्स विषय पर युवाओं को जागरूक करने हेतु पूर्व योजना के अंतर्गत नशा मुक्ति केंद्र के शिवपुरी हाईवे सीपरी, झांसी में सघन जागरूकता अभियान हेतु एक संगोष्ठी आयोजित की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही नशा मुक्ति केंद्र की प्रबंधक मिस प्रिया शर्मा ने कहा कि देश का भविष्य युवाओं पर है, लेकिन युवाओं को सही मार्गदर्शन न मिलने के कारण युवा कहीं ना कहीं जोखिम पूर्ण स्थिति में रहते हैं, इसको ध्यान में रखते हुए युवाओं के बीच एचआईवी एड्स के कारण एवं बचाव को लेकर विशेष चर्चा की गई ताकि युवाओं के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक किया जा सके, साथ में यह बताया गया कि एचआईवी पर खुलकर बात करने की जरूरत है और एचआईवी के साथ जी रहे लोग के साथ भेदभाव नहीं करने की बात की गई। जिला चिकित्सालय झांसी के संपूर्ण सुरक्षा मैनेजर अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि सघन जागरूकता अभियान को ध्यान में रखते हुए यह संगोष्ठी की गई।

एटा में रंगबाजी और फायरिंग का सनसनीखेज मामला

# राकेश गुप्ता के पुत्र राजकुमार पर लाइसेंसी रिवॉल्वर से फायरिंग करने का आरोप

जन एक्सप्रेस । एटा, जलेसर



जलेसर के महावीर गंज निवासी राकेश गुप्ता के पुत्र राजकुमार गुप्ता पर अपनी पुत्री के जन्मदिन समारोह में लाइसेंसी रिवॉल्वर से रोड पर रंगबाजी करते हुए फायरिंग करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यह घटना आठ सितंबर को टीवी चैनल पर वायरल हुए वीडियो में कैद हुई थी, जिसे दो सितंबर को एक्स हैंडल पर पोस्ट कर दिया गया था। वायरल वीडियो के आधार पर जलेसर पुलिस ने मंगलवार को राकेश गुप्ता एवं उनके पुत्र राजकुमार गुप्ता के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि राजकुमार गुप्ता ने अपने पिता राकेश गुप्ता की नामित लाइसेंसी रिवॉल्वर का उपयोग कर उक्त कार्यक्रम में अवैध फायरिंग की। एसएचओ ने बताया कि राजकुमार को उसके आवास महावीर गंज जलेसर से गिरफ्तार कर लिया गया है और आगामी कार्यवाही जारी है। साथ ही, लाइसेंस निरस्तीकरण की रिपोर्ट भी उपयुक्त प्राधिकारी को भेजी जाएगी।

### परिवार का विवादों से जुड़ा काला इतिहास

सूत्रों की मानें तो राकेश गुप्ता एवं उनके पुत्र राजकुमार गुप्ता सहित परिवार के अन्य सदस्य भी कई गंभीर मामलों में संलिप्त हैं। इनके खिलाफ जलेसर कोतवाली सहित अन्य जिलों में दर्ज मुकदमों में जुआ खिलाने, पत्रकारों से मारपीट, राशन चावल कालाबाजारी समेत कई आरोप शामिल हैं। ये लोग चावल माफिया के नाम से भी जाने जाते हैं और अवैध रूप से राशन चावल की तस्करी कर बड़े पैमाने पर काला कारोबार चला रहे हैं। इसके अलावा, कई बार पत्रकारों को धमकाने की भी घटनाएँ सामने आई हैं, जबकि कुछ पत्रकारों ने इनके खिलाफ रिपोर्टिंग की कोशिश की थी, तब उन्हें भी मारपीट कर झूठे मुकदमों में फंसाया गया था। पिछले दो हफ्ते पहले ही जलेसर पुलिस ने राजकुमार को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया था, जिसके बाद राजकुमार की जमानत पर छोड़ा गया था। इस परिवार द्वारा पत्रकारों को धमकाने की प्रवृत्ति भी सार्वजनिक हो चुकी है।

### प्रशासन पर उठे सवाल

स्थानीय नागरिक और समाजसेवी अब सवाल उठा रहे हैं कि इतने गंभीर आरोपों के बावजूद प्रशासन किन कारणों से अभी तक उचित कार्रवाई नहीं कर पाया। जिलाधिकारी और एसएसपी से मांग की जा रही है कि वे राकेश गुप्ता एवं उनके परिवार की विस्तृत जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करें। ताकि समाज में कानून-व्यवस्था बना रहे और आम जनता सुरक्षित महसूस कर सके।

## बेरोजगारी का कारण युवाओं में हुनर की कमी: शैलेंद्र कुमार सिंह

जन एक्सप्रेस । मैनपुरी

आयुक्त आगरा मंडल आगरा शैलेंद्र कुमार सिंह ने समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश /2047 अभियान के अन्तर्गत छात्रों, शिक्षाविदों, शिक्षकों, उद्यमियों, व्यवसायियों, श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों, स्वयं सेवी संगठनों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, बुद्धिजीवियों से संवाद करते हुए कहा कि वरिष्ठ सेवानिवृत्त अनुभवी अधिकारियों के सानिध्य में आप सबसे राय ली जायेगी, चर्चा-परिचर्चा की जायेगी कि आप 2047 में कैसा उत्तर प्रदेश चाहते हैं और उसके लिए क्या करना चाहिए, इस पर चर्चा होगी साथ ही आमजन को जानकारी दी जायेगी कि विगत 08 वर्षों में उत्तर प्रदेश ने विकास के किन आयामों को छुआ है। मंडलायुक्त ने कहा कि डिग्री हासिल करने से रोजगार उपलब्ध नहीं होगा, बेरोजगारी का बहुत बड़ा कारण युवाओं में हुनर की कमी है, डिग्री के साथ हुनर भी हासिल करें, अपने अंदर की क्षमता को पहचानें, आज तमाम क्षेत्रों में कैरियर बनाने की प्रबल संभावनाएं हैं।

## पं. दीनदयाल अस्पताल में इलाज के दौरान मरीज की मौत, हंगामा

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

पंडित दीनदयाल संयुक्त चिकित्सालय में सोमवार को इलाज के दौरान हुई मरीज की मौत ने परिजनों को झकझोर दिया।आरोप है कि गंभीर हालत में पहुंचे मरीज को अस्पताल में स्ट्रेचर तक नहीं मिला। मजबूर परिजन उसे गोद में उठाकर दौड़ते रहे,लेकिन डॉक्टरों ने देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया और चिकित्सीय स्टाफ पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए। मरीज की मौत के बाद परिजन लगातार कार्रवाई की मांग करते रहे। जब उच्च अधिकारियों ने उन्हें आश्वासन दिया तो वह शांत हुए। बरला निवासी दीपक शर्मा ने बताया कि उनके भाई संजय शर्मा का करीब एक महीने पहले दीनदयाल अस्पताल में ऑपरेशन किया गया था जबकि मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने तीन महीने बाद ऑपरेशन कराने की सलाह दी थी।ऑपरेशन के बाद से ही संजय की तबीयत में सुधार नहीं हो रहा था और लगातार पेट दर्द बना हुआ था। सोमवार को अचानक हालत ज्यादा बिगड़ने पर परिवार उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचा,जहां उनकी मौत हो गई। रुपए लेकर ऑपरेशन करने का आरोप मृतक के भाई दीपक ने दावा किया कि दीनदयाल अस्पताल के एक चिकित्सक ने 7000 रुपए लेकर जल्दबाजी में ऑपरेशन किया था। परिवार का कहना है कि समय से पहले ऑपरेशन और बाद में लापरवाही के चलते संजय की जान गई।

## जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के माध्यम से व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा सेवा पखवाड़ा

जन एक्सप्रेस । महोबा



भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा अभियान की जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री आदरणीय संत विलास शिवहरे रहे। कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा ने की। मंच पर विधान परिषद सदस्य व पूर्व जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह सेंगर, जिला पंचायत अध्यक्ष जे.पी. अनुरागी, निवर्तमान जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी, चरखारी ब्लॉक प्रमुख सीमा कुशवाहा, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. कमलेश सक्सेना, पनवाड़ी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रकाश अनुरागी, जिला महामंत्री जयपाल सिंह, सेवा पखवाड़ा जिला संयोजक डॉ. मंगल महान राजपूत, मतदाता पुनः निरीक्षण अभियान संयोजक रविन्द्र महेंद्र सहित कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री अमित शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि संत विलास शिवहरे ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान विभिन्न सामाजिक, सेवा एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के माध्यम से जनपद में व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा। इस अवसर पर सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत प्रस्तावित प्रमुख कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। इ जिसमें प्रमुख रूप से रक्तदान शिविर 17 सितंबर को युवा मोर्चा द्वारा, स्वच्छता कार्यक्रम पार्क, स्कूल, मंदिर, बस स्टैंड एवं ऐतिहासिक स्थलों पर, नमो मैराथन 21 सितंबर को आत्मनिर्भर भारत, फिट इंडिया, नशा मुक्त भारत, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर गोष्ठी व वृक्षारोपण, वोकल फॉर लोकल स्वदेशी मेला एवं प्रदर्शनी, दिव्यांग एवं विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान, गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान एवं खादी को बढ़ावा, चित्रकला प्रतियोगिता विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया विषय पर, नमो वन पार्क का निर्माण वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता 29 अगस्त से 25 सितंबर के बीच होगी इ इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर ने स्नातक चुनाव में भाजपा की विजय सुनिश्चित करने हेतु जिला एवं विधानसभा स्तर पर मजबूत संयोजन की रणनीति बनाने का आह्वान किया। कार्यशाला में भाजपा के सभी मंडल संयोजक, सहसंयोजक, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, सेवा पखवाड़ा जिला सहसंयोजक एवं जिला मीडिया प्रभारी सत्येंद्र प्रताप, सेवा अभियान के जिला सहसंयोजक योगेश मिश्रा, अभियान सहसंयोजक नीतू श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष मयंक तिवारी सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सपा नेताओं ने की सैकड़ों लोगों के साथ पीडीए की महापंचायत

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर समाजवादी पार्टी ने अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं। सोमवार को अतरौली के गांव बनूपुरा में समाजवादी पार्टी ने पीडीए की महापंचायत का आयोजन किया। अतरौली के पूर्व विधायक वीरेश यादव की अगुवाई में महापंचायत का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष लक्ष्मी धनगर के साथ कई पूर्व विधायक भी शामिल हुए और पार्टी के कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ही आने वाला भविष्य है।क्योंकि जनता भाजपा के झूठे वादों को समझ चुकी है।सपाइयों ने महापंचायत के दौरान भाजपा पर जमकर प्रहार किए। महापंचायत के दौरान वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पास रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य के नाम पर आज कुछ नहीं है। युवा बेरोजगार घूम रहे हैं और नौकरियों का इंतजार कर रहे हैं। सरकार की लापरवाही के कारण पेपर आउट हो रहे हैं, जिसका खामियाजा युवाओं को उठाना पड़ रहा है।भारतीय जनता पार्टी अपनी सत्ता की रोटी सेकने के लिए लोगों को लड़ा रही है। हिंदू मुस्लिम और मंदिर मस्जिद के नाम पर देश के लोगों को लड़ाने का काम किया जा रहा है। ऐसा सरकार इसलिए कर रही है, जिससे लोगों का ध्यान महंगाई, बेरोजगारी जैसे वास्तविक मुद्दों से भटकाया जा सके। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग महापंचायत में जुटे और महापंचायत का हिस्सा बने।

# नेपाल में उग्र प्रदर्शन: सीमावर्ती इलाकों में भी अलर्ट

जन एक्सप्रेस। ढूढीबारी/महराजगंज



भारत का पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में इन दिनों भीषण राजनीतिक संकट और जनाक्रोश से जूझ रहा है। राजधानी काठमांडू से लेकर बुटवल, भैरहवा, नवलपरासी, महेशपुर, सोनवल सहित कई शहरों में हिंसक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। हालात काबू से बाहर होते देख नेपाल सरकार ने सेना को सड़कों पर उतार दिया है।

सूत्रों के मुताबिक नवलपरासी जिले में प्रदर्शनकारियों ने विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यालयों में तोड़फोड़ और आगजनी की। जिला प्रशासन कार्यालय पर भी पथराव किया गया, जिससे सरकारी संपत्ति को भारी क्षति पहुँची। इतना ही नहीं, आक्रोशित भीड़ ने नेपाली सेना की एक गाड़ी को भी निशाना बनाया। वहीं, एमाले पार्टी कार्यालय पर हुए हमले से बड़े पैमाने पर नुकसान की खबर है। स्थिति नियंत्रण से बाहर न हो, इसके लिए पुलिस ने प्रशासनिक भवन के बाहर प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर करीब 25 राउंड आंसू गैस छोड़ी। इसके बावजूद भीड़ ने बाजारों में नारेबाजी और तोड़फोड़ जारी रखी।

गौरतलब है कि 8 सितंबर, सोमवार को नेपाल सरकार द्वारा 26 सोशल मीडिया चैनलों पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद राजधानी काठमांडू से विरोध की शुरुआत हुई थी। देखते ही देखते यह आंदोलन हिंसक रूप ले बैठा। पुलिस और सुरक्षाबलों के साथ हुई झड़प में अब तक 20 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 350 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।

बढ़ते जनाक्रोश को देखते हुए नेपाल सरकार ने सेना को परिचालन का आदेश दिया है। वहीं, विपक्षी दलों ने सरकार पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कुचलने का आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया पर लगाए गए प्रतिबंधों को तत्काल वापस लेने की मांग की है। नेपाल में फैली हिंसा का असर अब सीमावर्ती भारतीय इलाकों तक पहुँचने का खतरा बढ़ गया है। प्रशासन ने महाराजगंज सहित नेपाल सीमा से सटे जिलों में सतर्कता बढ़ा दी है। सुरक्षा एजेंसियां लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं ताकि अशांति की लपटें भारतीय सीमा तक न पहुँच सकें।

### बार्डर पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

नेपाल में हालात बेकाबू होने के चलते भारत नेपाल बार्डर पर निगरानी कड़ी कर दी गई है। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों द्वारा प्रत्येक गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। ऐसे में सीमावर्ती इलाके के नेपाली नागरिक रोजमर्रा व घरेलू सामानों की खरीददारी के लिए भारतीय बाजार में आ रहे है। नो लैंड पर पहचान पत्र दिखाने के बाद ही उन्हें भारतीय सीमा क्षेत्र में आने की प्रवेश दिया जा रहा है। वहीं नेपाली युवकों के भारी विरोध प्रदर्शन के बाद भारतीय पर्यटकों (यात्रियों) का वापसी भी शुरु हो गई है।

## प्रधान पति समेत तीन आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से खफा हैं परिजन

जन एक्सप्रेस। देवरिया

फतेहपुर गांव के बड़का टोला में 28 जुलाई को जमीन विवाद में रिटायर्ड फौजी की हत्या में फरार चल रहे तीन आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर परिजन स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं। वारदात में पीड़ित पक्ष की मांग पर प्रकरण की जांच अब देवरिया पुलिस के सहयोग से गोरखपुर के एसपी नार्थ कर रहे है। हत्याकांड में दो नामजदों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि अन्य आरोपी प्रधान के पति, उसके बेटे और एक अन्य की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

आरोप है कि गांव में जमीन के विवाद में अवकाश प्राप्त सेना के जवान राम दयाल कुशवाहा की 28 जुलाई को लाठी-डंडे से पीटकर और गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने राम दयाल के बेटे अमित की तहरीर पर प्रधान पति राम अशीष निषाद, विजय, रामजीत निषाद, रामप्रकाश निषाद और राजा चौहान पर केस दर्ज किया।

# ढूढीबारी में अतिक्रमण हटाने को लेकर हुई मुनादी, मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस। ढूढीबारी/महराजगंज



महाराजगंज से भारत नेपाल सीमा ढूढीबारी तक एनएच 730एस के तहत सड़क चौड़ीकरण के लिए निर्माण कार्य प्रगति पर है। पीडब्ल्यूडी के जमीन पर काबिज स्थाई व अस्थाई रूप से दोनो तरफ के अवैध अतिक्रमण को लेकर सोमवार को लाउडस्पीकर से सूचना प्रसारित कराते हुए कहा कि सड़क भूमि से दो दी के अन्दर अतिक्रमण स्वयं हटा ले अन्यथा बिना किसी सूचना के अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

मिली जानकारी के मुताबिक सड़क निर्माण और चौड़ीकरण को लेकर सड़क विभाग द्वारा ढूढीबारी कस्बे में मुनादी कराते हुए कहा कि सड़क निर्माण विभाग के जद में आने वाले भूमि को खाली कर दे। सड़क के ज़मीन पर किए गए अतिक्रमण में सीढ़ी, टीन शेड, ठेले, दुकान को स्वयं हटा लें अन्यथा उनके ऊपर कठोर विभागीय कार्यवाई की जाएगी। ऐसी स्थिति में अतिक्रमण हटाने की आवाज सुनते ही लोगो में हड़कंप मंच गया है, बीते वर्ष सड़क निर्माण के लिए अतिक्रमण के खिलाफ हुई तोड़फोड़ की कार्यवाही भी याद आने लगी है। बताया जा रहा कि सड़क शासन के निर्देश पर सड़क चौड़ीकरण और अतिक्रमण हटाने के लिए मुनादी कर भवन स्वामियों व दुकानदारों को चेतावनी दे दी गई है। यदि वे अतिक्रमण नहीं हटाएंगे तो विभाग द्वारा अतिक्रमण हटवा दिया जाएगा और जुर्माना भी वसूला जाएगा।

# दो सौ मीटर तक बिना कोच के दौड़ा इंटरसिटी का इंजन, मच गई अफरा-तफरी

जन एक्सप्रेस। देवरिया



जिले के नूनखार रेलवे स्टेशन पर सुबह छपरा इंटरसिटी ट्रेन आकर रुकी। ट्रेन चलने को हुई, यात्री अपने कोच में बैठ गए। हार्न देने के बाद ट्रेन चली। इंजन आगे बढ़ गया। कोच पीछे छूट गए।

इसकी जानकारी होते ही अफरा तफरी मच गई। देवरिया में एक इंजन बिना के कोच के दौ सौ मीटर तक दौड़ गया। इसे देखकर स्टेशन पर अफरा तफरी मच गई। मामला समझ में आते ही इंजन को रोककर वापस लाया गया। इसके बाद कोच जोड़कर इंजन आगे बढ़ा।

जिले के नूनखार रेलवे स्टेशन पर सुबह छपरा इंटरसिटी ट्रेन आकर रुकी। ट्रेन चलने को हुई, यात्री अपने कोच में बैठ गए। हार्न देने के बाद ट्रेन चली। इंजन आगे बढ़ गया। कोच पीछे छूट गए। इसकी जानकारी होते ही अफरा तफरी मच गई। यात्री कोच उतर कर प्लेटफार्म पर आ गए। कुछ यात्री स्टेशन मास्टर से जानकारी लेने पहुंच गए।

अकेले इंजन को जाते देखकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। इधर लोको पायलट को इसका अहसास हुआ तो उसने इंजन को रोक दिया। इसके बाद इंजन वापस लाकर कोच से जोड़ा गया। करीब 20 मिनट ट्रेन रवाना हुई।

## ब्लॉक पर विधायक और जिला स्तर पर होगी सांसद खेल स्पर्धा

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभा को निखारने के लिए नई पहल शुरू की गई है। अब ग्राम पंचायत से जिला स्तर तक अलग-अलग विधाओं में खेल प्रतियोगिता होगी। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत करने के साथ उन्हें प्रदेश और देश स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए मौका दिया जाएगा। इन खेलों में प्रतिभाग करने के लिए वेबसाइड जारी कर दिया गया है। क्रीड़ाधिकारी रवि कुमार निषाद ने बताया कि ग्राम स्तर से लेकर ब्लॉक स्तर तक जिले में विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन होगा। इसमें विजेता टीम और खिलाड़ियों को सांसद खेल स्पर्धा के तहत तहसील और जिला स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में शामिल होने व जिला स्तर पर आयोजित खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सांसद खेल स्पर्धा में आयोजित प्रतियोगिता में शामिल होने का मौका मिलेगा।

# जिलाधिकारी ने महाव नाले के तटबंधों का किया निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश

■ संवेदनशील बिंदुओं पर पाइलिंग, विटिवर घास का रोपण और सैंड बैग भंडारण के निर्देश

जन एक्सप्रेस। महराजगंज



जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने बरगदवा क्षेत्र के महाव नाले के तटबंध का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत बरगदवा, खैरहवा दूबे और हरपुर के बीच स्थित संवेदनशील बिंदुओं का जायजा लिया। देवघट्टी में कटान स्थल पर किए गए अनुरक्षण कार्य को भी परखा और तटबंध की ऊँचाई बढ़ाने के लिए संबंधित को निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने एसडीएम को आदेशित किया कि कार्मिकों की ड्यूटी लगाकर पूरे तटबंध का निरीक्षण कराया जाए और जहाँ कहीं भी समस्या मिले, तत्काल अनुरक्षण कार्य सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संवेदनशील बिंदुओं पर बांस की पाइलिंग व ब्रेसिंग कराने के साथ-साथ पूरे तटबंध पर विटिवर घास का रोपण करने के निर्देश दिए, जिससे कटान रोकी जा सके। संतोष कुमार शर्मा ने अतिरिक्त सिल्ट को सैंड बैग के रूप में संवेदनशील स्थलों पर भंडारित करने और रिसाव रोकने हेतु पॉलीथीन शीट लगाने के भी निर्देश दिए। पशुओं के आवागमन से तटबंध को होने वाले नुकसान की आशंका को देखते हुए उन्होंने अवरोधक लगाने का आदेश दिया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने लगभग 2 किलोमीटर तटबंध का पैदल निरीक्षण किया और प्रत्येक बिंदु की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने सिंचाई विभाग को महाव तटबंध की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने और नोडल अधिकारियों के माध्यम से संबंधित तटबंधों पर सतत नजर रखने का निर्देश दिया। साथ ही सभी बाढ़ चौकियों की जांच कर आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने चेतावनी दी कि बाढ़ निरोधक कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी, दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई होगी। इस दौरान एसडीएम नौतनवा नवीन प्रसाद, तहसीलदार करण सिंह, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी, सहायक अभियंता सिंचाई द्वितीय जितेंद्र कुमार पटेल, थानाध्यक्ष योगेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सोशल मीडिया पर लड़की को बदनाम करने का केस दर्ज

जन एक्सप्रेस। ढूढीबारी/महराजगंज

बरगदवा थाना क्षेत्र में एक मनबढ़ युवक द्वारा सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो व आपत्तिजनक मैसेज अपलोड कर युवती की शादी तोड़ने और परिवार की प्रतिष्ठा धूमिल करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पीड़िता के पिता लक्ष्मण ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि उनकी पुत्री की शादी आगामी 29 दिसंबर 2025 को तय है। शादी तोड़ने की नीयत से गांव का मनबढ़ किस्म का युवक शैलेश लगातार सोशल मीडिया पर उनकी बेटी की अश्लील फोटो और मैसेज अपलोड कर रहा है। यही नहीं, आरोपी रिश्तेदारों के मोबाइल पर भी आपत्तिजनक मैसेज भेजकर परिवार को बदनाम करने की कोशिश कर रहा है। पीड़ित पक्ष ने बताया कि इस हरकत से परिवार के सदस्य गहरी मानसिक पीड़ा में हैं और अपमान के कारण आत्महत्या करने को विवश हो रहे हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए बरगदवा थानाध्यक्ष योगेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी शैलेश के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है और उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है।

# स्कूल बंक कर गांव के युवक के साथ निकली थी छात्रा, हो गई मौत

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

पीपीगंज के एक गांव की रहने वाली 15 वर्षीय छात्रा बापू इंटर कॉलेज में नौवीं कक्षा में पढ़ती थी। सोमवार को वह स्कूल गई थी, आरोप है कि गांव का युवक स्कूल से बाइक से लेकर तरकुलहा मंदिर के लिए निकल गया। दोनों बाईपास से होकर जा रहे थे कि बाघागाड़ा से आगे रामनगर कड़जहा के पास बाइक में तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दिया।

खोराबार थानाक्षेत्र में सोमवार सुबह स्कूल बंक (बीच में ही छोड़ना) कर गांव के युवक के साथ बाइक से तरकुलहा मंदिर जा रही छात्रा की रामनगर कड़जहा के पास सड़क हादसे में मौत हो गई। जबकि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौत की खबर जैसे ही छात्रा के परिजनों को हुई तो उन्होंने युवक के घर पर पथराव कर दिया।

छात्रा की मौत के लिए युवक को जिम्मेदार बताते हुए हत्या का केस दर्ज कर कार्रवाई की मांग करते हुए गांव के बाहर सड़क जाम कर दी। सूचना पर पहुंची पीपीगंज थाने की पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा कर शांत कराया। तनाव को देखते हुए गांव में फोर्स तैनात किया गया है। पीपीगंज के एक गांव की रहने वाली 15 वर्षीय छात्रा बापू इंटर कॉलेज में नौवीं कक्षा में पढ़ती थी।

सोमवार को वह स्कूल गई थी, आरोप है कि गांव का युवक स्कूल से बाइक से लेकर तरकुलहा मंदिर के लिए निकल गया। दोनों बाईपास से होकर जा रहे थे कि बाघागाड़ा से आगे रामनगर कड़जहा के पास बाइक में तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दिया।

हादसे में छात्रा और युवक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया जहां डॉक्टर ने छात्रा को मृत घोषित कर दिया। छात्रा की पहचान होने के बाद पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दी। इस पर परिवार के लोग मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। उधर, गांव में जैसे ही यह घटना पता चली गम के साथ गुस्सा हो गया। छात्रा के परिवार के अन्य लोग युवक के घर पहुंच गए। वहां कहासुनी के बाद उसके घर पथराव कर दिया।

## किशोर का कराया धर्मांतरण प्रधानाचार्य गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

हनुमानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की हिंदू महिला के कुरान पढ़ने व उसके बेटे के मदरसे में शिक्षा ग्रहण करने के मामले में सोमवार को नया मोड़ सामने आया। महिला ने एक मदरसा के प्रधानाचार्य पर मजबूरी का फायदा उठाने, प्रलोभन देकर उसके बेटे का धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस मामले में पुलिस अब आगे की तफ्तीश में जुटी है। जानकारी के मुताबिक हनुमानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि खड्डा इलाके के कोहरगड्डी के एक मदरसे का प्रधानाचार्य मुजीबुर्रहमान उसकी आर्थिक मजबूरी का फायदा उठाते हुए उसके नाबालिग बेटे का धर्म परिवर्तन कराकर उसका नाम नूर आलम रखवा दिया।

# बरहज में पीछे हटने लगी सरयू, कटान तेज

जन एक्सप्रेस। देवरिया

दो दिन से सरयू नदी पीछे हट रही है। जलस्तर में करीब 15 सेमी की कमी दर्ज की गई। परसिया देवार क्षेत्र में नदी करीब तीन किमी तक नदी कटान कर रही है। इससे नदी पार के गांव के लोगों में हड़कंप मचा है।

थाना घाट पर बने मीटर गेज पर सरयू खतरे के निशान 66.50 से 1.05 मीटर ऊपर 67.55 मीटर पर बहने लगी थी। इस समय 67.30 मीटर पर बह रही है।

नदी का जलस्तर थमने का नाम नहीं ले रहा था। अब जलस्तर में हो रही कमी से सरयू पार दियारा क्षेत्र में निर्माणधीन मोहन सेतु से पूरब करीब तीन किमी तक नदी बेतहाशा कटान कर रही है। इससे कृषि भूमि नदी में विलीन हो रही है। एसडीएम विपिन कुमार द्विवेदी ने बताया कि जलस्तर में कमी आई है। कटानरोधी कार्य के लिए बाढ़ खंड विभाग को निर्देश दिए गए हैं।



# लापता मोबाइल में राजू की हत्या का राज खोज रही पुलिस

जन एक्सप्रेस। देवरिया

लार थाना क्षेत्र के मेहरौनाघाट निवासी 25 वर्षीय राजू पाल की हत्या की जांच में लगी पुलिस की चार टीमें उलझती जा रही हैं। एक सप्ताह तक शराब तस्करी और करीबियों पर संदेह होने का दावा करने वाली पुलिस अब लापता मोबाइल में राजू की हत्या का राज ढूंढने में लगी है। पुलिस राजू के मोबाइल नंबर का सीडीआर निकाल कर उसकी मदद से वारदात में शामिल आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

सोमवार को हिरासत में लिए गए कुछ लोगों से पूछताछ पूरे दिन हुई, मगर ठोस जानकारी हाथ नहीं लग सकी। सूत्रों की मानें तो पुलिस की जांच आशनाई की ओर इशारा कर रही है। हालांकि, पुलिस कुछ भी कहने से परहेज कर रही है। वारदात के बाद मेहरौना पुलिस चौकी पर तैनात सिपाहियों की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं। राजू की मंगलवार की रात बदमाशों ने धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी थी। बिहार बॉर्डर से सटा गांव होने के कारण पुलिस सक्रिय हुई। एसपी विक्रांत वीर ने एसओजी टीम समेत तीन पुलिस की टीम सलेमपुर सीओ के नेतृत्व में जांच के लिए लगाया है। पुलिस की शुरुआती जांच शराब तस्करों की ओर रही। वारदात के बाद बदमाशों ने राजू का मोबाइल भी लापता कर दिया था। राजू के मोबाइल का अंतिम लोकेशन वारदात के इर्द गिर्द था। रविवार की रात और सोमवार को पुलिस लापता मोबाइल को वारदात स्थल के आसपास ढूंढने का प्रयास किया। पुलिस मोबाइल का सीडीआर निकलवा रही है। साथ ही, उसके संपर्क में रहने वाले और करीबियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस की जांच में यह गुत्थी सुलझने के बजाय उलझती जा रही है। पुलिस का मानना है कि वारदात को शातिराना अंदाज में अंजाम दिया गया है। बदमाशों ने कोई ऐसा साक्ष्य नहीं छोड़ा है, जो पुलिस की जांच में मददगार बन सके। वहीं घर वाले तथा इलाके के लोगों का सब्र भी पुलिस की सुस्त जांच के चलते कभी भी टूट सकता है और सड़क पर उतर सकते हैं। सोमवार को सीओ मनोज कुमार के नेतृत्व में एसओजी समेत सर्किल क्षेत्र के थानों की पुलिस टीम मेहरौना पहुंची।

## आंगनबाडी केंद्रों पर तैनात होंगे एजुकेटर, तेज तेज

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

जिले की आंगनबाड़ी व्यवस्था में बदलाव की तैयारी है। अब परिषदीय स्कूलों के साथ-साथ बेसिक शिक्षा विभाग आंगनबाड़ी केंद्रों की कक्षाओं का संचालन भी करेगा। इसके तहत अब आंगनबाड़ी केंद्रों में एजुकेटर (शिक्षक) की तैनाती की जाएगी जो बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा से जोड़ेंगे। जिले में 4000 से अधिक केंद्र हैं, इनमें से प्रा. विद्यालय परिसरों में संचालित केंद्रों की कक्षाओं का संचालन बेसिक शिक्षा विभाग करेगा। अब इन केंद्रों में से 185 केंद्रों पर एजुकेटरों की तैनाती की जाएगी। जो इन बच्चों की शिक्षा व्यवस्था को देखेंगे। एजुकेटर निपुण भारत मिशन के तहत बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने, खेल, नाटक, पिकनिक और शैक्षिक भ्रमण जैसी गतिविधियों के माध्यम से उनके विकास को देंगे।

# राष्ट्रीय ध्वज को क्षतिग्रस्त करने का आरोप, ग्रामीणों ने घेरा झंगहा थाना, किया रोड जाम

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

पांडेय टोला स्थित एक टावर पर धार्मिक और राष्ट्रीय ध्वज दोनों लगाए गए थे, जिन्हें लेकर रविवार को विवाद शुरू हुआ था। एक समुदाय के लोगों ने आरोप लगाया कि उनके धार्मिक ध्वज को कुछ लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। इस पर उन्होंने थाने में तहरीर दी और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए अमित गोंड के खिलाफ शांति भंग की धारा में कार्रवाई की।

थाना क्षेत्र के पांडेय टोला स्थित टावर पर लगे राष्ट्रीय ध्वज को क्षतिग्रस्त करने के आरोप में सोमवार को सुबह ग्रामीणों ने झंगहा थाने का घेराव कर दिया। आरोप था कि कुछ असामाजिक तत्वों ने जानबूझकर राष्ट्रीय ध्वज को नुकसान पहुंचाया है। जब पुलिस की ओर से कार्रवाई की कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई तो वे थाने पर हंगामा करते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करने लगे।

करीब आधे घंटे तक किसी पुलिसकर्मी के नहीं पहुंचने पर ग्रामीण चौराहे की ओर बढ़े और वहां विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम कर दिया। इस दौरान पुलिस विरोधी नारेबाजी भी की गई। इसके बाद पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया और ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन दिया। करीब 11 बजे मामला शांत हुआ और ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया।

पांडेय टोला स्थित एक टावर पर धार्मिक और राष्ट्रीय ध्वज दोनों लगाए गए थे, जिन्हें लेकर रविवार को विवाद शुरू हुआ था। एक समुदाय के लोगों ने आरोप लगाया कि उनके धार्मिक ध्वज को कुछ लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। इस पर उन्होंने थाने में तहरीर दी और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए अमित गोंड के खिलाफ शांति भंग की धारा में कार्रवाई की।

रविवार शाम को जब ग्रामीणों को इस मामले की जानकारी मिली तो वे थाने पहुंचे और राष्ट्रीय ध्वज को क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया और कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीण वापस चले गए।

सोमवार सुबह पुलिस की तरफ से ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने पर ग्रामीणों ने फिर से झंगहा थाने का घेराव किया और सड़क जाम कर दिया। इस दौरान उनका आरोप था कि पुलिस दूसरे समुदाय के साथ मिली हुई है और जान बूझकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं कर रही है। मामला बढ़ने पर थाना प्रभारी ने दोपहर 11 बजे ग्रामीणों को बताया कि एक और आरोपी को पकड़ लिया गया है। एसपी नॉर्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जांच चल रही है।

# बस्ती डायट में सजी भव्य एलुमनाई मीट पुरातन और वर्तमान का अद्भुत संगम



बस्ती डायट में सम्मानित शिक्षकों संग प्राचार्य संजय शुक्ला और अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएँ।

■ शिक्षा की गुणवत्ता और अनुभवों के आदान-प्रदान पर जोर, प्रशिक्षुओं ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

जन एक्सप्रेस बस्ती

बस्ती का जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) मंगलवार को उस ऐतिहासिक क्षण का गवाह बना, जब शिक्षा का अतीत और वर्तमान एक ही मंच पर सजीव हो उठा। यहां आयोजित एलुमनाई मीट केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि यह एक भावनात्मक और बौद्धिक उत्सव था—एक ऐसा संगम, जहां वर्षों पहले इस संस्थान से निकलकर समाज की दिशा बदलने वाले शिक्षक और आज प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवा प्रशिक्षु एक साथ खड़े थे।

जब मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, तो मानो परिसर में ज्ञान की पवित्र धारा प्रवाहित हो उठी। वातावरण में थिरकते कदमों और गूंजते गीतों की ऊर्जा थी, तो वहीं वक्ताओं की आवाज़ में जीवन के अनुभवों का गूढ़ सत्य। यह वह क्षण था, जब अतीत की स्मृतियाँ और भविष्य की उम्मीदें एक सूत्र में बंध गईं।

मंच पर जहां प्रशिक्षु गीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और ऊर्जा का परिचय दे रहे थे, वहीं पुरातन छात्र अपने अनुभवों को साझा करते हुए भावुक हो उठे। किसी ने कहा—आज हम जिस भी मुकाम पर हैं, उसकी जड़ें इसी डायट से जुड़ी हैं। किसी ने गले में भर्राहट के साथ स्वीकार किया—यह संस्थान केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि हमारी पहचान और जीवन की दिशा है।

इस एलुमनाई मीट का महत्व केवल स्मृतियों का पुनर्जीवन नहीं था। इसका वास्तविक संदेश यह था कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं,

बल्कि यह अनुभवों, विचारों और संवेदनाओं का ऐसा प्रवाह है, जिसमें पुरानी पीढ़ी की साधना और नई पीढ़ी की ऊर्जा मिलकर भविष्य की राह बनाती है। यही कारण था कि जब विभिन्न ब्लॉकों और जिलों से आए अध्यापकों ने अपने विद्यालयों की कहानियां साझा कीं, तो वर्तमान प्रशिक्षु ध्यानपूर्वक सुनते रहे। वे समझ रहे थे कि अध्यापन केवल पेशा नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और समाज निर्माण का संकल्प है।

यह आयोजन साबित करता है कि डायट बस्ती केवल शिक्षक बनाने का संस्थान नहीं है, बल्कि यह शिक्षा का वह मंदिर है, जहां से निकलने वाले प्रत्येक विद्यार्थी ज्ञान की मशाल लेकर समाज के अंधेरों को रोशन करते हैं।



शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखना और उसे समयानुकूल दिशा देना आज की सबसे बड़ी चुनौती है। ईलर्निंग, डिजिटल साधन और आधुनिक एप्लिकेशन अब शिक्षा का अनिवार्य हिस्सा बन चुके हैं। हर शिक्षक का कर्तव्य है कि वह इन साधनों को अपनाकर बच्चों को बेहतर अवसर और आधुनिक दृष्टि प्रदान करे। साथ ही, पुरातन छात्रों के अनुभव वर्तमान प्रशिक्षुओं के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन का अमूल्य खजाना हैं। जब नई पीढ़ी तकनीक को अपनाते हुए परंपरा और मूल्यों से भी जुड़ी रहेगी, तभी शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य पूरा होगा।

**संजय शुक्ल**
**एडी बेसिक बस्ती/डायट प्राचार्य**

### गौरव और कृतज्ञता का पल

पूर्व छात्रों ने साफ शब्दों में स्वीकार किया कि उनके व्यक्तित्व निर्माण और आज की उपलब्धियों की जड़ें इसी संस्थान से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि यहां से मिली शिक्षा ने उन्हें न सिर्फ शिक्षक बनाया, बल्कि समाज के प्रति संवेदनशील नागरिक भी बनाया। कई अध्यापकों ने अपने अनुभव साझा किए—किसी ने परिषदीय विद्यालय में सीमित संसाधनों के बावजूद बच्चों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने की पहल बताई, तो किसी ने बताया कि कठिन परिस्थितियों में भी शिक्षा की लौ जलाए रखना ही उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि रही।

### प्रशिक्षुओं और प्रवक्ताओं की सक्रिय भूमिका

कार्यक्रम को सफल बनाने में डायट के प्रवक्ता डॉ. गोविन्द प्रसाद, डॉ. ऋचा शुक्ला, वर्षा पटेल, सरिता चौधरी, कल्याण पाण्डेय, अलीउद्दीन, डॉ. रविनाथ, कुलदीप चौधरी, मो. इमरान खान, अमन सेन और शशि दर्शन त्रिपाठी सहित अन्य शिक्षकों व डीएलएड प्रशिक्षण कर रहे छात्र-छात्राओं ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी ने अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए कार्यक्रम को एक यादगार रूप दिया।

### प्रशिक्षुओं की दमदार प्रस्तुतियां

वर्तमान प्रशिक्षुओं ने भी इस अवसर को खास बना दिया। सृष्टि, आकांक्षा सिंह, आकांक्षा पांडेय, निशु, तनु सिंह, महिमा पांडेय, दीप्ति पांडेय, प्रियंका यादव, सौम्या, साक्षी यादव, नीलम, अजय, अमरेंद्र, सौरभ कनौजिया, ज्ञानेंद्र, ज्ञान प्रकाश और आकाश आदि ने गीत, नृत्य और सांस्कृतिक गतिविधियों से माहौल को जीवंत कर दिया। उनकी प्रस्तुतियां इस बात का प्रमाण थीं कि डायट बस्ती केवल अध्यापन का ही केंद्र नहीं, बल्कि कला और संस्कृति का भी संवाहक है।



### उद्देश्य और महत्व

नोडल प्रवक्ता वंदना चौधरी ने बताया कि एलुमनाई मीट का असली मकसद पुराने छात्रों को जोड़ना ही नहीं, बल्कि वर्तमान प्रशिक्षुओं को उनके मार्गदर्शन और अनुभवों से अवगत कराना भी है। जब युवा प्रशिक्षु अपने वरिष्ठों की कहानियां सुनते हैं, तो उनमें संघर्ष करने और आगे बढ़ने की प्रेरणा जागृत होती है।

### शिक्षा का असली संदेश

एलुमनाई मीट ने यह स्पष्ट कर दिया कि शिक्षा केवल अंकों और परीक्षाओं का खेल नहीं है। यह मूल्यों, अनुभवों और समाज के प्रति जिम्मेदारी का संगम है। जब पुरातन छात्र लौटकर अपने अनुभव साझा करते हैं और वर्तमान प्रशिक्षु उनसे सीख लेकर अपने सपनों को आकार देते हैं, तो यही शिक्षा का सबसे बड़ा उत्सव होता है।

# शरारती तत्वों के खिलाफ होगी सख्त निगरानी: सीओ

■ अखाड़ों में तलवार, भाला लेकर चलना रहेगा प्रतिबंध, थानाध्यक्ष, पीस कमेटी की बैठक में मजिस्ट्रेट ने दिए कड़े निर्देश

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



खेतासराय के अति संवेदनशील कस्बा खेतासराय में आगामी त्यौहार को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट हो गया है। मजिस्ट्रेट की निगरानी में मंगलवार को खेतासराय थाना परिसर में पीस कमेटी की आयोजित बैठक में अधिकारियों ने बेहद ही सख्त निर्देश दिए। कहा कि दुर्गा पूजा और बारावफात में शरारती तत्वों की खोजबीन के लिए पुलिस का सख्त पहरा लगाया जाएगा। अखाड़ों में तलवार, भाला व अन्य धारदार हथियार का प्रयोग करतब दिखाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है।

मजिस्ट्रेट के रूप में मौजूद नायब तहसीलदार राहुल सिंह, डिप्टी एसपी अजीत सिंह चौहान ने बेहद ही कड़े शब्दों में अति उत्साही युवाओं पर नजर रखने के लिए उनकी संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारी और बुजुर्गों को सख्त हिदायत दी। कहा कि वह जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार का कोई आपत्तिजनक नारा अथवा गलत शब्द का प्रयोग नहीं करेंगे।

अगर ऐसा करते हुए कोई पाया गया तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करके सीधे जेल भेजा जाएगा।

14 व 15 सितम्बर को बारावफात का त्योहार मनाया जाएगा। जो अपने पुराने रीति रिवाज से ही किया जाएगा, किसी नई परंपरा का कोई अनुमति नहीं है

जहाँ भी मूर्ति स्थापना की जाएगी, उस स्थान पर बालू व पानी की ब्यवस्था कमेटी की जिम्मेदारी होगी। बिजली के तार के नीचे पण्डाल नही लगेगा। नई परम्परा को अपनाने की अनुमति नहीं होगी। खेतासराय थाना प्रभारी रामाश्रय राय ने अधिकारियों व खेतासराय की जनता को भरोसा दिया कि सभी त्यौहार को बेहद ही शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए हर कड़े कदम उठाए जाएंगे। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अधिशासी अधिकारी अलका मौर्य ने नगर पंचायत के सभी वार्डों में बेहतर साफ सफाई और कूड़े को समय से उठाने के प्रति जनता को भरोसा दिया।

### आपसी सौहार्द को बनाए रखने का दिया भरोसा

खेतासराय। खेतासराय के थाना प्रभारी रामाश्रय राय की मौजूदगी में हुई शांति कमेटी की बैठक में उपस्थित जनता ने उन्हें भरोसा दिया कि जिले के इस कस्बे का जो आपसी सौहार्द है वह पूरी तरह से बना रहेगा। बैठक में उपनिरीक्षक कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार पाठक, शैलेंद्र राय, कपिलदेव, लेखपाल विवेक सिंह, भाजपा नेता रूपेश गुप्ता मोनू, सूरज तिवारी, मो असलम, सैय्यद ताहिर, अध्यक्ष वसीम अहमद, बलिहारी राजभर, सलीम सभासद सतीश यादव पिंकू समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



### पुलिस का रहेगा सख्त पहरा

खेतासराय। डिप्टी एसपी अजीत सिंह चौहान ने कहा कि पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ के निर्देश पर खेतासराय कस्बा के हर गली, नुक्कड़ चौराहा और अति संवेदनशील इलाकों में पुलिस का सख्त पहरा रहेगा। इसके लिए थाना प्रभारी रामाश्रय राय से बातचीत करके खास रणनीति बनाई गई है। कुछ ऊंचाई वाले भवनों पर भी जरूरत पड़ने पर पुलिस कर्मी तैनात किए जाएंगे। जिससे सभी मुख्य जुलूसों पर पैनी नजर रखी जा सके।

# पत्रकारिता में शोध के नए आयाम सीखेंगे अभिषेक

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



शाहगंज न्यू फ्रेंड्स अवध कॉलोनी शाहगंज निवासी शान्ति निकेतन पूर्व माध्यमिक विद्यालय सारी जहांगीर पट्टी के शिक्षक व पत्रकार राजेश चौबे के इकलौते बेटे अभिषेक चतुर्वेदी रुस के मास्को स्थित पेडागाजिकल स्टेट विश्वविद्यालय में पत्रकारिता विषय पर शोध के विभिन्न आयामों की बारीकियां सीखेंगे। जानकारी मिलते ही परिजनों और शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल व्याप्त हो गया।

मूलतः केराकत तहसील के तरियारी गांव के शैक्षिक परिवार से संबंध रखने वाले अभिषेक वर्तमान में पंजाब के लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाड़ा में शोध कार्य कर रहे थे। यहां वे डॉ. नदीम अख्तर पर्यवेक्षक और डॉ. सुमित पांडेय सह-पर्यवेक्षक के निर्देशन में चार सत्र तक शोध पूरा कर चुके हैं। शेष शोध कार्य के लिए उनका चयन मास्को विश्वविद्यालय में हुआ है, जहां वे एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सर्गी डानिलिन के निर्देशन में आगे का कार्य करेंगे। अभिषेक ने इंटर तक की शिक्षा नगर के सेंट थॉमस इंटर कॉलेज से पूरी की। इसके बाद लखनऊ विश्वविद्यालय से पत्रकारिता में परास्नातक किया, फिर शोध कार्य के लिए पंजाब चले गए। अपने इस सफर का श्रेय वह अभिभावक की भूमिका निभाने वाले पशु चिकित्सक डॉ.आलोक सिंह पालीवाल और केएनआई सुल्तानपुर के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विशाल सिंह को देते हैं।अभिषेक की इस उपलब्धि पर शिक्षक रहे दादा रामानंद चौबे, चाचा उमेश चंद्र चौबे, माता कंचन, बहन दीप्तिका सहित पत्रकारों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी।

# शिक्षकों का धरना प्रदर्शन 10 को

जन एक्सप्रेस। बस्ती

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय के क्रम में देश के सेवारत शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य किए जाने के आदेश मामलों को लेकर 10 सितम्बर को दिन में एक बजे शास्त्री चौक पर शिक्षक एकत्र होंगे उसके बाद जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजा जायेगा।



यह जानकारी देते हुये संघ के जिला प्रवक्ता सूर्य प्रकाश शुक्ल ने बताया कि तैयारियां पूरी की जा चुकी है और संघ जिलाध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल के आवाहन पर बड़ी संख्या में शिक्षक एकत्र होंगे।

प्रवक्ता सूर्य प्रकाश ने बताया कि यदि शीघ्र समस

# पत्रकार पर हमला, सुरेरी पुलिस की गुंडई उजागर– निष्पक्ष कार्यवाही की उम्मीद

### पत्रकार बरसाती लाल कश्यप ने कहा कि

अगर मेरी तबीयत बिगड़ती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी थाना प्रभारी देवानंद रजक की होगी।,जनता और पत्रकार समाज का विश्वास है कि जौनपुर के पुलिस अधीक्षक इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए न केवल निष्पक्ष जांच कराएंगे, बल्कि दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे।पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और इस स्तंभ को गिराने का दुस्साहस किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पत्रकार समाज ने बरसाती लाल कश्यप के साहस, निडरता और निष्पक्ष पत्रकारिता की सराहना की है। वहीं, जिले के पुलिस अधीक्षक की ईमानदारी व निष्पक्ष छवि को देखते हुए लोगों को भरोसा है कि पीड़ित पत्रकार को न्याय जरूर मिलेगा।

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर में पत्रकार पर हुए पुलिसिया हमले के मामले ने पूरे प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस नाजुक घड़ी में आइडियल पत्रकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अजय कुमार मिश्रा जी ने जिस साहस और निर्भीकता के साथ आवाज़ बुलंद की है, वह काबिले-तारीफ़ है।उन्होंने घटना के तुरंत बाद ही न सिर्फ पुलिस अधीक्षक जौनपुर, डीआईजी वाराणसी, एडीजी जोन वाराणसी बल्कि डीजीपी और मुख्यमंत्री तक पत्रकार पर हुए अत्याचार की गूंज पहुँचाई। अजय मिश्रा जी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई नहीं होती है, तो आंदोलन प्रदेश ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर तक किया जाएगा।यह उनके पत्रकार हितैषी और निडर नेतृत्व की पहचान है। उन्होंने यह साबित किया है कि पत्रकारिता पर हमला किसी एक व्यक्ति पर हमला नहीं, बल्कि लोकतंत्र की चौथी ताकत को दबाने की कोशिश है। वरिष्ठ पत्रकार बरसाती लाल कश्यप के सम्मान और सुरक्षा की लड़ाई को जिस मजबूती से अजय मिश्रा जी ने आगे बढ़ाया है, वह पूरे पत्रकार समाज के लिए प्रेरणा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा जी का यह संघर्ष पत्रकारों की अस्मिता की रक्षा और लोकतंत्र की मजबूती के लिए ऐतिहासिक कदम साबित होगा।

रामपुर विकासखंड के सुरेरी थाना क्षेत्र के हनुमानगंज मार्केट तेलियागंज में रविवार को जमीनी विवाद को लेकर बड़ा बवाल खड़ा हो गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विवाद की स्थिति को संभालने के बजाय सुरेरी पुलिस ने महिलाओं पर लाठियां चलाईं और उन्हें घसीटकर थाने ले गई।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे वरिष्ठ पत्रकार श्री बरसाती लाल कश्यप ने जब पुलिस की कार्यवाही को कैमरे में कैद करना चाहा, तो थाना प्रभारी देवानंद रजक ने पत्रकार पर ही हमला बोल दिया। आरोप है कि पुलिस अधिकारी ने उनका गला दबाकर धक्का दे दिया, जबकि पत्रकार का गले का हाल ही में गंभीर ऑपरेशन हुआ था। इस हमले के कारण उनकी स्थिति और बिगड़ गई है।गौरतलब है कि बरसाती लाल कश्यप का लखनऊ में मेट्रो सिटी अस्पताल, गोमती नगर में नाक-कान-गले के विशेषज्ञ डॉ. निखिल सिंह द्वारा ट्यूमर का ऑपरेशन किया गया था। डॉक्टर ने स्पष्ट कहा था कि किसी भी प्रकार का दबाव या चोट उनके लिए घातक हो सकता है। इसके बावजूद पुलिस की दबंगई ने पत्रकार की जान पर बन आई है।इस घटनाक्रम के बाद श्रमजीवी पत्रकार यूनियन उत्तर प्रदेश के जिला अध्यक्ष सुशील कुमार स्वामी सहित तमाम पत्रकार साथी मौके पर पहुंचे और घटना की निंदा करते हुए दोषी थाना प्रभारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

# परशुरामपुर में झूठी चोरी की सूचना का पर्दाफाश, पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। बस्ती



परशुरामपुर थाना क्षेत्र के जीवनारायनपुर गांव में चोरी की झूठी सूचना देकर पुलिस को गुमराह करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पूरे प्रकरण का खुलासा कर दिया और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार की शाम करीब 7-52 बजे इवेंट नंबर 17754 पर डायल 112 के माध्यम से नंदलाल पुत्र राजाराम ने पुलिस को सूचना दी कि उसके घर में चोरी हो गई है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष परशुरामपुर हमराह उपनिरीक्षक कुर्बान अली और पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने कॉलर नंदलाल, उसकी पत्नी नीलम और अन्य परिजनों से पूछताछ की। लेकिन सभी के बयान अलग-अलग मिले, जिससे संदेह गहरा गया। पुलिस ने घर की तलाशी ली तो कथित चोरी गए जेवरात घर के ही लोगों के पास से बरामद हो गए। तलाशी में नीलम पत्नी नंदलाल के पास से सोने के झुमके व चांदी की पायल, नंदलाल के पास से दो सोने के लॉकेट व 15 पीस चांदी की बिंदिया, जबकि बहु के पास से पैरों की पावजेब बरामद हुई। सख्त पूछताछ में यह खुलासा हुआ कि कॉलर नंदलाल ने जानबूझकर मनगढ़ंत और भ्रामक सूचना दी थी, जिससे पुलिस को गुमराह किया गया। इस मामले में पुलिस ने नंदलाल, उसकी पत्नी व बहु के खिलाफ धारा 212, 217 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। बरामद सभी जेवरात मौके पर ही नंदलाल की बहु को सुपुर्द कर दिए गए।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष की कैद

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो उमेश कुमार की अदालत ने सरपतहा थाना क्षेत्र निवासी एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को 20 वर्ष की कैद व ?15000 अर्थ दंड से दंडित किया। अभियोजन कथानक के अनुसार सरपतहा थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने 7 सितंबर 2022 को मुकदमा पंजीकृत करवाया कि दिनांक 31 अगस्त 2022 को उसकी 12 वर्षीय नाबालिग पुत्री घर से गायब हो गई है। वह एक मोबाइल नंबर पर हमेशा बात किया करती थी। वादी को आशंका है कि उसी मोबाइल नंबर धारक व्यक्ति ने ही उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने विवेचना करके आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। मुकदमे के विचारण के दौरान सभी गवाह पक्षद्रोही हो गए और किसी ने भी अभियोजन कथानक का समर्थन नहीं किया। जबकि आरोपी ने पीड़िता से विवाह कर लिया था और बच्ची भी पैदा हुई थी। अदालत ने कहा कि नाबालिग पीड़िता की सहमति या नाबालिक पीड़िता से विवाह करना अपराध की गंभीरता को कम नहीं करता।

# गलत साइड से आई कार से पल्सर टकराई, दो युवक गंभीर, बाइक जलकर राख

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जफराबाद वाराणसी-लखनऊ राजमार्ग पर हौज तिराहे के पास सोमवार देर रात गलत साइड से आ रही कार और पल्सर बाइक में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि पल्सर धू-धू कर जलकर राख हो गई।

जानकारी के अनुसार वाराणसी निवासी अमन सोनकर (24) व शुभम सोनकर (20) पुत्र बित्तन सोनकर, नाटी इमली थाना जैतपुर, अपनी पल्सर से सुल्तानपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान हौज तिराहे के पास सामने से गलत दिशा से आ रही कार से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जाकर गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।

दुर्घटना में पल्सर बाइक में आग लग गई और वह पूरी तरह जलकर खाक हो गई, जबकि कार का अगला पहिया टेढ़ा हो गया। संयोगवश मौके पर मौजूद जफराबाद पुलिस टीम ने तुरंत दोनों घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा, जहां से उन्हें वाराणसी रेफर कर दिया गया।

थानाध्यक्ष रमेश कुमार ने बताया कि कार मालिक भारत पुत्र साधुराम निवासी मुस्तफाबाद है। पुलिस के अनुसार कार गलत साइड से चल रही थी। दोनों पक्षों की तहरीर मिलने के बाद मामले में मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# जौनपुर में पीड़ित परिवार के साथ सपा महिला सभा का जोरदार प्रदर्शन पीड़ित परिवार को मिले न्याय






जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर के मछलीशहर पड़ाव में 25 अगस्त को बिजली के खंभे से करंट उतरने से तीन लोगों की जान चली गई थी। इसी मामले को लेकर समाजवादी पार्टी की महिला सभा की जिलाध्यक्ष शर्मिला रमेश यादव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने डीएम से मुलाकात किया।समाजवादी महिला सभा ने मुख्यमंत्री को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बिजली विभाग की लापरवाही और शहर की खराब जल निकासी व्यवस्था का जिक्र किया गया है। मृतकों के परिवारों को 50-50 लाख की आर्थिक सहायता और एक-एक सदस्य को नौकरी की मांग की गई है। साथ ही दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की गई है। 25 अगस्त को एक घंटे की तेज बारिश के बाद हीरो होंडा एजेंसी के पास जलभराव हो गया था। 24 वर्षीय प्राची मिश्रा ई-रिक्शा में बैठने की कोशिश कर रही थीं। वह जर्जर नाले में गिर गईं। नाला टूटकर करीब 5 फीट सड़क तक फैल गया था। जलभराव के कारण नाला दिखाई नहीं दे रहा था। प्राची को बचाने के लिए 18 वर्षीय मोहम्मद समीर और ई-रिक्शा चालक शिवा गौतम कूद पड़े। नाले में करंट प्रवाहित होने के कारण तीनों की मौत हो गई। प्राची और समीर की लाश 600 मीटर दूर बड़े नाले में मिली। स्थानीय लोगों ने बताया कि बिजली के खंभे में एक महीने से करंट उतर रहा था। इससे पहले एक बकरी और एक गाय की भी मौत हो चुकी थी। लोगों ने बिजली विभाग को शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# प्रार्थिनी ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

प्रार्थिनी मंजू सिंह पत्नी आनन्द प्रकाश सिंह ने बताया कि द्य घटना दिनांक 04.09.2025 को समय लगभग 8-00 बजे रात्री प्रार्थिनी घर पर गनपति पूजा का भण्डारा चल रहा था कि अचानक विपक्षीगण संजू सिंह पत्नी संतोष सिंह सा0मी0 रामनगर (बड़सरा), थाना लाइन बाजार जनपद जौनपुर व निशान्त सिंह पुत्र सतोष सिंह सा0मी0 नाऊपुर (राजेपुर), पर0 व तह0-केराकत, जिला-जौनपुर व भीम सिंह पुत्र जयप्रकाश सिंह सा0मी0-नाऊपुर (राजेपुर), पर0 व तह0-केराकत,के है। प्रार्थिनी का लड़का अपने घर पर भण्डारे का कार्यक्रम देख रहा था कि अचानक निशान्त सिंह पुत्र संतोष सिंह सराब के नशे में धूत होकर प्रार्थिनी के लड़के को माँ-बहन की भद्दी-भद्दी गालिया देने लगा। व मंण्डारा का खाना फेकने लगा व प्रार्थिनी की बहन संजू सिंह पत्नी संतोष सिंह द्वारा प्रार्थिनी की महता का पत्रा पकड़कर मारने-पीटने लगी प्रार्थिनी जब छोड़ाने गयी तो प्रार्थिनी को भी मारने लगी व भण्डारा में आये लोग देखकर भागने लगे प्रार्थिनी ने तत्काल 112 नंबर पुलित वाहन बल को बुलाया तो प्रार्थिनी ने कहा कि उक्त लोगों को भी बुलाये व पुछताछ करे तो 112 पुलिस वाहन बल वापस चली गयी। प्रार्थिनी व उनकी माता व उनका लड़का जब चौकी पर गये तो प्रार्थिनी के लड़के को लाठी से मारने का प्रयास किया तो प्रार्थिनी का लड़का भागकर बाहर चला गया व प्रार्थिनी के सामने प्रार्थिनी के माता को चौकी प्रभारी व पुलिस द्वारा मारा-पीटा गया व रात लगभग 11-00 बजे प्रार्थिनी व उनकी माता को डरा धमका कर भगा दिये व किसी भी प्रकार की कोई कानूनी कार्यवाही व मेडिकल भी नहीं करवाया गया। प्रार्थिनी का परिवार डरा सहमा था। प्रार्थिनी के घर उक्त लोगो द्वारा सुबह 7-00 बजे जाकर डराने व धमाने का प्रयास किये व थाने पर न जाने की धमकी देकर आये।

प्रकरण की गम्भीरता को ध्यान में देखते हुये प्रार्थिनी के लड़के व माता का मेडिकल मुआयना कराकर उक्त लोगो के विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज कर उकेत धाराओं में कानूरी कार्यदा ही करने की कृपा करें। कि न्याय हो जान माल की रक्षा हो।

# कोतवाली गंगा घाट क्षेत्र में तीन नकाबपोश बदमाशों ने दुस्साहसिक घटना को दिया अंज़ाम

## मकान मालकिन व किरायेदार को मार पीट कर बनाया बंधक

**पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने बताया के घटना में शामिल बदमाशों को पकड़ने के लिए टीमें गठित कर दी गई है जल्द ही बदमाशों को पकड़ लिया जायेगा**





जन एक्सप्रेस। उन्नाव

**शुक्लागंज।** जनपद के कोतवाली गंगा घाट क्षेत्र में पोनी रोड स्थित डाकतार कालोनी बम बम चौराहा से कुछ दूरी पर तीन नकाब पोश बदमाशों ने दिन दिहाड़े घर में घुस कर महिला मकान मालकिन व महिला किराए दार के साथ मारपीट कर बंधक बना लिया उसके बाद घर में रखी नगदी, जेवरात सहित लाइसेंसी रिवाल्वर लेकर हुए फरार। बदमाशों के फरार होने के बाद घर के अंदर से चिल्लानें और शोर की आवाज सुनकर आस पास के पड़ोसी ने महिलाओं को बचाया इलाके में दिन दिहाड़े हुई लूट की घटना से मोहल्ले वासियों में दहशत का माहौल बन गया प्राप्त जानकारी केअनुसार मकान मालकिन सीता शुक्ला ने बताया कि में घर पर अकेली थी बेटी स्कूल गई हुई थी पति राकेश शुक्ला बार दानें का व्यवसाय करते हैं। मकान में दो किराएदार भी रहते हैं। बदमाशों ने किराएदार रत्ना चौरसिया को उनके लड़के के नाम से पुकार कर घर में घुस आये और बंधक बनाकर कमरे में बंद कर दिया मकान मालकिन ऊपर के हिस्से में रह रही थी। बदमाशों ने कमरे में लगे ताले तोड़कर संदूक व अलमारी में रखे कीमती जेवरात सोना चांदी, करीब लाखों रुपए नगदी, और लाइसेंसी रिवाल्वर लेकर फरार हो गए मकान मालकिन को बेड पर बंधक बनाकर ओर किराएदार महिला को कमरे में बंद कर हाथ पैर पर रस्सी से बांध कर और मुंह पर टेप लगा कमरे में बंद कर फरार हो गए आसपास के पड़ोसियों ने चीखें सुनकर कमरे के दरवाजा तोड़कर जान बचाई पड़ोसी के सूचना पर मौके पर पहुंचे थाना गंगाघाट कोतवाली प्रभारी अजय कुमार सिंह मय पुलिस फोर्स के साथ महिलाओं को आश्वासन दिया जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। दिन दहाड़े हुई वारदात पुलिस विभाग के साथ जनपद में चर्चा का विषय बन गई पुलिस ने देर न करते हुए मोर्चा संभाला और उन्नाव जनपद के उच्च अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर सर्विलांस टीम के साथ एसओ जी स्वाट व पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्रधिकारी दही थाना प्रभारी अवनीश कुमार सिंह, निरीक्षक अनुराग सिंह ने घटनास्थलस्थल के आसपास गलियों में जांच पड़ताल करने के साथ विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर जल्द ही बदमाशों को पकड़ने की बात कही।

# प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर सेवा पखवाड़ा मनाने को भाजपा की कार्यशाला

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर सेवा पखवाड़ा अभियान के निमित्त जिला कार्यशाला का आयोजन जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदोरिया की अध्यक्षता में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री व क्षेत्रीय प्रभारी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र/सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता जी उपस्थित रहे वहीं मंच पर तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत जिला प्रभारी इंद्रपाल पटेल निवर्तमान जिला अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत पूर्व जिला अध्यक्ष योगेंद्र भदौरिया क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह सहित क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव उपस्थित रहे कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री रामवीर कठेरिया ने किया।

वही सेवा पखवाड़ा अभियान जिला कार्यशाला में मुख्य अतिथि अनूप गुप्ता ने कहा कि हम सब जानते हैं कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी का जन्म दिवस 17 सितंबर को होता है जिसे पार्टी विगत कई वर्षों से सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाती हैं जिसको लेकर भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न समाज सेवी कार्यक्रमों का आयोजन करती है। अनूप गुप्ता ने कहा की भाजपा का एक एक कार्यकर्ता हमेशा समाज सेवा, राष्ट्र सेवा के लिए जाना गया और हम सब इस सेवा पखवाड़ा के दिवसों पर इस अभियान में विभिन्न तरीकों से समाज सेवा करते हुए रक्त दान, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान जैसे कई अभियान से लोगों की सेवा करनी है जैसे हमारे देश के प्रधानमंत्री देश की सेवा में दिन रात काम करते हैं उसी तरह हम सभी देश को विकसित भारत बनाने के लिए लगना पड़ेगा।

जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदोरिया ने इस कार्यशाला के मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का हर एक कार्यकर्ता हमेशा राष्ट्र के प्रति समर्पित रहता है और इस सेवा पखवाड़ा अभियान को भी सफल बनाते हुए विभिन्न योजित सेवा कार्यक्रमों में अपना योगदान करेगा, सेवा की भावना से ही राष्ट्र विश्वगुरु बन सकता है। आज हमारे प्रधानमंत्री भी लगातार राष्ट्र की सेवा में लगे हुए है अपने जन्मदिवस को राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित कर दिया है।

इस मौके पर हरिबक्स सिंह, शैलेंद्र द्विवेदी जीतू तिवारी अशोक सिंह अभिमन्यु सिंह शरद मिश्रा व्योम शुक्ला श्यामू राजपूत मुनीश मिश्रा विपिन द्विवेदी प्रशांत गुप्ता सौरभ पटेल रामबाबू कटियार कुलदीप दोहरे विशाल दुबे अभिषेक पांडे सचिन शर्मा गौरव द्विवेदी राजेश राजपूत लोकेंद्र सिंह राजन अवस्थी, राजीव ठाकुर, विशाल दुबे प्राची गुप्ता,विक्की गुप्ता,सुमन पाराशर पवन त्रिवेदी सहित भारतीय जनता पार्टी के सैंकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बैंकर्स सलाहकार समिति की बैठक में डीएम ने युवा उद्यमी योजना की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला सलाहकार समिति बैंकर्स एवं फसल बीमा योजना के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने वार्षिक ऋण योजना वर्ष 2025-26 की समीक्षा करते हुए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, इंडियन ओवरसीज बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक आदि बैंकों द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष कम उपलब्धि पर नाराजगी व्यक्त की और निर्देश दिए कि सभी बैंक अपने-अपने लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद को 1700 का लक्ष्य मिला था, जिसमें अब तक 573 स्वीकृतियां हुई हैं और 554 लाभार्थियों को ऋण वितरण किया गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि इस योजना के अंतर्गत और अधिक पात्र युवाओं को लाभान्वित किया जाए। इस दौरान पंजाब नेशनल बैंक, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, केनरा बैंक आदि द्वारा आवेदनों को लंबित रखने एवं निरस्त करने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि वे स्वयं बैंकों का निरीक्षण कर ऑडिट रिपोर्ट उपलब्ध कराएं, ताकि अनियमितताओं की स्थिति स्पष्ट हो सके।

फसल बीमा योजना पर चर्चा करते हुए बताया गया कि जनपद में 1,31,779 किसान क्रेडिट कार्ड धारक हैं, जिनमें से 67,320 किसान फसल बीमा योजना हेतु योग्य पाए गए हैं। किन्तु अभी तक केवल 25,021 किसानों का ही बीमा हो सका है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बैंकें अपनी- अपनी महती भूमिका निभाते हुए किसानों को फसल बीमा के लिए प्रेरित करें और उप निदेशक कृषि को निर्देशित किया कि केसीसी धारकों को गोष्ठियों एवं जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से योजना का लाभ समझाया जाए, ताकि अधिक से अधिक किसान भाई फसल बीमा से जुड़ सकें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, उपायुक्त स्वतः रोजगार राजकुमार लोधी, अग्रणी जिला प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, उपायुक्त उद्योग धनंजय सिंह, उप निदेशक कृषि संतोष कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बिना परमिट काटे गये पांच पेड़, दो पर मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

हैदरगढ़। हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र में बीती रात शीशम के पांच हरे-भरे पेड़ों पर आरा चला रहे लकड़ी ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कोतवाली पुलिस ने दो नामजद सहित कई अज्ञात लोगों के विरुद्ध धारा 4/10 वन संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस की इस कार्यवाही से वन माफियाओ में हड़कंप मचा हुआ है। बीती रात गश्त पर निकले उप निरीक्षक फरीद मुहम्मद को मुखबिर से सूचना मिली कि हरिपालपुर वाले रास्ते पर हरे शीशम के पेड़ काटे जा रहे हैं। इस सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ही इलेक्ट्रिक आरा से बोटा बना रहे मजदूर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकले। जबकि एक व्यक्ति पकड़ में आ गया। मौके से बरामद लकड़ी को कब्जे में लेने के बाद इस लकड़ी को पूरे चंद्रमन थाना असन्द्रा निवासी राजेंद्र कुमार की सुपुर्दगी में दे दिया गया। इसके अलावा ट्रैक्टर ट्राली पर लदी लकड़ी को कोतवाली में लाकर दाखिल करने के बाद ट्रैक्टर के कागज न होने पर उसे सीज कर दिया गया।

# पूर्व विधायक रामकुमार निषाद ने मार्जिनल बांध की मांग उठाई






जन एक्सप्रेस। उन्नाव

***उन्नाव जनपद के ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरी में क्षेत्रों में बाढ़ से आम जन मानस बेहाल लगातार गंगा में पानी बढ़ने से जनता समस्याओं से जूझ रही है।***

गंगा के बढ़ते जल स्तर पूर्व विधायक रामकुमार निषाद ने चिंता व्यक्त कर बताया के प्रतिवर्ष गंगानदी में आने वाली बाढ़ से लगभग 287525 व्यक्तियों एवं 3000हे0 कृषि भूमि को बचाने के लिए जनपद उन्नाव में गंगानदी के बायें तट पर शुक्लांगज पुराने पुल से जाजमऊ पुल तक मार्जिनल बॉध का प्रस्ताव स्व0 दीपक कुमार पूर्व सांसद पूर्व विधायक द्वारा किया गया था व पूर्व से हमारे द्वारा क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र में आमजन की समस्या को निदान कराने के लिये मांग उठाई जाती रही है जिस पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सांसद राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी ने मार्जिनल बांध बनाने की स्वीकृति दी थी। शुक्लांगज पुराने पुल से जाजमऊ पुल तक प्रस्तावित मार्जिनल बाँध की परियोजना में मार्जिनल बाँध की लम्बाई 4.450 किमी एवं लागत धनराशि रू0 13460.10 लाख की स्वीकृति केन्द्रीय जल आयोग भारत सरकार की 132वीं बैठक दिनांक 06.03.2017 में कमांक 03 पर स्वीकृत किया गया। उ0प्र0 राज्य सरकार को प्रश्नगत प्रोजेक्ट को वित्तीय वर्ष 2018-19 तक मार्जिनल बॉध के निर्माण को पूर्ण करने का आदेश दिया।केन्द्र सरकार की स्वीकृति की दिनांक 06.03.2017 से सितम्बर 2018 तक 1 वर्ष 7 माह का समय व्यतीत होने के बाद भी कार्यदायी संस्था अधिशाषी अभियन्ता उन्नाव खण्ड शारदा नहर उन्नाव द्वारा कोई कार्य नहीं किया गया। अधिशाषी अभियन्ता उन्नाव खण्ड शारदा नहर ने सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत अधोहस्ताक्षरी को दिनांक 20.08. 2018 को अवगत कराया कि बाढ़ अवधि बीत जाने के बाद माह अक्टूबर नवम्बर में एंटी इरोजन वर्क्स की परियोजना बनाकर आवश्यक कार्यवाही किया जाना उचित होगा। किन्तु कार्यदायी संस्था द्वारा कोई कार्य आरम्भ नहीं किया गया। यहाँ पर यह उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार द्वारा राज्य सरकार को वित्तीय वर्ष 2018-19 तक मार्जिनल बॉध पूर्ण करने के आदेश की समय सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव अधिशाषी अभियन्ता उन्नाव खण्ड शारदा नहर उन्नाव ने राज्य सरकार के माध्यम से केन्द्र सरकार को नहीं भेजा गया। पूर्व विधायक रामकुमार निषाद ने आरोप लगाते हुए बताया के शुक्लागंज से जाजमऊ तक मार्जिनल बांध का निर्माण अगर समय से हो गया होता तो नगर पालिका गंगा घाट क्षेत्र को बाढ़ के प्रकोप से बचाया जा सकता था।

# सड़क दुर्घटना में घायल ने तोड़ा दम

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**रामनगर।** रामनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत महादेवा के लोधौरा चैराहे पर सोमवार की सुबह करीब 6:15 बजे मोटरसाइकिल सवार युवक की तेज रफ्तार कार से टक्कर हुई जिससे घायल युवक को सीएचसी रामनगर ले जाया गया, जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हिंद अस्पताल के सघन चिकित्सा कक्ष में चल रहे उपचार के दौरान मंगलवार को करीब दोपहर 12 बजे युवक सागर गुप्ता की मौत हो गई। बताते चले कि मृतक मोटरसाइकिल सवार युवक सागर गुप्ता महादेवा के प्रसिद्ध व्यावसायी सोनू गुप्ता के तीसरे नंबर के भाई हैं, जो मंदिर प्रांगण में अपनी मिठाई की दुकान चलाते थे। मृतक सागर के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। सागर गुप्ता की मौत का समाचार सुनकर लोधेष्वर महादेवा क्षेत्र में सन्नाटा छा गया, दुकाने बंद हो गई, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। मृतक के छोटे छोटे बच्चों व उसकी पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है।

# पानी भरे गड्ढे में पड़े मिले करीब एक दर्जन मवेशियों के शव



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नवाबगंज। अजगैन कोतवाली क्षेत्र में सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में करीब एक दर्जन मवेशियों के शव पड़े देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शवों का मौके पर ही पोस्टमार्टम कराया और दफन कराया। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के अजगैन-मोहान मार्ग पर धाराखेड़ा स्थित पेट्रोल पंप के निकट मंगलवार को सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में लगभग एक दर्जन मृत मवेशियों के शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस समेत हसनगंज क्षेत्राधिकारी अरविंद चौरसिया मौके पर पहुंचे।

जांच पड़ताल कर पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सईद अहमद को टीम सहित मौके पर बुलाया। पशु चिकित्सकों द्वारा सभी मवेशियों का पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद पुलिस ने जेसीबी से सड़क किनारे गड्ढा खुदवाकर शवों को दफन कराया।

कोतवाली प्रभारी सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या आशंका है कि किसी अज्ञात वाहन से शवों को दूसरी जगह से लाकर यहाँ फेंका गया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन और अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जिले में बची 11 सहकारी समितियों का गठन शीघ्र करने के निर्देश

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कक्ष में जिला सहकारी विकास समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सहकारी समितियों की कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि सहकारिता किसानों, ग्रामीणों एवं समाज के कमजोर वर्गों के आर्थिक सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम है, इसलिए समितियों का संचालन पारदर्शिता और प्रभावशीलता के साथ किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत बी-पैक्स निबंधन, जन औषधि केंद्र, मिनी बैंक, सदस्यता अभियान आदि के अंतर्गत पिछले 08 महीनों में किए गए कार्यों का विवरण तथा शेष कार्यों की अद्यतन रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि 40 नवगठित समितियों के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 29 समितियों का गठन पूरा हो चुका है। शेष 11 समितियों हेतु स्थलों का शीघ्र चिन्हांकन कर बड़ी ग्राम सभाओं को प्राथमिकता दी जाए। श्री अग्निहोत्री ने निर्देश दिए कि मत्स्य एवं दुग्ध विभाग में गठित की जाने वाली समितियों के लिए क्षेत्रीय स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इससे जुड़ सकें।भंडारण योजना के अंतर्गत 12 समितियों में मरम्मत/सुंदरीकरण कार्य शीघ्रता से पूरा किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि समितियों के माध्यम से संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध और पारदर्शी रूप से पहुँचे। साथ ही समिति भवनों एवं परिसंपत्तियों के रख-रखाव को भी प्राथमिकता दी जाए। बैठक में उप जिलाधिकारी सदर सुश्री वैशाली, सहायक निबंधन सहकारी राजीव लोचन शर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बाढ़ प्रभावित कासिमपुर में प्रभारी मंत्री ने सुनी समस्याएं, बांटी राहत सामग्री

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



उत्तर प्रदेश की उच्च शिक्षा, राज्य मंत्री एवं जनपद की प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी ने कासिमपुर कटरी व कासिमपुर में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र को देखा व लोगों से जनसंवाद किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ पीड़ितों की समस्याएं सुनी और वहां पर मौजूद लोगों व बच्चों को फल, लंच पैकेट आदि सामग्री वितरित किया।

मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ी हैं, उनकी हर संभव मदद के लिये तत्पर हैं। उन्होंनें अस्थायी भवन में संचालित प्राथमिक विद्यालय बक्शीपुर्वा के बच्चों से सम्वाद किया। इस दौरान उन्होंनें कक्षा 1,2,3 के बच्चे कनक, अर्पिता, दिव्याशी से वार्ता की। छात्रा अर्पिता से उनके माता-पिता का नाम पूछा तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री कौन है? इसके बारें में जानकारी चाही तो अर्पिता नें हिचकिचाते हुए बताया कि योगी आदित्यनाथ उ0प्र0 के मुख्यमंत्री है। उन्होनें कक्षा-4,5 की छात्रा नुसरत, प्रियंशी व छात्र अनिरूद्ध कुमार से पठन-पाठन तथा कविता सुनी। उन्होनें कहा कि बच्चों को सामान्य ज्ञान के साथ ही जनपद के सांसद, विधायक, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक आदि की जानकारी भी दी जाए। मंत्री ने राहत शिविर में जाकर बाढ़ पीड़ितों को लंच पैकेट व फल वितरित कराए। उन्होनें कहा कि अधिकारी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरन्तर भ्रमण करते रहें। बाढ़ के प्रभाव से किसी भी परिवार का जीवनयापन अव्यवस्था न होने पाए। मुख्यमंत्री की मंशा अनुरूप बाढ़ पीड़ितों को उचित लाभ मिलना चाहिए। आवश्यकतानुसार समय-समय पर पीड़ितों को राहत किट उपलब्ध करायी जाए। सरकार की मंशा अनुरूप पीड़ित परिवारों की सहायता होनी चाहिए। प्रदेश सरकार ने आपदा से निपटने के लिए तत्काल और प्रभावी कदम उठाएं हैं। जलजनीत बीमारियों का मौसम चल रहा है, यह सतर्कता बरतने का मौसम है, ताकि कोई भी व्यक्ति बीमार न होने पाए। चिकित्सा टीमें पूरी सतर्कता के साथ कार्य करें, जलजनित रोगों की रोकथाम हेतु समुचित प्रयास किये जा रहें है। कहा कि पशुओं के लिये चारे, तथा ठहरने एवं पशु चिकित्सा की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग स्वास्थ्य कैंप के साथ ही बेहतर चिकित्सीय सुविधा प्रदान करें। राहत शिविरों में ठहरने की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदोरिया, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर सुश्री वैशाली, सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। हैदरगढ़। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के तिवारी का पुरवा निवासी राम अवध पाल की पुत्री रेनू पाल ने ससुरालियों पर दहेज के लिए उत्पीड़न करने व मासूम बच्ची के साथ घर से भगा देने का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया हैं। रेनू पाल ने बताया कि उसका विवाह 9 फरवरी 2021 को हिंदू रीति रिवाज के अनुसार लखनऊ जनपद के थाना मोहनलालगंज अंतर्गत बैरीसालपुर निवासी अनूप पाल पुत्र प्रकाश पाल के साथ संपन्न हुआ था। यथा संभव दान दहेज दिया गया था फिर भी कम दहेज के लिए उसे ससुराली जनों द्वारा प्रताड़ित किया जाता रहा और दहेज में 2,00,000 व मोटरसाइकिल की मांग की जाती रही। पीड़िता ने बताया कि पति के साथ दांपत्य सम्बन्धों के चलते वह गर्भवती हो गई। इसी वर्ष 4 फरवरी को पुत्री अंशिका का जन्म हुआ परंतु ससुराल वालों के व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं आया और दहेज में रुपये व मोटरसाइकिल को लेकर दबाव बनाते रहे।

# लगातार बढ़ते गंगा के जलस्तर से 22 गाँवो में जल प्लावन



जन एक्सप्रेस। कन्नौज

नरौरा बांध से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण कन्नौज में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 11 सेंटीमीटर ऊपर निकल गया। जिस कारण कटरी क्षेत्र के 22 गावों में बाढ़ का पानी घुस गया। गांव की गलियों में पानी भर जाने से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। रोजमर्रा के काम भी प्रभावित हो रहे हैं। बढ़ गई कि चपेट में आये कासिमपुर, बख्शीपुरवा, सदिकापुर, दनियापुर, अलियापुर, बछुइयां, मटकौरा, जुकैया, अडंगापुर, कटरी गंगपुर, अमरापुर, रिक्खापुरवा, टुइयाँपुर गांव की हजारों बीघा फसलें पानी में डूब गईं। नरौरा बांध से पिछले 22 घण्टों में करीब 3 लाख 68 हजार 828 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जिस कारण हर 4 या 5 घण्टे में गंगा का जलस्तर 1 सेंटीमीटर बढ़ रहा है। जिससे कटरी क्षेत्र के गावों के हालात और बदतर होने का अनुमान है।

### पानी की टंकी गिरने का डर

कन्नौज शहर से सटे सदिकापुर गांव में करीब एक वर्ष पहले ही जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था। अब पूरे परिसर में बाढ़ का पानी भरा हुआ है। जिससे उसकी नींव को नुकसान पहुंचने का



अनुमान है। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि यदि पानी की टंकी धराशयी हो गई तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

### मकानों की दीवारों में आने लगीं दरार

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 4 या 5 दिनों से गांव में बाढ़ का पानी भर गया है। जिससे कुछ पुराने मकानों की दीवारों में दरार पड़ने लग गई। अगर जल्द पानी कम न हुआ तो मकानों के ढहने का भी डर है। प्रशासन को ग्रामीणों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। सदिकापुर और अडंगापुर के ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में बाढ़ की वजह से विकट समस्या है, लेकिन कोई भी अधिकारी अब तक गांव में झांकने नहीं आया। गरीब परिवारों के सामने पेट पालने की समस्या खड़ी हो गई। इसके बावजूद कोई राहत सामग्री वितरित नहीं की गई और न ही किसी प्रकार की कोई सहायता प्रशासन से मिली।

# तीन जवान बलिदान, सियाचिन बेस कैंप पर भीषण हिमस्खलन

■ रक्षा सूत्रों के मुताबिक हादसा अचानक हुआ और बचाव दल तुरंत राहत कार्य में जुट गया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। लद्दाख



लद्दाख के सियाचिन ग्लेशियर स्थित बेस कैंप पर मंगलवार को एक भीषण हिमस्खलन की चपेट में आने से सेना के तीन जवान बलिदान हो गए। रक्षा सूत्रों के मुताबिक हादसा अचानक हुआ और बचाव दल तुरंत राहत कार्य में जुट गया। सेना ने अन्य जवानों को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया है। एक अधिकारी ने बताया कि फिलहाल जवानों के शव की तलाश की जा रही है। फिलहाल इलाके में भारी बर्फबारी के चलते हिमस्खलन का खतरा बढ़ गया है। सियाचिन ग्लेशियर पूरी दुनिया का सबसे ऊंचा युद्ध क्षेत्र है। जहां पर तापमान शून्य से 60 डिग्री सेल्सियस नीचे चला जाता है। जिसकी वजह से वहां रहने वाले सैनिकों को फ्रॉस्टबाइट यानी की ज्यादा ठंड की वजह से शरीर के सुन्न हो जाने की परेशानी हो जाती है। माइनस शून्य से भी कम तापमान में तैनात सैनिकों को कई प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सांस में तकलीफ के साथ ही दिमागी सूनापन की भी दिक्कतें आती हैं। कोल्ड इंज्युरी तो सामान्य है।

### 1984 से लगातार डटे हुए हैं सैनिक

सियाचिन ग्लेशियर भारत-पाक नियंत्रण रेखा के पास लगभग 78 किमी में फैला है। इसके एक तरफ पाकिस्तान तो दूसरी तरफ चीन की सीमा अक्साई चीन है। सामरिक दृष्टि से इस ग्लेशियर का काफी महत्व है। 1984 से पहले इस जगह पर न तो भारत और न ही पाकिस्तान की सेना की उपस्थिति थी। 1972 के शिमला समझौते में सियाचिन इलाके को बेजान और बंजर करार दिया गया था, लेकिन इस समझौते में दोनों देशों के बीच सीमा का निर्धारण नहीं हुआ था। वर्ष 1984 में खुफिया जानकारी मिली कि पाकिस्तान सियाचिन ग्लेशियर पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। इसके बाद 13 अप्रैल 1984 को भारत ने अपनी सेना तैनात कर दी। यहां पर कब्जे के लिए सेना ने ऑपरेशन मेघदूत चलाया था।

### क्यों है सियाचिन इतना खास?

सियाचिन ग्लेशियर का क्षेत्र पाक अधिकृत कश्मीर, अक्साई चिन और शक्सगाम घाटी से सटा हुआ है, जिसे पाकिस्तान ने 1963 में चीन को सौंप दिया था। यह भारत के लिए रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण इलाका है क्योंकि इससे दुश्मन की हरकतों पर नजर रखी जा सकती है। इसके साथ ही यह स्थान लेह से गिलगित आने-जाने वाले रास्तों को भी नियंत्रित करता है, जिससे इसकी सैन्य और रणनीतिक अहमियत और बढ़ जाती है।

# हाउस टैक्स वृद्धि के खिलाफ जनता का फूटा आक्रोश, निकाला विरोध मार्च

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद




डीएम सर्किल रेट के हिसाब से हाउस टैक्स वसूली के नगर निगम के फैसले के खिलाफ कविनगर के लोगों के बिगुल फूंक दिया। कविनगर वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले सैंकडों की संख्या में लोगों ने बढे हुए हाउस टैक्स के विरोध में मार्च निकाला। कविनगर के रेजिडेंट्स रामलीला मैदान में इकठ्ठे हुए। हाथों में हाउस टैक्स कम करने की मांग को लेकर लिखी तख्तियां और बैनर लेकर रामलीला मैदान से नगर निगम के कविनगर जोनल कार्यालय तक मार्च किया। जोनल कार्यालय पहुंचने पर रेजिडेंट्स ने जोनल अधिकारी को ज्ञापन दिया, जिसमें बढे हाउस टैक्स के बिल भेजे जाने पर ऐतराज जताया और हाउस टैक्स के नए प्रस्ताव को निरस्त करने की मांग की। पूर्व पार्षद और भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष विजय मोहन ने कहा कि बढे हुए हाउस टैक्स को लेकर महानगर में कविनगर के रेजिडेंट्स ने विरोध के स्वर तेज कर दिए है। यह विरोध अब थमने वाला नहीं है। अपनी निजी व्यस्तता के बाद भी करीब पांच सौ लोगों ने मार्च में भाग लिया। यह दर्शाता है कि नगर निगम के मनमाने फैसले को लोग मानने के लिए तैयार नहीं है। विजय मोहन ने कहा कि संपत्ति कर में 300 से 400 प्रतिशत की बढोत्तरी से जनता नाराज है। नगर निगम को तत्काल अपना यह फैसला वापस लेना चाहिए। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि नगर निगम द्वारा बढ़ाए गए हाउस टैक्स के फैसले के विरोध में जनांदोलन किया जाएगा। इसकी शुरुआत हो चुकी है। मंगलवार को कवि नगर रामलीला ग्राउंड से काली पट्टी बांधकर नगर निगम जोनल कार्यालय तक विरोध मार्च निकाला गया।

### पार्षदों के गुट का लखनऊ में भाजपा नेताओं से भेंट

भाजपा और विपक्ष के पार्षद भी नगर निगम गाजियाबाद प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ मनमाने रवैए को लेकर नगर विकास मंत्री सहित अन्य भाजपा नेताओं भेंट करके अपनी बात रखी है। जिसका डर पार्षद जता रहे थे वहीं हुआ । जनपद क्षेत्र की जनता अब बढ़े टैक्स के खिलाफ आंदोलित हो गई है। पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले चल रहे आंदोलन में भी यही बात रखी जा रही थी । अब कविनगर क्षेत्र की जनता ने आग़ाज़ कर दिया है ।जिसके दूरगामी परिणाम आने वाले समय में देखा जा सकता है।

## मालेगांव ब्लास्ट: साध्वी प्रज्ञा समेत सात को बरी करने वाले फैसले को चुनौती, हाईकोर्ट पहुंचे पीड़ित परिवार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

मालेगांव ब्लास्ट मामले में मृतकों के छह परिजनों ने बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इन परिवारों ने विशेष एनआईए अदालत के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित समेत सात आरोपियों को बरी कर दिया गया था। यह अपील निसार अहमद सैयद बिलाल और अन्य ने अपने वकील मतीन शेख के जरिए दाखिल की। 29 सितंबर 2008 को मालेगांव की एक मस्जिद के पास खड़ी मोटरसाइकिल पर बंधा विस्फोटक फट गया था। यह घटना नासिक जिले के साम्प्रदायिक रूप से संवेदनशील इलाके में हुई थी। धमाके में छह लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 101 लोग घायल हुए थे। इस घटना के बाद देशभर में राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर हलचल मच गई थी।

### पीड़ित परिवार की दलील

याचिकाकर्ताओं का कहना है कि 31 जुलाई को एनआईए कोर्ट द्वारा दिया गया बरी करने का आदेश गलत और कानून के खिलाफ है। इसलिए इसे खारिज किया जाना चाहिए। पीड़ित परिवारों ने दलील दी है कि अदालत ने सबूतों को नजरअंदाज किया और दोषियों को संदेह का लाभ देकर बरी कर दिया।

### फैसला सुनाते वक्त क्या बोली थी अदालत?

एनआईए कोर्ट के विशेष जज ए. के. लाहोटी ने अपने फैसले में कहा था कि संदेह को सबूत का स्थान नहीं दिया जा सकता। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष ऐसे ठोस और भरोसेमंद सबूत पेश करने में नाकाम रहा, जिससे आरोपियों की दोषसिद्धि सुनिश्चित हो सके। इसलिए आरोपियों को संदेह का लाभ दिया गया।

### अभियोजन की दलील और जांच पर सवाल

अभियोजन का आरोप था कि धमाके को दक्षिणपंथी उग्रवादियों ने अंजाम दिया था, जिनका उद्देश्य मालेगांव जैसे संवेदनशील शहर में मुस्लिम समुदाय को आतंकित करना था। लेकिन अदालत ने अभियोजन की जांच और केस में कई खामियों की ओर इशारा किया। अदालत ने कहा कि प्रस्तुत सबूत इतने मजबूत नहीं थे कि दोष सिद्ध किया जा सके।

### कौन-कौन हुआ बरी?

प्रज्ञा ठाकुर और प्रसाद पुरोहित के अलावा मेजर रमेश उपाध्याय (सेवानिवृत्त), अजय रहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी और समीर कुलकर्णी को भी बरी कर दिया गया। अब पीड़ित परिवार हाईकोर्ट से उम्मीद कर रहे है।

# मानव अंतरिक्ष उड़ान के लिए देश तैयार

## इसरो प्रमुख बोले, 2035 तक भारत के पास होगा अपना स्पेस स्टेशन



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख वी. नारायणन ने कहा है कि भारत 2027 तक अपनी पहली मानव अंतरिक्ष उड़ान के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने बताया कि गगनयान परियोजना के तहत 7,700 ग्राउंड टेस्ट पूरे हो चुके हैं और 2,300 और परीक्षण किए जाने बाकी हैं। इसके बाद ही अंतरिक्ष में मानव मिशन को अंजाम दिया जाएगा। नारायणन ने बताया कि गगनयान परियोजना के तहत तीन बिना चालक दल वाले मिशन होंगे। इनमें से पहला मिशन इसी साल दिसंबर में प्रस्तावित है। इसके बाद दो और मानव रहित मिशन पूरे किए जाएंगे। यह सभी उड़ानें भारत के मानव अंतरिक्ष मिशन को सफल बनाने के लिए अहम कदम साबित होंगी। इसरो को गगनयान परियोजना के तहत दो मानवयुक्त मिशनों की मंजूरी मिल चुकी है। इसका मतलब है कि भारत अब उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल होने जा रहा है, जिन्होंने अपने नागरिकों को अंतरिक्ष में भेजा है। इसरो प्रमुख ने कहा कि इन मिशनों से भारत की वैज्ञानिक और तकनीकी क्षमता दुनिया के सामने और मजबूत होकर उभरेगी।

### पीएम ने तय किए बड़े लक्ष्य

आगे उन्होंने ये भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसरो को 2035 तक भारत का अपना स्पेस स्टेशन स्थापित करने और 2040 तक एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को चांद पर भेजने का लक्ष्य दिया है। इन लक्ष्यों ने भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं को एक नई ऊंचाई दी है। मोदी ने कहा है कि भारत को आने वाले समय में अंतरिक्ष विज्ञान में अग्रणी देशों की पंक्ति में खड़ा होना होगा।

### ऑपरेशन सिंदूर में इसरो का योगदान

इसरो प्रमुख ने बताया कि हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 400 से ज्यादा वैज्ञानिकों ने चौबीसों घंटे काम किया। मिशन में पृथ्वी अवलोकन और संचार उपग्रहों का उपयोग किया गया। इस दौरान सभी उपग्रह पूरी तरह सक्रिय रहे और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी जरूरतें पूरी की गईं। यह इस बात का सबूत है कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी अब रक्षा के क्षेत्र में भी अहम भूमिका निभा रही है।

### रक्षा क्षेत्र में अंतरिक्ष तकनीक का महत्व

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बड़े पैमाने पर ड्रोन और लाइटरिंग म्यूनिशन का इस्तेमाल हुआ। इस मिशन में भारत के स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम आकाश तीर की क्षमताओं का भी परीक्षण किया गया। इससे यह साबित हुआ कि भविष्य के सशस्त्र संघर्षों में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और उपग्रह डेटा की भूमिका बेहद अहम होगी।

## दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर कार में भीषण आग हादसे में बाल-बाल बचे लोग



जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर सोमवार देर रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। आईपीईएम कॉलेज के सामने एक चार पहिया कार में अचानक आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। इस घटना ने एक्सप्रेसवे पर अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि कार में सवार सभी लोग समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचाने में सफल रहे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रात करीब 8 बजे के आसपास कार से धुआं उठता दिखाई दिया। कुछ ही पलों में धुआं तेज लपटों में बदल गया, और कार पूरी तरह आग की चपेट में आ गई। मौके पर मौजूद लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन लपटों की तीव्रता के कारण उनके प्रयास नाकाम रहे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी माना जा रहा है, हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। कार में सवार लोगों ने बताया कि उन्होंने धुआं देखते ही तुरंत गाड़ी रोककर बाहर निकलने का फैसला किया, जिससे उनकी जान बच गई।

## चीन बॉर्डर से दिल्ली के बाजार में पहुंचा 800 करोड़ का सोना

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय जांच एवं सुरक्षा एजेंसियों ने चीन के बॉर्डर से देश में आने वाले विदेशी सोने की जांच को लेकर कई खुलासे किए हैं। ये एक ऐसा मामला है, जिसमें केंद्रीय अर्धसैनिक बल आईटीबीपी सहित कई एजेंसियां शामिल हैं। इस केस को उजागर करने का श्रेय आईटीबीपी को जाता है। आरोपी तेंदु ताशी ने वर्ष 2023 और 2024 के दौरान अपने सोने की तस्करी सिंडिकेट के अन्य सदस्यों की मदद से चीन सीमा से भारत में 800 करोड़ रुपये मूल्य के 1064 किलोग्राम सोने की सफलतापूर्वक तस्करी की। खास बात है कि ये सोना, दिल्ली के बाजार में बेचा गया। चीन बॉर्डर से तस्करी के जरिए सोना, दिल्ली तक लाया जाता था। इस मामले में आईटीबीपी के बाद डीआरआई शामिल हो गई। डीआरआई ने कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। विदेशी मूल के सोने की खरीद के लिए भुगतान, क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से चीनी पक्ष के भु-चुम-चुम को किया जाता था।

## कैबिनेट में सीएम नीतीश ने 25 प्रस्तावों पर लगाई मुहर



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट बैठक संपन्न हो गई। सीएम नीतीश ने 25 प्रस्तावों पर मुहर लगा दी। सरकार ने जहां आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं का मानदेय बढ़ाया, वहीं थानों में सीसीटीवी लगाने और नए संस्थानों के निर्माण पर भी हरी झंडी दे दी। इसके अलावा मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना के तहत 50 करोड़ की राशि की स्वीकृति दे दी। 8053 पंचायत में चरणबद्ध तरीके से विवाह मंडप का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट के तहत 100 करोड़ स्वीकृत किए गए। वहीं मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना को भी कैबिनेट ने किया मंजूर।

### सीएम नीतीश ने किन बड़े फैसलों पर लगाई मुहर...


- पटना में 46.65 एकड़ जमीन अधिग्रहण पर 124 करोड़ से अधिक खर्च की मंजूरी।
- बिहार इंस्टीट्यूट ऑफ ग्रेन स्टोरेज मैनेजमेंट एंड ट्रेनिंग की स्थापना होगी।
- ग्रामीण थोक विपणन समिति (थोक बाजार) का मुख्यालय पटना में बनेगा।
- भागलपुर में सीमेंट प्लांट लगाने को 651 करोड़ की स्वीकृति।
- नगर निकायों के बिजली बिल भुगतान के लिए 400 करोड़ रुपये दिए जाएंगे।
- मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के लिए 100 करोड़ रुपये स्वीकृत।
- मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना को मिली मंजूरी।
- सामूहिक विवाह योजना के लिए 50 करोड़ रुपये की स्वीकृति।
- सरकारी कर्मचारियों की यात्रा भत्ता दरों में संशोधन।
- स्वास्थ्य विभाग में फार्मासिस्ट संवर्ग सेवा नियमावली 2025 लागू।
- उद्योग विभाग में बुनकर संवर्ग सेवा नियमावली को मंजूरी।
- राज्य के 176 थानों में सीसीटीवी कैमरे लगेंगे, इसके लिए 2806 करोड़ खर्च होंगे।
- आंगनबाड़ी सेविकाओं का मानदेय बढ़ाकर 9,000 रुपये व सहायिकाओं का 4,500 रुपये मासिक किया गया।

### इन शहरों में शवदाह गृह

कैबिनेट ने बिहार के छह शहरों में एलपीजी आधरित शवदाह गृह बनाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दे दी। इसके तहत छह शहरों पटना, गया जी, छपरा, सहरसा, भागलपुर और बेगूसराय में एलपीजी आधारित शवदाह गृह स्थापना एवं संचालन किया जाएगा। इन शवदाह गृहों का संचालन ईशा फाऊंडेशन (कोयंबटूर) लीज पर करेगा।

## नॉर्वे में कड़े मुकाबले में जीती लेबर पार्टी, चार साल और सरकार का नेतृत्व करेंगे पीएम जोनास स्टोरे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। ओस्लो



नॉर्वे के आम चुनाव के नतीजे आ चुके हैं और सत्ताधारी लेबर पार्टी ने एक बार फिर जीत हासिल की है। हालांकि लेबर पार्टी को बेहद कड़े मुकाबले में जीत हासिल हुई। नॉर्वे के प्रधानमंत्री और लेबर पार्टी के नेता जोनास गार स्टोरे ने जीत का एलान किया। लेबर पार्टी ने टैक्स और जनकल्याणकारी नीतियों का डर दिखाकर मतदाताओं को अपने पक्ष में किया, जिसका उसे फायदा हुआ।

### नॉर्वे के आम चुनाव में बेहद कड़ा रहा मुकाबला

नॉर्वे में भी दक्षिणपंथी राजनीति का उभार हो रहा है और आम चुनाव के दौरान मतदाताओं के रुझान ने भी बता दिया कि नॉर्वे में भी आने वाले समय में दक्षिणपंथी पार्टियां सत्ता पर काबिज हो सकती हैं। नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोरे अगले चार साल और देश का नेतृत्व करेंगे। लेबर पार्टी की जीत का अंतर महज 2.5 प्रतिशत रहा। लेबर पार्टी को 28 प्रतिशत वोट मिले और सेंटर लेफ्ट पार्टी ने लेबर पार्टी को समर्थन दिया है। 169 सदस्यीय नॉर्वे की संसद में लेबर पार्टी के नेतृत्व वाले गठबंधन को कुल 88 सीटों पर जीत मिली है।

### अप्रवासन विरोधी पार्टी की लोकप्रियता में आया उछाल

अप्रवासन विरोधी एंटी इमीग्रेशन प्रोग्रेस पार्टी को रिकॉर्ड 24 प्रतिशत मत मिले हैं। कंजर्वेटिव पार्टी को सिर्फ 15 प्रतिशत मत मिले हैं और यह पार्टी का बीते दो दशकों में सबसे खराब प्रदर्शन है। नॉर्वे के आम चुनाव में अप्रवासन, टैक्स और जनकल्याणकारी नीतियां प्रमुख मुद्दे रहे। हालांकि रूस-यूक्रेन युद्ध और अमेरिका की टैरिफ नीतियों के बीच मौजूदा सरकार के ही सत्ता में बने रहना नॉर्वे में हित में जा सकता है।

# जिला एमएमजी अस्पताल में शुरू हुई प्राइवेट रूम की सुविधा

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद




जनपद के जिला एमएमजी अस्पताल में मरीजों के लिए एक नई सुविधा की शुरुआत हो गई है। अब यहां प्राइवेट रूम उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिसमें प्राइवेट अस्पतालों की तर्ज पर सभी आवश्यक सुविधाओं से लैस होंगे। इस पहल से आम जनता को किफायती दरों पर बेहतर इलाज की सुविधा मिलेगी और उन्हें महंगे प्राइवेट अस्पतालों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। जिला एमएमजी अस्पताल के मुख्य चिकित्सक डॉ. राकेश कुमार सिंह ने बताया कि अस्पताल में कुल 6 प्राइवेट रूम बनाए गए हैं। इन कमरों में एयर कंडीशनिंग, बेडसाइड मॉनिटरिंग, ऑक्सीजन सप्लाई, टीवी, वाई-फाई जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अलावा, मरीजों के लिए खाने-पीने की व्यवस्था भी की जाएगी। प्रत्येक प्राइवेट रूम का शुल्क मात्र 500 रुपये प्रतिदिन निर्धारित किया गया है, जो सरकारी अस्पताल की सुविधाओं के अनुरूप ही है डॉ. सिंह ने कहा, अब तक कई मरीज असुविधा के कारण प्राइवेट अस्पतालों का रुख करते थे, जहां खर्च बहुत अधिक होता है। लेकिन अब जिला अस्पताल में ही प्राइवेट रूम की सुविधा उपलब्ध होने से मरीजों को राहत मिलेगी। यह सुविधा विशेष रूप से उन परिवारों के लिए उपयोगी होगी जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। हमारा उद्देश्य है कि सभी को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा सुलभ हो। एमएमजी जिला अस्पताल में ओपीडी, आईपीडी, आईसीयू और विभिन्न विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध हैं। इस नई सुविधा की शुरुआत से अस्पताल की क्षमता में वृद्धि होगी, और मरीजों को गोपनीयता तथा आराम की कमी महसूस नहीं होगी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, ये रूम पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर बुक किए जा सकेंगे।

# पंजाब में बाढ़ से 51 मौतें: अब घट रहा पानी, लेकिन बढ़ने लगा खतरा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चंडीगढ़

पंजाब में बीते कई दिनों से बाढ़ से त्रासदी से गुजर रहा है। प्रदेश में बाढ़ के कारण मौतों की संख्या बढ़कर 51 हो गई है। इसी तरह 15 जिलों में 3.87 लाख लोग व 1.84 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फसल बाढ़ के कारण प्रभावित हुई है। राहत एवं बचाव कार्यों के लिए सेना ने लगभग 30 हेलिकॉप्टर लगाए हैं जबकि बीएसएफ, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें जमीनी स्तर पर सहायता प्रदान कर रही हैं। बीते दो से तीन दिन में बारिश न होने की वजह से पानी का स्तर कम हो रहा है। हालांकि अभी भी लोगों के लिए मुश्किलें और आने वाले समय में चुनौतियां कम नहीं हैं। क्योंकि पानी सूखने के बाद महामारी फैलने का खतरा बना हुआ है। पंजाब सरकार की तरफ से बाढ़ के कारण को लेकर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। पानी कम होने के साथ ही सर्वे में नुकसान भी बढ़ता जा रहा है। राज्य ने केंद्र सरकार को पूरे नुकसान की फाइनल रिपोर्ट सबमिट करनी है। पंजाब में बाढ़ ग्रस्त कई गांवों में पानी का स्तर कम हो रहा है, लेकिन खतरा टला नहीं है। इन गांवों में बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। वहीं, अब भी बहुत से गांव पूरी तरह से पानी में डूबे हैं। ऐसे में उन गांव में रह रहे लोगों के बीच कई तरह के संक्रमण फैलने की आशंका है। लोगों में चमड़ी संबंधी कई तरह के रोग भी पनप रहे हैं जिसके चलते जिला प्रशासन की ओर से भी लगातार उन इलाकों में मेडिकल कैंप लगाकर लोगों की जांच की जा रही है। डॉक्टरों की टीमों को बाढ़ ग्रस्त गांवों में नाव, ट्रैक्टर-ट्रॉली आदि के जरिये ले जाया रहा है ताकि लोगों का इलाज हो सके और किसी भी तरह की बड़ी बीमारी के खतरे को टाला जा सके।

### सैकड़ों मवेशी मर चुके

विशेषज्ञों के मुताबिक जिन इलाकों में पानी भरा हुआ है अगर वह जल्द ही नहीं निकलता तो वहां मच्छर व मक्खी आदि पनपने शुरू हो जाएंगे। उन क्षेत्रों में डेंगू, मलेरिया, हैजा आदि फैलने का खतरा बढ़ सकता है। इसके अलावा पानी में बह जाने के कारण सैकड़ों मवेशी भी मर चुके हैं। उनके शवों से भी बीमारियां फैलने का खतरा है।

## जिला शुल्क नियमाक समिति की बैठक आहुत

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में जिला शुल्क नियमाक समिति की बैठक आहुत हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने अभिभावकों का पक्ष बहुत धैर्यपूर्ण सुना एवं उच्च न्यायालय के आदेशों व अन्य दस्तावेजों का अवलोकन किया। साथ ही जयपुरिया स्कूल ने भी अपना पक्ष समिति के समक्ष रखा। बैठक में अभिभावकों को अपना प्रत्यावेदन प्रदान करने हेतु कहा गया, तदोपरांत विद्यालय को प्रदान करने के निर्देश दिये गये। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी पक्षों को अपना-अपना मत लिखित में निर्धारित समय में जमा करने हेतु निर्देशित किया। बैठक बहुत सौहार्दपूर्ण सम्पन्न हुई। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय, लोक निर्माण विभाग अधिशासी अभियंता राम राजा, डीजीडीएम सेट आनन्द राम जयपुरीया प्रदीप , सुरेन्द्र साहनी सीए, डा0नमीता बीएसए कार्यालय, विकास वघेल एएओ, अभिषेक शर्मा, मनीष राघव, अरूण कुमार एवं अन्य अभिभावक उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी,
(प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)